सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-274 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 14 मार्च 2024
03 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# एमएसएमई रोजगार देने वाला सेक्टर : योगी

## सीएम योगी ने किया एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण का वितरण

**परिणाम**

- हमने चीनी उत्पादों को मार्केट से दूर किया
- एमएसएमई में रोजगार की है अपार संभावना
- आज यूपी में निवेश का बेहतर माहौल



### मार्केट की संपूर्ण मैपिंग कराए विभाग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एमएसएमई विभाग को मार्केट की संपूर्ण मैपिंग कराते हुए डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देना होगा। इसके साथ ही प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर भी खास ध्यान देना होगा। अगर हमने ये काम कर लिया तो प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को पूरे देश में छाने में बहुत देर नहीं लगेगी। उन्होने एमएसएमई उद्यमियों से भी अपील की कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के साथ तेजी से जुड़ें, जिससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों की ट्रेनिंग की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

**लखनऊ।** चीन के उत्पादों को हमने अपने मार्केट से बहुत दूर कर दिया है। यही हमारे एमएसएमई यूनिट्स की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर हमारे घर का उत्पाद मार्केट में छा रहा है तो हमें भी उसे प्रोत्साहित करना होगा, प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा। ये कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद मार्केट में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद मार्केट से दूर होता जा रहा है। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर यूपी के उत्पाद ही मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को सीएम योगी ने चेक वितरित किया। वहीं उन्होंने औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। सीएम योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट वितरित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन के पहले एमएसएमई विभाग की ओर से लोन वितरण के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। सीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष वितरित की गई राशि गत वर्ष की तुलना में दोगुना और बीते सात साल की अपेक्षा 10 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति यूपी के आर्थिक उन्नयन को तो प्रदर्शित करता ही है साथ ही युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहा है। सीएम योगी ने बताया कि प्लेज पार्क से प्रदेश के 10 जनपद जुड़ चुके हैं।

# समय पर चुनावी बॉन्ड के विवरणों का होगा खुलासा

**निर्देश**

- ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, फर्जी खबरों पर रहेगी नजर : राजीव कुमार



**जम्मू।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग चुनावी बॉन्ड पर सभी विवरणों का समय पर खुलासा करेगा। आयोग को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से चुनावी बॉन्ड से संबंधित विवरण प्राप्त हो गया है और वह समय पर सभी प्रासंगिक जानकारी साझा करेगा। सीईसी ने कहा कि आयोग 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। बुधवार को जम्मू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह बातें कहीं। चुनाव बॉन्ड पर उनका यह बयान सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का विवरण चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश देने के मद्देनजर आया है।

एसबीआई चुनावी बॉन्ड जारी करने के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान है। राजीव कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, एसबीआई को 12 मार्च तक डेटा जमा करना था। उन्होंने हमें समय पर विवरण दे दिया है। मैं वापस जाऊंगा और डेटा को देखूंगा (और) निश्चित रूप से समय पर इसका खुलासा करूंगा।





03 रमजान 14.03.2024

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:53 | 06:16 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:47 | 06:26 |

उमरा, ज़ियारत
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स
लखनऊ
मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी
मो. 9897328277
7905439594


# फर्जी शस्त्र लाइसेंस केस में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

**फैसला**

- लोकसभा चुनाव से पहले मुख्तार अंसारी को झटका



**वाराणसी।** माफिया मुख्तार अंसारी को 33 वर्ष 3 महीने 9 दिन पुराने गाजीपुर के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मामले में उस पर दो लाख दो हजार का जुर्माना लगा है।

माफिया मुख्तार की सजा को लेकर 54 पेज का फैसला आया है। फैसले के दौरान सफेद टोपी और सदरी पहने मुख्तार मुंह लटकाए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बांदा जेल से पेश हुआ। बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) का सरगना और माफिया मुख्तार को आठवीं बार सजा हुई है। आईपीसी 467/120 बी में उम्रकैद व एक लाख जुर्माना, 420/120 बी में 7 वर्ष सजा व 50 हजार जुर्माना, 468/120 बी में 7 वर्ष की सजा व 50 हजार जुर्माना, आर्म्स एक्ट में 6 माह सजा व दो हजार जुर्माना। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने बुधवार को मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई। इस दौरान मुख्तार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने साबित किया बहुमत

**चंडीगढ़।** हरियाणा में एक दिन पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया है। 12 मार्च को शपथ ग्रहण के बाद एक दिन का विधानसभा सत्र बुलाया गया था। करीब चार घंटे की चर्चा के बाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी मिल गई। प्रस्ताव के समर्थन में 48 वोट पड़े। इस दौरान जननायक जनता पार्टी के विधायक विधायक विधानसभा में मौजूद नहीं रहे। पार्टी की ओर से विधानसभा से गैरहाजिर रहने का व्हिप जारी किया गया था। विधानसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विश्वास मत रखा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया पीएम सूरज पोर्टल

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज हमारी सरकार सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मियों) को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट भी वितरित कर रही है। इन लोगों और उनके परिवारों को पांच लाख रुपये का मुफ्त स्वास्थ्य उपचार भी मिलेगा। आज दलित, पिछड़े और वंचित समाज के कल्याण की दिशा में देश एक और बड़े अवसर का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने संबोधन में कहा कि वंचितों के लिए कैसे काम होता है, वो इस आयोजन में दिखाई दे रहा है। आज वंचित वर्ग से जुड़े एक लाख लाभार्थियों के खातों में 720 करोड़ रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक अकाउंट में भेजी गई है। पहले की सरकारों में ऐसा कोई सोच भी नहीं सकता था कि इधर बटन दबाया और उधर पैसे गरीबों के बैंक खातों में पहुंच गए, लेकिन ये मोदी की सरकार है, गरीबों का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचता है।






**लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की दूसरी सूची जारी**

# गडकरी नागपुर, गोयल मुंबई नॉर्थ से लड़ेंगे चुनाव

**प्रत्याशी**

- बीड़ में बहन की जगह पंकजा को मौका
- मैसूर से पूर्व राजघराने के राजा को टिकट
- कांग्रेस-आप से भाजपा में आए तंवर को टिकट
- मैसूर राजघराने के यदुवीर भी लड़ेंगे चुनाव




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में 72 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। इसमें कई केंद्रीय मंत्रियों के भी नाम हैं। 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में नागपुर से नितिन गडकरी और हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया है।

एक दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने वाले मनोहर लाल करनाल से चुनाव लड़ेंगे। सूची में दिल्ली की दो लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार उतारे गए हैं। इसके अलावा दादर एवं नगर हवेली की एक, गुजरात की सात, हरियाणा की छह, हिमाचल प्रदेश की दो, कर्नाटक की 20, मध्य प्रदेश की पांच, महाराष्ट्र की 20, तेलंगाना की छह, त्रिपुरा की एक और उत्तराखंड की दो लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी उतारे गए हैं। सूची में 14 महिला उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी ने दो मार्च को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया था कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी और गृह मंत्री अमित शाह के गांधीनगर से चुनावी मैदान में उतरने का एलान किया गया। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में थे।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मुंबई नॉर्थ से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र के नागपुर से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कर्नाटक के पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई हावेरी से चुनाव लड़ेंगे। सांसद तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा नेता अनिल बलूनी उत्तराखंड के गढ़वाल से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

### दिल्ली के सात में से छह सांसदों के टिकट कटे

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत मिली थी। इस बार पार्टी ने यहां के छह सांसदों का टिकट काट दिया है। सिर्फ मनोज तिवारी ही दोबारा मैदान में होंगे। प्रत्याशियों की पहली सूची में पांच नाम थे। शेष दो सीटों पर बुधवार को उम्मीदवारों का एलान हो गया। पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर की जगह हर्ष मल्होत्रा का टिकट दिया गया है। गंभीर पहले ही चुनाव नहीं लड़ने का एलान कर चुके हैं। इसी तरह उत्तर पश्चिमी दिल्ली से हंसराज हंस की जगह योगेंद्र चंदोलिया को टिकट दिया गया है।

# अग्निकांड से घर गवाने वाले प्रभावित परिवारों से मिले डीएम-एसपी



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** निघासन तहसील की ग्राम पंचायत बथुआ के मंजरा महादेवआ में हुए अग्निकांड से अपना घर गवाने वाले प्रभावित परिवारों से बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ितों से बातचीत की और सांत्वना दी। साथ ही जल्द उन्हें सहायता राशि दिलवाने का आश्वासन किया। इस दौरान एसडीएम अश्वनी सिंह, तहसीलदार भीमसेन, बीडीओ जयेश कुमार सिंह मौजूद रहे।डीएम-एसपी ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। डीएम ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि उन्हें जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। डीएम ने राजस्व टीम को निर्देश दिया कि क्षति का आकलन शीघ्र पूर्ण करें ताकि पीड़ित परिवारों को अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराई जा सके। डीएम ने सभी पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि हर संभव सहायता प्राप्त कराने में कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान प्रभावित परिवारों से उनकी आपबीती सुनी और हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। डीएम ने कहा कि अग्निकांड में सब कुछ गवां चुके परिवारों को जिला प्रशासन पूरी मदद करेगा। एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय लेखपाल के जरिए प्रभावित परिवारों से जरूरी दस्तावेज लेकर सभी अनुमन्य सभी सहायता प्रदान की जाए। एसडीएम ने दोनो अफसरों को अबतक प्रदान की गई सहायता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड से 50 परिवार प्रभावित हुए हैं, जिसमे 26 आवासीय झोपड़ी एवं 26 पशुबाड़े सहित चार सहआवासीय झोपड़ी प्रभावित हुई है। बताते चलें कि सभी प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही साथ अग्नि पीड़ितों को निरन्तर भोजन एवं रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति हेतु सहयोग तहसील प्रशासन की ओर से किया जा रहा है।

## रमजान ,होली और लोकसभा के चुनाव के चलते पुलिस पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च



**मोहम्मदी खीरी।** रमजान ,होली और लोकसभा के चुनाव सामने हैं जिसके चलते पुलिस के लिए शांति व्यवस्था बनाए रखना एक चुनौती भरा कदम है समाज में शांति व्यवस्था कायम रहे इसको लेकर सोमवार की शाम को पुलिस क्षेत्राधिकार अरुण कुमार सिंह , प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर की अगुवाई में कमांडेंट के नेतृत्व मे पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया साथ ही नगर मोहम्मदी मे फ्लैग मार्च किया फ्लेग मार्च का उद्देश्य असामाजिक तत्वों को शांति प्रिय अवाम कानून के प्रति जिम्मेदारियों का अहसास कराना है इस फ्लेग मार्च में पुलिस अधिकारी और कमांडेंट शस्त्र से लैस एसएसबी बल के जवान शामिल थे फ्लैग मार्च मे सीओ अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर, कस्बा प्रभारी बाबूराम ने शांति बनाए रखने के लिए हर वर्ग से सहयोग की अपील की अधिकारियों ने शहर के लोगो से अपील किया कि वे किसी प्रकार कि अफवाह, भ्रामक खबरों से सावधान रहे। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वाले मैसेज को फॉरवर्ड करने से परहेज करे, प्रशासन और पुलिस विभाग सोशल मीडिया पर बारीकियों के साथ नजर रख रही है विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय हैं।

# प्रधानमंत्री ने किया पीएम सूरज पोर्टल का वर्चुअली शुभारंभ

## खीरी से बड़ी संख्या में वर्चुअल जुड़े लाभार्थी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम पीएम सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम- सूरज) पोर्टल का शुभारंभ कार्यक्रम, लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में जनपद खीरी के बड़ी संख्या में लाभार्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह,सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की सहायक अनुभाग अधिकारी अंकिता जाँगिड़, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडे संग कलेक्ट्रेट सभागार से वर्चुअल जुड़े। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पोर्टल शुभारंभ कार्यक्रम एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। पीएम नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुनकर पूरा सभागार तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पीएम ने देशभर के विभिन्न राज्यों के ऋण सहायता प्राप्त लाभार्थियों से संवाद भी किया, जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी हुई।

### डीएम ने लाभार्थियों को बाटे चेक, खिले चेहरे

आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ, एडीएम संग विभिन्न योजनाओं की हितग्राहियों से संवाद करते हुए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से 25 लाभार्थियों को ऋण वितरण के स्वीकृत पत्र प्रदान किए। उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सफाई कार्मिकों को मिली पीपीई किट, आयुष्मान कार्ड की सौगात

आयोजित भव्य कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ जिले के सभी नगर निकायों के कार्यरत 20 सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिक को पीपीई किट और आयुष्मान कार्ड प्रदान किए।

### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की सहायक अनुभाग अधिकारी अंकिता जाँगिड़, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडे, डीएसडब्ल्यूओ सुधांशु शेखर, डीएसडब्ल्यूओ (विकास) तेजस्वी मिश्रा, नगर परिषद ईओ संजय कुमार सहित सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र में बुधवार को गोला-लखीमपुर मार्ग पर पचपेड़वा मोड़ के पास रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल भिजवाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मरने वाले दोनों व्यक्ति शाहजहांपुर जिले के रहने वाले थे जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर के बंडा थाना क्षेत्र के सिसौरा निवासी संजीव कुमार 35 वर्ष पुत्र ब्रह्मदीन गांव के ही खेमकरन 38 वर्ष और उनकी पत्नी को लेकर गोला की तरफ जा रहा था। पचपेड़वा मोड़ के पास रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में संजीव कुमार और खेमकरन की मौके पर ही मौत हो गई।

## 01 अदद अवैध तमन्चा व 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव पुलिस द्वारा 01 अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करके अभियुक्त अकील पुत्र कल्लू निवासी ग्राम नीमगांव थाना नीमगांव जनपद खीरी को ग्राम नीमगांव से गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध में मु0अ0सं0 74/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करके अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## कस्बे में शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा

**महराजगंज रायबरेली।** कस्बे में शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तों की संख्या बढ़ती ही देखी जा रही। कार्यक्रम में कथा व्यास पंडित कृष्ण दास ज़ी महराज द्वारा परीक्षित ज़ी कों मिले श्राप, सुखदेव ज़ी महराज द्वारा परीक्षित ज़ी कों भागवत कथा सुनाए जाने प्रसंग तथा मनु वंशावली से श्रद्दालुओ कों परिचित कराया। प्रसंग के दौरान कृष्ण दास ज़ी महराज ने कहा की भक्तों कों गुरु भी धैर्यपूर्वक चुनना चाहिए क्यूंकि सही गुरु ही भवसागर पार करने में सहायक होता हैं। श्री महराज ने श्रीमदभागवत कथा का सार बताते हुए कहा की कथा दुकान में बिकने वाली वस्तु नहीं अपितु आत्मा कों परमात्मा से जोड़ने का मार्ग हैं। वहीं घरो कों दरिद्रता से दूर रखने के लिए आंगन में तुलसी का पौधा, घर की चौखट पर दीपक जलाने तथा शाम कों भगवान भजन करने का उपाय बताया। इस दौरान विजय प्रकाश वैश्य द्वारा कथा व्यास पंडित कृष्णदास ज़ी महराज कों अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद लिया गया। वहीं कथा के अंत में भक्तों कों प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान सत्यनारायण मोदनवाल, संतोष कुमारी, शिवप्रकाश, चंद्रप्रकाश, चेयरमैन सरला साहू, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, सभासद ऊषा त्रिपाठी, सुधा अवस्थी, मुकेश मोदनवाल, रिंकू जायसवाल, प्रिंकल सिंह, जगदेव शुक्ला, नगर पंचायत लिपिक रामचन्द्र, जमुना प्रसाद, भारत लाल, कमलेश सभासद, श्यामलाल वैश्य, रामजी, संतोष वर्मा सहित सैकड़ों भक्तों द्वारा कथा का श्रवण किया गया गया। कार्यक्रम स्थल पर पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी गयी।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**सहारनपुर।** क्षेत्र के ग्राम खुड़ाना रेलवे अंडर पास के निकट बने रेलवे ट्रेक को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर युवक कि दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक थाना बड़गाव क्षेत्र के ग्राम खुतुबमाजरा निवासी युवक जोनी पुत्र सुरेन्द्र नानौता क्षेत्र के ग्राम खुड़ाना में अपनी बहन से मिलने आया हुआ था। अपनी बहन से मिलकर जोनी अपने गाँव खुतुब माजरा लौट रहा था जैसे ही जोनी खुड़ाना गाँव पर बने अंडर पास के रेलवे ट्रेक पर पहुंचा तो सामने से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही जोनी की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर जोनी के मरने की खबर सुनकर जोनी के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि जोनी अपनी बहन से मिलने के लिए खुड़ाना गाँव आता रहता था और रेलवे ट्रेक के रास्ते ही अपने गाँव लौट जाता था।

## गोन्डा रेलवे स्टेशन को हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है



*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** मनकापुर रेलवे स्टेशन के लिए रेलवे बोर्ड ने बहुत ही सहयोग किया है। जनपद गोन्डा में सबसे ज्यादा अंडरपास स्वीकृत हुआ है। गोन्डा रेलवे स्टेशन को हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसमें रेलवे बोर्ड तथा रेल के अधिकारियों का विशेष सहयोग मिल रहा है। अब यहां यह ट्रेन रुकने से आम जनता, व्यापारियों, अयोध्या दर्शन के लिए बहुत ही उपयोगी होगा। यह बासे सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राज भैया ने मनकापुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित गोरखपुर-भठिंडा एक्सप्रेस के ठहराव पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करने हुए कही। इसी क्रम में पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री ने अपने सम्बोधन में मोदी की गारंटी के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान राम की पावन नगरी के अति निकट रेलवे स्टेशन पर यह ट्रेन रुकने से अयोध्या को आने जाने में भी लोगो को सुविधा होगी। वही मोदी के टीम में ले जाने के लिए जनता का सहयोग भी राजा भैया के लिए मांगा। नगर के चेयरमैन दुर्गेश कुमार गुप्ता ने सांसद के सहयोग से ट्रेन का ठहराव यहां होने से खास कर व्यापारियों को सुविधा मिलने की बात कही। संचालन करम चंद कुंजर ने किया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष छपिया जितेन्द्र पान्डेय, मंत्री राजन सिंह, पूर्व प्रमुख यूपी सिंह, केके सिंह एडवोकेट, कोट प्रबंधक हरीश पान्डेय मनकापुर विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे , पूर्व चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, बाबू लाल शास्त्री, जनार्द प्रसाद तिवारी रवि श्रीवास्तव चंदन श्रीवास्तव सत्येन्द्र श्रीवास्तव , धनपतिधर शुक्ल, भाज्य नेता जनार्दन तिहारी, रमाकांत सिंह, नातिन चोपड़ा, कुक्कू चोपड़ा,सुधांशू गुप्ता सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

**सांसद कीर्ति वर्धन सिंह, विधायक रमापति शास्त्री जनार्दन प्रसाद तिवारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा रवि श्रीवास्तव चंदन श्रीवास्तव सत्येन्द्र श्रीवास्तव रामजन्म राम भवन व नगर पंचायत अध्यक्ष को रेलवे विभाग के अधिकारी मुकेश कुमार ने फूल माला पहना कर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक आदि तमाम अधिकारी व आरपीएफ उदय राज आदि मौजूद रहे।**

## राष्ट्र धर्म की सेवा समर्पित हो संतान -आचार्य राज नारायण

*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के महंगूपुर गाँव आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिवस पर कथा व्यास ने भागवत धर्म का उपदेश व कपिल देवहुति संवाद की कथा का रसपान कराया।

कथा व्यास आचार्य राज नारायण तिवारी ने कहा कि भागवत कथा मृत्यु लोक के साथ साथ परलोक भी सुधारने वाली है। शुकदेव और परीक्षितकी तरह कथा को श्रवण करने वाला अमरत्व को प्राप्त हो जाता है। द्वेष, ईर्ष्या, पाप, मोह, लोभ आदि को त्यागकर भागवत कथा का अमृत पान करना चाहिए। उन्होने कहा कि देवहुति के गर्भ से जन्म लेकर भगवान कपिलने सांख्य शास्त्र प्रतिपादन किया। माता देवहुति ने पुत्र रूप में भगवान से अनेकों प्रश्न कर मन चित्त को शांत किया। प्रकृति भेद व जीवों के सद्गतियों का भी भगवान कपिल ज्ञान कराया। कथा व्यास ने सभी से एक पुत्र या पुत्री राष्ट्र की सेवा में समर्पित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज की जीवन शैली स्वहिती हो गयी है। परहित का भाव खत्म हो रहा है। यह



हमारी पहचान नहीं। हम सभी को राष्ट्र धर्म हित के लिए कार्य करना चाहिए। ईश्वर सहित देश के सभी महापुरुष इसके उदाहरण हैं। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लें। कथा व्यास ने धुर्व, विदुर व भरत चरित्र का भी बखान किया। कथा में गिरीश चंद्र मिश्र, बृजेन्द्र मिश्र, राम अनुग्रह पांडेय, रामललन, मुद्दूर पांडेय, नरसिंह मिश्रा, अमृतनाथ पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्री करूणा बिहारी जी के जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभा यात्रा



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। श्री करुणा बिहारी मंदिर व सांवरा संकीर्तन मंडल के संस्थापक स्वामी मंगला नंद महाराज के सानिध्य में आज श्री करुणा बिहारी सरकार का 17 वाँ जन्मोत्सव पर आज भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, जिसका विभिन्न स्थानो पर श्रद्धालुओं ने स्वगात किया।

शोभायात्रा का शुभारंभ श्री करुणा बिहारी मंदिर गोपाल नगर नुमाइश कैम्प से स्वामी मंगला नंद महाराज ने भगवा ध्वज एंव श्री करुणा बिहारी का पूजन कर नारियल फोड़कर किया। शोभायात्रा में प्राचीन सिद्ध पीठ श्री गौ देवी मंदिर गौशाला नुमाइश कैम्प में विजयकान्त चौहान ने फूलों की मशीन द्वारा पुष्प वर्षा कर किया। विजयकान्त चौहान द्वारा यात्रा सयोजक स्वामी मंगला नंद महाराज व यात्रा में शामिल सावरा संकीर्तन मंडल परिवार के भजन वक्ताओं व सदस्यों को को पगड़ी पटका माला पहनाकर स्वागत किया।

यात्रा में श्रीकरूणा बिहारी राधा रानी की सुंदर दिव्य पालकी युवाओं के कंधों पर घर घर गली गली में घूमते हुए जय राधे जय राधे जय श्री कृष्ण बोलो जय राधे के मंत्र को स्वयं बोलने के लिए प्रेरित कर दिया। दिव्य शोभा यात्रा का गोपाल नगर केशव नगर नुमाइश कैम्प में कई दर्जन स्थानों पर 56 भोग प्रसाद के साथ आतिशबाजी ओर फूलों की बरसात से अभिनंदन हुआ। यात्रा में श्री करुणा बिहारी जी व श्री राधा रानी जी का दिव्य सुंदर स्वरूप भक्तो के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

## सेवा ही संकल्प पद यात्रा पर मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**सतांव (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की सेवा ही संकल्प पद यात्रा मंगलवार शाम 7 बजे सतांव ब्लॉक क्षेत्र के पोरई ग्राम सभा पहुंची जहां उपस्थित हजारों की संख्या में लोगों ने मंत्री जी का किया भव्य स्वागत।

राज्यमंत्री की पदयात्रा ब्लाक भ्रमण करते हुए क्षेत्र के पोरई ग्राम सभा पहुंची जहाँ पर हजारों की सख्यां में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रधान वंशराज यादव की अगुवाई में राज्य मंत्री का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया तथा दिनेश सिंह बंसराज यादव जिंदाबाद उमेश प्रताप सिंह बंसराज यादव जिंदाबाद के नारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा सभी हिंदू और मुस्लिम मिलकर एक स्वर में दिनेश प्रताप सिंह को सांसद बनाने की बात कही तथा बड़ी संख्या में हिंदू मुस्लिम एकता के द्वारा दिनेश प्रताप सिंह को सांसद बनने की उत्सुकता दिखी दोपहर से इन्तजार कर रहे ग्रामीणों के इस प्रेम से



गदगद राज्य मंत्री ने सभी को धन्यवाद दिया भीड़ को संबोधित करते हुए मंत्री जी ने सरकार के द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी और कहा कि ÷सेवा ही संकल्प पदयात्रा÷ मेरा कोई चुनावी कार्यक्रम नही है। मैं आपका बेटा हूं और आपके बीच में आता हूं और आता रहूंगा हमारा आपसे जीवन से लेकर मरण तक का संबंध है इस अवसर पर प्रधान श्रीमती बिटान देवी कोटेदार अमृत लाल यादव लाल खान कोटेदार विनोद सिंह गया प्रसाद लोधी सौरभ यादव रमाशंकर पूर्व प्रधान अहमद खान सुनील कुमार रामनरेश त्रिपाठी समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## हरचंदपुर के लोकप्रिय विधायक राहुल लोधी ने दुखी परिवार की आर्थिक मदद

**खीरो (रायबरेली)।** खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत निनोरा ग्राम सभा में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव निवासी कृपा शंकर उम्र 38 ने संदिग्ध परिस्थिति में लखनऊ स्थित गोसाईगंज ईट भट्ठे में संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

## अज्ञात वाहन ने बाईक सवारों को मारी टक्कर, दो की मौत, एक घायल

सहारनपुर। नगर के दवबंद रोड स्थित ग्राम ठसका के निकट अज्ञात वाहन ने बाईक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाईक सवार तीनो युवक सड़क पर आ गिरे और पीछे बैठे युवक को कुचलते हुए अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। घटना स्थल पर बाईक सवार साकिब पुत्र अफ़ज़ल की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष अमित नागर ने गंभीर रूप से घायल युवक को नगर के सी.एच.सी में भर्ती कराया, जहाँ बाईक सवार दूसरे युवक को चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। बाईक सवार तीसरे युवक आयान को मामूली चोटे आई।

जानकारी करने पर आयान ने बताया कि वो तीनो युवक गागलहेड़ी में कपडे की फेरी लगाते हैं। तीनो युवक तनवीर साकिब और आयान बाईक पर सवार होकर अपने गाँव हसनपुर लुहारी जा रहे थे।

## पंजाब में ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना में वांछित 14 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पंजाब के लुधियाना में दो पक्षों में ताबड़तोड़ फायरिंग की



घटना को अंजाम देने वाले 14 वांछित आरोपियों को थाना कुतुबशेर पुलिस व पंजाब पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। देर शाम पंजाब पुलिस सभी आरोपियों को अपने साथ पंजाब ले गयी। सभी आरोपी झगड़े करने के बाद सहारनपुर में छिप कर रहे थे।

एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज थाना कुतुबशेर प्रभारी सुनील नागर, उपनिरीक्षक सचिन पूनिया व पवन कुमार पंजाब के लुधियाना थाना डिवीजन नम्बर 1 के एसएचओ मनिन्दर कौर, एएसआई बिलोल सिंह व जगमोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 14 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमें गुरदीप सिंह पुत्र सरदार रणजीत सिंह निवासी बस्ती जोदेवाल लुधियाना, गुरकमल सिंह पुत्र स.गुरू बख्शीस सिंह निवासी रायल लेन बंसत सिटी लुधियाना, ईशान प्रीत सिंह पुत्र सरदार जितेन्द्र पाल सिंह निवासी निम चौक लुधियाना, हेमन्त सलूजा उर्फहैप्पी पुत्र स्व.हरीश चंद सलूजा निम वाला चौक लुधियाना, रविन्द्र सिंह पुत्र गुरमुख सिंह निवासी सरसपुर जालंधर, मनिन्द्र सिंह पुत्र स्व.हरजिन्द्र सिंह निवासी फील्ड गेज वाली गली लुधियाना, अंकुर पुत्र वेद प्रकाश निवासी नया मौहल्ला लुधियाना, कुलप्रीत सिंह पुत्र स्व.इकबाल सिंह, लवी पुत्र स्व.इकबाल निवासीगण माडल टाउन लुधियाना, मानवजीत सिंह पुत्र जतिन्द्र पाल सिंह निवासी विश्वकर्मा वाली गली लुधियाना, अमरजोत पुत्र सरदार अवतार सिंह निवासी नया मौहल्ला लुधियाना, सौरभ कपूर पुत्र कमल कपूर रेडी मौहल्ला लुधियाना, सुख मनजीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी जनता नगर लुधियाना, गौरव पुत्र नवनीत निवासी शाहपुर रोड लुधियाना शामिल है। एसपी सिटी श्री मांगलिक ने बताया कि पंजाब के लुधियाना में पिछले दिनों दो गुटों में झगड़ा हुआ था। दोनों पक्षों की ओर से ताबड़तोड़ गोलियां चलायी गयी थी। विवाद से जुड़े आरोपी सहारनपुर में आकर छिप गये थे। बीती रात्रि पंजाब पुलिस ने थाना कुतुबशेर पुलिस को साथ लेकर दबिश देकर 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पंजाब पुलिस सभी आरोपियों को लुधियाना लेकर चली गयी।

## नागरिकों को तम्बाकू के सेवन से होने वाली हानियों से कराया अवगत



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। विश्व तम्बाकू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर नागरिकों को तम्बाकू के सेवन से होने वाली हानि व रोगों के बार में जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर आयोजित हस्ताक्षर अभियान का शुभांरभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजीव मांगलिक ने किया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर किये गये। तत्पश्चात महाराज सिंह कासॅलेज में प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सलाहकार मुदस्सर अली द्वारा छात्र-छात्राओं को तम्बाकू व धूम्रपान से होने वाले नुक्सान के बारे में जानकारी दी गयी, जबकि नोडल अधिकारी डॉ.शिवांका गौड ने विद्यार्थियों व कर्मचारियों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलायी। धूम्रपान निषेध दिवस मनाए जाने के क्रम में जनपद सहारनपुर में तंबाकू सेवन न करने के प्रति जागरूकता हेतु जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सलाहकार मुदस्सर अली द्वारा धुम्रपान व तम्बाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी गई। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की साइकलॉजिस्ट सुश्री बुशरा अंसारी द्वारा तंबाकू सेवन छोड़ने एवं तंबाकू उन्मूलन सेवाओं से संबंधित जानकारी दी गई।

## गेट निर्माण सहित लकड़ी बाजारों का किया जायेगा सौंदर्यीकरण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** शहर में वुड कारविंग के हब खत्ताखेड़ी तथा थाना कुतुबशेर के सामने स्थित लकड़ी बाजार के प्रवेश स्थानों पर सुंदर गेट बनाये जायेंगे। सर्किट हाउस के सामने वाले क्षेत्र में डिवाइडर का भी सौंदर्यीकरण किया जायेगा।

सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि. (एसएससीएल) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में उक्त प्रस्ताव पास किये गए। सर्किट हाउस में हुई एसएससीएल बैठक की अध्यक्षता स्मार्ट सिटी चेयरमैन/मंडलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने की। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, वीसी प्राधिकरण आशीष कुमार, स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान के अलावा मुख्य अभियंता विद्युत एस के अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक प्रमोद सडाना, नोडल अधिकारी सी पी सिंह, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, सचिव शंकर तायल, डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल व डीजीएम फाइनेंस मोहित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सर्वप्रथम एसएससीएल की सीईओ ग़ज़ल भारद्वाज के स्थान पर नगरायुक्त संजय चौहान को स्मार्ट सिटी का सीईओ/डायरेक्टर नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके



अलावा सहारनपुर में छह स्थानों पर एयर क्वालिटी चौक करने के लिए इन्वायरमेंटल सेंसर लगाने के लिए भी स्वीकृति दी गयी। ये सेंसर शहर के औद्योगिक क्षेत्र, अति व्यस्त यातायात क्षेत्र, आवासीय क्षेत्र, हरित क्षेत्र, संस्थागत क्षेत्र और नदी-तालाब आदि किसी जलीय क्षेत्र के निकट लगाये जायेंगे।

सर्किट हाउस के सामने वाले क्षेत्र में बने डिवाइडर पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, सुदर पौधारोपण आदि कर उसका सौंदर्यीकरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त काष्ठ कला के प्रमुख बाजार खत्ताखेड़ी तथा थाना कुतुबशेर के सामने स्थित लकड़ी बाजार के प्रवेश स्थानों पर सुंदर गेट बनाये जायेंगे और दोनों बाजारों में पौधा रोपण, प्रकाश व्यवस्था, साइनेज व पाथ-वे बनाने के साथ सौंदर्यीकरण किया जायेगा। स्वतंत्र निदेशक प्रमोद सडाना ने सुझाव दिया कि शहर के बाहर किसी क्षेत्र को चिह्नित कर उसे वुड कारविंग सिटी के रुप में विकसित किया जाए। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने शहर में स्मार्ट सिटी के तहत लगायी गयी स्मार्ट एलईडी स्क्रीन पर सरकारी योजनाओं व जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो को भी प्रसारित करने का सुझाव दिया।

# फर्रुखाबाद को सीएम योगी ने दी 288.24 करोड़ के परियोजनाओं की सौगात

# जल्द ही मिलेगा फर्रुखाबाद को एक्सप्रेसवे

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव की दुंदुभी बजने से पहले जिले में आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रुखाबाद की जनता से दिली रिश्ता बनाने की कोशिश की। जिले का अपेक्षित विकास न होने का दर्द जनता में था, वह योगी का संबोधन सुनते ही दूर हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रिश्चियन इण्टर कालेज में आयोजित विशाल जनसभा में 288.24 करोड़ की 102 परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण/ शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन में कई बार पांचाल क्षेत्र, बाबा नीब करोरी धाम और दिवंगत भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी का नाम लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि फर्रुखाबाद का विकास भी कानपुर की तर्ज पर कराया जाएगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेसवे के लिंक एक्सप्रेस वे बनवाने का आश्वासन दिया तो लोग तालियां बजाने लगे। बुधवार को शहर के क्रिश्चियन कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष सांसद मुकेश राजपूत ने फर्रुखाबाद का नाम पांचाल नगर और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को गंगा एक्सप्रेस से जोड़ने का मुद्दा उठाया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब संबोधन शुरू किया तो सबसे पहले बाबा नीब करोरी धाम का नाम लेते हुए कहा कि क्या पहले इस मुद्दे पर बात हो सकती थी, लेकिन अब हो रही है। बाबा नीब करोरी धाम को भव्य बनवाया जाएगा। यह वही पांचाल क्षेत्र है, जिसने एक चीरहरण जैसी घटना को बचाया था, उस ब्रह्मदत्त द्विवेदी जैसे सपूत को फर्रुखाबाद ने ही दिया। सीएम योगी ने तब एक बेसहारा को सहारा दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि फर्रुखाबाद को एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस वे व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बीच नया एक्सप्रेस वे बनाने के लिए सर्वे का काम चल रहा है। 100 किलोमीटर का सर्वे हो चुका है। भरोसा रखें फर्रुखाबाद को एक्सप्रेसवे मिलेगा और जनपद को कानपुर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। शीघ्र ही इसी मैदान पर एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करने आएंगे। सीएम योगी ने कहा कि बाबा नीब करोरी धाम व बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा का विकास भी हम कराएंगे। आनलाइन ऋण सुविधा का शुभारंभ आज फर्रुखाबाद से हुआ है। इसका किसानों को लाभ मिलेगा। इसके बाद मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने अन्य नेताओं के साथ जरदोजी कारीगरी से तैयार की गई अयोध्या स्थित श्रीरामलला के मंदिर और उनकी तस्वीर मुख्यमंत्री को भेंट की।



### सपा पर बोला हमला

सीएम योगी ने इशारों इशारों में सपा पर हमला बोल गए। गलत सरकार ने रामभक्तों पर चलवाई गोलियां, अच्छी सरकार ने राम दर्शन कराए द्यकेसीसी के माध्यम से किसानों को बिना बैंक जाए त्वरित लोन देने का देश का फर्रुखाबाद पहला जिला बना है। फर्रुखाबाद पहुंचे सीएम योगी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व ब्रह्मदत्त द्विवेदी को याद करते हुए कही बड़ी बात। सपा के चीरहरण दृश्य को बेनकाब करने वाला कोई एक भारत मां का लाल था, तो वह फर्रुखाबाद के सपूत स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी ही थे।

# काकोरी के मिहिर ने एक गोल्ड व एक सिल्वर किया अपने नाम

अवधनामा संवाददाता



सांसद रवि किशन ने की मिहिर की तारीफ

**लखनऊ।** काकोरी के मिहिर श्रीवास्तव इन दिनों सुर्खियों में बने हुए। मिहिर श्रीवास्तव ने हाल ही में लखनऊ में शौर्य शूटिंग में अपनी निशाने बाजी के दम 1 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। मिहिर की प्रतिभा को देखते हुए बीजेपी सांसद व अभिनेता रविकिशन ने मिहिर श्रीवास्तव को मेडल पहनाकर सम्मानित किया साथ ही मिहिर के उज्ज्वल भविष्य को कामना भी। इस दौरान सांसद रविकिशन ने कहा कि मोदी सरकार में मिहिर के जैसे ऐसे तमाम युवा है जो अपने खेल के दम पर अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम बुलंदियों पर ले जा रहे है।हम आशा करते है कि काकोरी का यह लिटिल चैम्प आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का परचम एयर गन राइफल्स प्रतियोगिता में फहराएगा। आपको बताते चले कि मिहिर श्रीवास्तव की प्रतिभा को देखते यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने मिहिर श्रीवास्तव की तारीफ की है।

मिहिर श्रीवास्तव से हुई बातचीत में मिहिर श्रीवास्तव ने बताया कि इस खेल में उनकी रुचि बचपन से ही जब हम टीवी पर अभिनव बिंद्रा सर को निशाने बाजी करते हुए देखे थे तब हम भी यही सोचते थे कि जब बड़े हो जायेंगे तब अभिनव बिंद्रा सर की तरह खुद को भी देश और दुनिया के सामने पेश करेंगे। ऐसे में हम सबसे ज्यादा अगर किसी को धन्यवाद करना चाहते हैं तो वह हमारे माता-पिता व गुरु हैं जिन्होंने हमें इस खेल को खेलने के लिए कभी रोक नहीं बल्कि प्रोत्साहित करते रहे आज उन्हें सबके आशीर्वाद की वजह से हमने जिला स्तर, राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर कई सारे गोल्ड मेडल अपने नाम कर पाए हैं इसके साथ ही मेरा मानना है कि यदि कोई भी व्यक्ति यदि किसी खेल को अपना जुनून बना ले तो वह किसी भी पड़ाव पर खरा उतर सकता है।

## भागलपुर से पिण्डी मार्ग का भूमिपूजन



अवधनामा संवाददाता

**सलेमपुर।** सलेमपुर के रेवली चौराहे पर आयोजित ऐतिहासिक भागलपुर से पिण्डी मार्ग का भूमिपूजन राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम और सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा ने किया। यह सड़क 9 किलोमीटर की है और इसपर उनतीस करोड़ सत्तासी लाख नौ हजार रुपये स्वीकृत हुआ है।

राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी की नीतियों का लोहा विश्व के सभी देश मानने लगे हैं। सरकार ग्रामीण अंचल के विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज सड़कें गड्ढा मुक्त हैं। संपर्क मार्गो से लेकर हाईवे पर वाहन चालक आसानी से वाहनों को चला सकता है। उन्होंने कहा कि लोग आज विकास की सरकार के नाम से जाने जाने वाली भाजपा सरकार पर विश्वास कर रहे है। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि पूर्व की सरकार में लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते थे लेकिन हमारी डबल इंजन की मोदी सरकार और योगी सरकार ने जाति-धर्म को नही देखा जो भी पात्र व्यक्ति है।उन्हें सीधे योजना का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है प्रधानमंत्री की सोच है सबका साथ सबका विकास। उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पण्डित गिरीश चन्द्र तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू,बलबीर सिंह दादा, अमरेश सिंह, मण्डल अध्यक्ष अभय सिंह विशेन,रामेश्वर सिंह, मिथिलेश बाबा, अरुण सिंह, राहुल सिंह, अशोक कुशवाहा, सत्यप्रकाश सिंह, ओमप्रकाश मोदनवाल, शमशुद्दीन अंसारी, विकास सिंह परमार, संजय कुशवाहा, प्रकाश पाण्डेय, कान्हा पाण्डेय, अनूप उपाध्याय, राजेश शाह, सुनील स्नेही आदि मौजूद रहे।

## दम्पत्ति को गोली मारकर लूट करने वाले अपराधियों को मुठभेड में दबोचा

**उरई (जालौन)।** एसओजी/ सर्विलांस टीम जालौन एवं थाना कुठौन्द पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा विगत दिनों मां जालौन देवी माता मंदिर के पास दंपति को गोली मारकर लूटने की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना करने वालेअंतर्जनपदीय गिरोह के जनपद 2 बदमाशों को जिसमें से एक जनपद औरैया का हिस्ट्रीशीटर , 25 हज़ार रुपए का ईनामिया व सलीम गुर्जर डकैत गैंग का सदस्य रिज़वान उर्फ़ टुन्डा उर्फ़ लूला व जनपद इटावा का हिस्ट्रीशीटर पंकज उर्फ़ रंगोली दोनों अभियुक्तों को मुखविर की सूचना पर चेकिंग के दौरान लूटे हुए आभूषण चांदी की हाफ पेटी व 23 हज़ार 412 रुपए नगद तथा अवैध असलाह ज़िंदा व खोखा कारतूस तथा मोटर साइकिल चोरी की व फ़र्ज़ी आधार कार्ड सहित पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ़्तार किया गया । जिसमें दोनों हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गोली लगने से घायल हुये ।अवगत कराना है जनपद में दिनांक 18.02.24 को थाना कुठौन्द क्षेत्रांतर्गत मां जालौन देवी मंदिर के पास शाम को एक दंपति के साथ मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा गोली मारकर घायल कर लूट की घटना हुई थी । घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अभियोग पंजीकृत कर खुलासे के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा टीम का गठन किया गया था ।एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा घटना के अनावरण के लिए घटना स्थल के आस पास से लेकर सभी आने जाने वाले रास्तों का सीसीटीवी केमरे तथा मुखविर को एक्टिव किया।

## उद्यमियों को उद्योगों के संचालन में किसी भी स्तर पर असुविधा नहीं होगी

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इन्वेस्टर यू.पी. के नवीन कार्यालय के उद्घाटन एवं जिला उद्योग बंधु की वर्चुअल बैठक के सजीव प्रसारण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित उद्यमियों को सम्मानित करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि उद्यमियों को उद्योगों के संचालन में किसी भी स्तर पर असुविधा नहीं होगी, जिला प्रशासन उद्यमियों की सुरक्षा के साथ-साथ शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता पर निराकरण करेगा। उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान एम.ओ.यू. करने वाले उद्यमियों का आव्हान करते हुए कहा कि वह अपने एम.ओ.यू. पर धरातल पर क्रियान्वयन करने की दिशा में कार्य करें।

## मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखायी



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने मतदाता जागरुकता अभियान(स्वीप)के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर बापू इंटर कालेज सलेमपुर से रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि चुनाव नागरिकों को अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुनने का अवसर उपलब्ध कराता है। गत चुनाव में 56 प्रतिशत लोगों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया था, जिसका अर्थ है कि लगभग 44 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी भूमिका का निर्वहन नहीं किया। वोट देने का अधिकार अमूल्य है, जो कि स्वतंत्रता पूर्व सभी नागरिकों को नहीं मिला था। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार और नागरिक दो पक्ष होते हैं जिसमें नागरिकों का पलड़ा हमेशा भारी रहता है। नागरिक अपने हित में काम करने वाली सरकार का चयन कर सकते हैं। सीडीओ ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को मिलने वाली सुविधायें बढा दी गयी है।

## आपदा से पीड़ित किसानो का सर्वे हो

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** हर हाल में आपदा से पीड़ित किसानो का सर्वे हो और किसान सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें यह जानकारी एसडीएम अतुल कुमार ने तहसील क्षेत्र के सभी गांव में तैनात लेखपालों को दी ।एसडीएम ने तहसील क्षेत्र की तकरीबन 184 गांव में ओलावृष्टि तथा अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वेकर युद्ध स्तर पर किए जाने के लिए लेखपालों को निर्देश करते हुए कहा कि सभी किसानों के खेतों पर जाकर स्वयं स्थिति का निरीक्षण करें ।इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न हो जहां भी किसानों को समस्या आ रही है वहां तत्काल लेखपालों द्वारा पहुंचकर उनका निस्तारण किया जा रहा है। अब तक तहसील क्षेत्र में 1417 किसानों को चिन्हित कर उनके खाते में लगभग एक करोड़ 30 लाख रुपए की सहायता राशि भेजी जा चुकी है।


## कार्यालय: सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जमाल अहमद पुत्र श्री मुहम्मद अहमद द्वारा प्रबन्धक की हैसियत से संस्था जामा मस्जिद अहले हदीश भारी समिति, ग्राम- भारी, पो0- भारतभारी, तहसील- डुमरियागंज, जिला- सिध्दार्थनगर के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व श्री 01. अब्दुल गनी - अध्यक्ष, 02. अजाज- उपाध्यक्ष, 03. जमाल अहमद प्रबन्धक, 04. मुशर्रफ हुसेन- उपप्रबन्धक, 05. अब्दुल खालिद- कोषाध्यक्ष, 06. अबीद हबीब सदस्य, 07. अबू तय्यब- सदस्य दर्शाये गये। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आपति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
बीके सिंह
सहायक रजिस्ट्रार
गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मंडल अयोध्या

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 71/ECTC/2023-24**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवम् पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नाम :132/33 के0वी0 उपकेन्द्र मोहनलाल गंज लखनऊ पर 33 के0वी0 पी0जी0वाई0टी0एल0 फीडर ''बे'' के निर्माण हेतु जानपदीय कार्य।
कार्य की अनुमानित लागत : रु. 7.80 लाख
कार्यावधि : 1 माह 15 दिन
उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा दिनांक 22.04.2024 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/ अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 23.04.2024 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी।
संख्या : 966-वि.जा.पा.मं.(ल.)/निविदा दिनांक : 13.03.2024

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत जानपद पारेषण मण्डल,
उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर,
विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाए"



## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा हाईस्कूल परीक्षाफल का मूल प्रमाण पत्र अनुक्रमांक सं0 3104380, वर्ष 2005 का मूल प्रति वास्तव में कही खो गया हैं।

काजी मोहम्मद इरफान पुत्र काजी मोहम्मद इसरार ग्राम व पोस्ट वासदरगाह, थाना भवानीगंज, तहसील डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थनगर।
मो0 नं0 9219577980



## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पीपरईया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज च्योकी स्टेशन। |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (ट) | 23:55 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | गोरखपुर जंक्शन | 18:55 | शुक्रवार | 15 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01124 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | लोकमान्य तिलक (ट) | 07:25 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 01103 | सीएसटी मुंबई | 22:35 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01104 | गोरखपुर जंक्शन | 15:30 | सीएसटी मुंबई | 00:40 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, देवरिया, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं. एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05023 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | आनन्द विहार (ट) | 13:15 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 05024 | आनन्द विहार (ट) | 15:15 | गोरखपुर जंक्शन | 07:30 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराई | 13:40 | शुक्र, सोम, बुध | 22 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेल सिटी, बरेली जं., चन्दौसी, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, रेवाड़ी, नारनौल, नीम का थाना, श्रीमाधोपुर, रिंगस जं., फुलेरा जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन। |
| 05098 | दौराई | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | शनि, मंगल गुरु | 23 से 30.03.2024 तक | | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान | भदोही, माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, अमेठी जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05048 | आनन्द विहार (ट) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | | |
| 05053 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | बांद्रा टर्मिनल | 16:00 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बादशाह नगर, ऐशबाग, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा जं., भवानी मंडी, सामगढ़, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशन। |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनल | 21:45 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05005 | गोरखपुर जंक्शन | 14:40 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास जं. स्टेशन। |
| 05006 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | गोरखपुर जंक्शन | 08:50 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन। |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | गुरु., शनि, सोम, बुध | 21 से 27.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | बाराबंकी, बुढवल जं., करनैल गंज, गोंडा, मनकापुर जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज, रामकोला, पड़रौना, तमकुही रोड, थावे, दिघवादुबौली, मसरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | शुक्र, रवि, मंगल, गुरु | 22 से 28.03.2024 तक | | |
| 05045 | लाल कुआँ | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | किच्छा, बहेरी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जं., भरतपुर, दौसा, जयपुर जं., फुलेरा जं., नवा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जं., डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन, जोधपुर जं., लूनी जं., समदड़ी जं., मोकालसर, जालौर, मोदरन, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी, पाटन, महेसाना जं., सुरेन्द्रनगर एवं वांकानेर जं. स्टेशन। |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लाल कुआँ | 04:05 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं., बनारस,, प्रयागराज जं., सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी जं., भुसावल जं., नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण जं. स्टेशन। |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, वीरंगम जं., महेसाना जं., उनझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशन। |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09525 | हापा | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | बुधवार | 20.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | राजकोट जं., बाँकानेर, सुरेन्द्रनगर, अहमदाबाद जं., नाडियाड, आनन्द, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शाजापुर, ब्यावर राजगढ़, रुठियाई जं., गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटौरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार, बारसोई जं., किशनगंज, न्यु जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, कोकराझार, न्यु बंगाईगांव जं., बरपेटा रोड, रंगिया, उदलगुड़ी, न्यु मिसामारी, रंगपारा नार्थ एवं हरमुटी स्टेशन। |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | | |
| 09183 | मुंबई सेन्ट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | बुधवार | 20.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) | बोरीवली, पालघर, वापी, बलसाड़ जं., सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगाँव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी जं., प्रतापगढ़, जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन। |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 22.03.2024 | | |
| 09111 | बडोदरा | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | सोमवार | 18.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | बडोदरा | 08:35 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09195 | बडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा जं., बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., सुलतानपुर एवं वाराणसी जं. स्टेशन। |
| 09196 | मऊ | 23:00 | बडोदरा | 00:45 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | | |
| 09061 | वलसाड | 02:15 | बरौनी जं. | 18:00 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर स्टेशन। |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | वलसाड | 03:45 | गुरुवार | 21.03.2024 | | |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | दानापुर | 20:30 | सोमवार | 18.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | नाडियाड जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर जं., मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन। |
| 09418 | दानापुर | 23:50 | अहमदाबाद जं. | 11:10 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार (ट) | 14:10 | सोमवार | 25.03 से 01.04.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., एवं गोविन्दपुरी स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार (ट) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03 से 02.04.2024 तक | | |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार (ट) | 08:00 | तिथिवार | 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन। |
| 04146 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथिवार | 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30.03.2024 एवं 01.04.2024 | | |
| 08475 | पुरी जं. | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मर्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, बिलासपुर, न्यु कटनी जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी जं. | 06:55 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23 से 30.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य | विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतिपुरम, रायगड़, केसिंगा, टिटिलागढ़ जं., कांटाबांजी, खरियार रोड, महासमुन्द, रायपुर, अनूपपुर, न्यु कटनी जं., ललितपुर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24 से 31.03.2024 तक | | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# गाय को गोमाता मान पालन करें अनेकों लाभ उठाएं: वेद प्रकाश गुप्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार अयोध्या।** ग्राम राजेपुर में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अस्थाई गोशाला का लोकार्पण




किया इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि पौराणिक ग्रंथो में भी गाय को माता का दर्जा दिया गया है और यह परंपरा आज भी कायम है इसलिए गोपालन कर अनेकों लाभ उठाएं तथा सेवा का पुण्य प्राप्त करें गो माता के पालन हेतु सरकार ने ग्रामीणों को आनेको सुविधा दी हैं जिसका लाभ लेकर ग्रामीणों को अपनी आय दो गुणा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों के हित में चलाई जा रही तीन दर्जन से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यह सभी योजनाएं फलीभूत भी हो रही है जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि सीएए कानून नागरिकता देने का है ना कि किसी को निकलने का कुछ लोग भ्रामक प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं आगामी चुनाव में जनता उन्हें करारा जवाब देकर भाजपा को 400 पार तक पहुंचाएगी भाजपा सरकार गांवो के विकास को प्राथमिकता दे रही है क्योंकि गांवो के विकास से ही देश का विकास संभव है इस गोशाला में 100 मवेशियों को रखने की व्यवस्था की गई है आगे इसका विकसित रूप किया जाएगा। इस अवसर पर इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष वरुण चौधरी महिला मोर्चा की जिला मंत्री स्वाति सिंह अभिचल सिंह ओम प्रकाश यादव ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज सिंह व अजय सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग व ग्रामीण मौजूद थे कार्यक्रम के आयोजन ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह ने अतिथियों व क्षेत्रीय गणमान्य लोगों तथा ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# मवई चौराहा पर पांच दुकानों का ताला तोड़ बेखौफ चोरों ने दी पुलिस को चुनौती

*अवधनामा संवाददाता*

**मवई-अयोध्या।** बेख़ौफ़ चोरों ने रुदौली सर्किल के पटरंगा और मवई थाना की पुलिस को चुनौती देते हुए पुलिस बूथ से चंद कदम की दूरी पर स्थित पांच दुकानों का ताला तोड़कर नगदी व समान पार कर दिया।ऐसे में पुलिस की रूटीन गस्त को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।तो वही घटना को लेकर व्यापार मंडल में आक्रोश व्याप्त है।सूचना पर पहुचीं मवई और पटरंगा पुलिस के साथ सीओ रुदौली ने घटना स्थल की जांच पड़ताल किया है।दोनों वारदात का बेखौफ चोरों ने अंजाम देते हुए लखनऊ अयोध्या नेशनल हाइवे पर मवई चौराहा से मवई थाना के लिए जाने वाली रोड पर पुलिस बूथ से कुछ दूरी पर मंगलवार की रात को चोरों द्वारा एक बीज व कीट नाशक दवाओं की एजेंसी को निशाना बनाते शटर का ताला तोड़कर गल्ल में रखा नगदी पार करने में सफल रहे।वही दूसरी तरफ पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पटरंगा रोड पर भी एक साथ चार दुकानों के शटर का ताला तोड़ कर




सामान सहित नगदी की चोरी किया।

पहली वारदात की जानकारी सुबह 8 बजे हुई जब मवई थाना जाने वाले रोड पर पुलिस बूथ से थोड़ी दूर स्थित व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष एहतिशाम खा उर्फ मुन्ना की नेशनल सीड के नाम से बीज व कीटनाशक की एजेंसी है।पीड़ित ने बताया कि मंगलवार की शाम को प्रथम रोजा की नमाज पढ़ने के लिए दुकान को जल्दी बंद करके चले गए।बुधवार की सुबह जब दुकान खोलने के लिए आए तो देखा शटर लगभग एक फिट ऊपर एक ईंट पर रखा हुआ था यह देख उनके होश उड़ गए सूचना मवई पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची मवई थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने अपनी टीम के साथ जांच पड़ताल किया तो दुकान के चोरी हुई बैग और कागजात दुकान के पूरब लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर एक खेत में मिले।और उसी खेत के बगल में स्थित मकान मालिक की एक नई साइकिल को भी चोर उठा ले गए।बीज भंडार से लगभग 60 हजार रुपए नगद और कुछ रियाल पड़े थे वह भी उठा ले गए हैं।वही दूसरी वारदात तरफ पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ही मवई चौराहा पर ही पटरंगा मार्ग पर हुई जो पुलिस बूथ से ही थोड़ी दूर पर है फुरकान किराना स्टोर में जहाँ से 50 से 60 हजार रुपए का कीमती सामान और 15000 हजार रुपए नगदी दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ कर चोर पर कर ले गए।

उसी के सामने डीजल पंप की दुकान जो दीप चंद की है उसमे से ताला तोड़ कर 13000 हजार रुपए नगद गल्ले में रखे हुए थे उनको निकाल ले गए।इसी पंप की दुकान के बगल चौबे मिश्र की गल्ले एवं मसाला की दुकान में भी ताला तोड़ कर चोरी की गई जिसमे से सिर्फ 500 रुपए नगद और मसाला ले गए हैं।इसी लाइन में सोनू मोबाइल शॉप में भी शटर का ताला तोड़ कर लगभग 500 रुपए ले गए हैं।सूचना पर पहुँचे सीओ आशीष निगम ने थानाध्यक्ष मवई आशा शुक्ला और पटरंगा थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश के साथ घटनास्थल का जायजा लिया और सीसीटीवी फुटेज का जायजा लिया।पुलिस चौकी के निकट हुई इस बेख़ौफ़ वारदात के बाद मवई और पटरंगा थाना पुलिस की गश्त को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

### पति ने पत्नी को घर से निकाला, पीड़ित पत्नी ने महिला थाना में शिकायत पत्र देकर लगाई न्याय गुहार

**अयोध्या।** पति ने पत्नी को घर से निकाला। ससुराल वाले भी पति रामचेत का ही साथ दे रहे हैं। इस मामले में पीड़िता ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ महिला थाना में शिकायती पत्र दिया । दिए गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि पीड़िता रीना देवी का विवाह रामचेत पुत्र रामसेतु निवासी पोखरा थाना गोसाईगंज जिला अयोध्या के साथ हुआ था दोनों के दो बच्चे भी है। पीड़िता का पति रामचेत व अन्य ससुरालीजन पीड़िता से दहेज के रूप में कारोबार के लिए पांच लाख रुपए और घर बनवाने के लिए दहेज मांगते हैं जिसके कारण पीड़िता को उसके आये दिन पति व ससुरालीजन मारते पीटते हैं खाना कपड़ा तक नहीं देते हैं भद्दी भद्दी गाली देते हैं पीड़िता 4/3 2024 को पति रामचेत व अन्य ससुरालीजन उसको मारपीट कर उसके सारे जेवर लेकर घर से बाहर निकाल दिया पीड़िता ने इस बाबत एक शिकायती पत्र महिला थाना में दिया।

### अंबेडकर नगर सांसद रितेश पान्डेय के हाथों वितरण हुआ दिव्यांग ट्राई साइकिल

**गोसाईगंज अयोध्या।** मया ब्लाक विकासखंड अंकारीपुर तेजापुर पंचायत भवन परिसर में एक दर्जन दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल दो दिव्यांगों को बैटरी से चलने वाली ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंबेडकर नगर सांसद रितेश पांडे रहे। ट्राई साइकिल को वितरण करने के पश्चात सांसद रितेश पांडे ने दिव्यांगजनों को फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया हुआ हरी झडी दिखाकर उन्हें रवाना किया।

इस मौके पर संसद रितेश पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले के समाज में दिव्यांग जनों के प्रति लोगों में संकीर्ण मानसिकता थी किंतु अब केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा उनके हित में चलाई गई विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया। जिसमें लोगों को उनके प्रति सोच में बदलाव हुआ है।

# भाजपा सरकार लोकशाही को राजशाही में बदलना चाहती है: पूर्व मंत्री लालजी वर्मा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबन्धन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में अयोध्या विधान सभा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन एचआर पैलेस रामपुर हलवारा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो वादा जनता से किया था उस वादों से ही मुकर गयी। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार लोकशाही को राजशाही में बदलना चाहती है। अपराध, भ्रष्टाचार, महंगाई का बोलबाला इस सरकार में है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए ही कार्य कर रही है। उसे आम जनता से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा सरकार को पीडीए के माध्यम से इण्डिया गठबन्धन हरायेगा। भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म करने का षड़यंत्र कर रही है। उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनने पर रोजगार या स्थायी नौकरी एवं सभी वर्गों को हिस्सेदारी दी जायेगी। सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर इण्डिया गठबन्धन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जिताना है। लोकसभा




प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा सरकार की महंगाई से जनता ऊब चुकी है और इससे निजात चाहती है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के सहयोग से केन्द्र की सत्ता बदलेगी। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को खाद की बोरी 50 किलो की जगह 40-45 किलो की मिल रही है। इस सरकार में सारी नौकरियों को संविदा/आउटसोर्सिंग कर दिया गया है। विकास के नाम पर किसानों की जमीन ली जा रही है और उसका उचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि किसानों की लड़ाई समाजवादी पार्टी लड़ेगी। इस सरकार में महिलायें, नौजवान, व्यापारी सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। गैस और पेट्रोल के साथ दैनिक सामानों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में गरीब, किसान, दलित, पिछड़े सभी वर्ग समाजवादी पार्टी के साथ हैं, और सब मिलकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को भारी मतों से जितायेगें। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सपा की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को जो उत्तम प्रदेश बनाने का रास्ता बनाया था। भाजपा सरकार में सारे विकास कार्य बन्द पड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव पीडीए के सहयोग से इण्डिया गठबन्धन जीतेगा। महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अयोध्या विधान सभा अध्यक्ष रक्षाराम यादव ने कहा कि इस डबल इंजन की सरकार में पिछड़ा, दलित, नौजवान, किसान, व्यापारी सभी वर्ग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मिलकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जितायेगें।

# 22 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में भी जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा विभाग के 03 निगमों राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से 01 लाख लाभार्थियों को रियायती ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु 450 से अधिक जिलों से लाभार्थी जुड़े थे।

जनपद में उक्त निगमों के माध्यम से लाभान्वित कुल 22 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। साथ ही आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के 26 लाभार्थियों को भी प्रमाणपत्र उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, सीएमओ डॉ नीना वर्मा, डीसी एनआरएलएम बी.बी. सिंह,



जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री शंकर लाल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका सदर अपने नागरिकों को नहीं उपलब्ध करा पा रही है पेयजल

## ओवरहेड टैंक खुद प्यासे, कैसे बुझाएं लोगों की प्यास

■ **तीन साल से ज्यादा का समय गुजरने के बाद भी पालिका नहीं कर पाई रिबोर**

**बजरंग नगर वाले ट्यूबवेल के रिबोर का कार्यबुधवार से शुरू कर दिया गया है। मीरा जी पुलिस चौकी के निकट वाले ट्यूबवेल पर मशीन लगाने में कुछ दिक्कतें आ रही है,वैसे यह ट्यूबवेल आज से खराब नहीं है,इसको हम खुद 3 साल से खराब ही देख रहे हैं।उससे पहले कितने दिन से यह ट्यूबवेल खराब है,इसकी जानकारी हमारे पास नहीं है।**

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** नगर पालिका सदर की लचर कार्यशैली के चलते शहर के कुछ भागों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल सप्लाई नहीं मिल पा रही है।जिससे लोगों में पालिका के प्रति रोष व्याप्त है।

नगर पालिका सदर क्षेत्र के मोहल्ला मीराजी क्षेत्र में स्थापित पालिका के दो ओवरहेड टैंकों का पेट पानी से भरने के लिए पालिका के ट्यूबवेल नाकाफी साबित हो रहे हैं,जिससे लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल सप्लाई नहीं मिल पा रही है। नागरिकों में इस बात को लेकर पालिका के प्रति गुस्सा है।गौरतलब है कि शहर के मीरा जी क्षेत्र में पालिका के दो ओवरहेड टैंक बने हुए हैं, जिससे पालिका द्वारा क्षेत्रीय लोगों को पानी की सप्लाई की जाती है।इन ओवरहेड टैंक को भरने के लिए क्षेत्र में पांच ट्यूबवल स्थापित हैं।यहां बता दें कि इन पांच ट्यूबवैलों में से दो ट्यूबवेल काफी लंबे अरसे से खराब पड़े हुए हैं।बताया जाता है कि मीरा जी पुलिस चौकी के निकट स्थित ट्यूबवेल कई सालों से खराब पड़ा है,जिसका रिबोर होना है,इस ट्यूबवेल को रिबोर कराने में पालिका अभी तक पूरी तरह से असफल है। इसके अतिरिक्त मोहल्ला बजरंग नगर में स्थित पालिका का दूसरा ट्यूबवेल लगभग दो माह से खराब पड़ा है जिसका रिबोर होना है। दो ट्यूबवेल खराब होने से मीरा की क्षेत्र में स्थापित पालिका के दोनों ओवरहेड टैंक नहीं भर पा रहे हैं जिससे नागरिकों को पर्याप्तमात्रा में पेयजल सप्लाई नहीं मिल पा रही है।

### दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकास खंड हैदरगढ़ में चल रही दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रनापुर में हो रही थी जो नेहरू युवा केंद्र बाराबंकी द्वारा प्रायोजित थी जिला युवा अधिकारी विकास सिंह के निर्देशन तथा बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश कुमार पटेल द्वारा आयोजित किया। जिसमे सभी विजेताओं को प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला के पुरस्कार एवम प्रमाण पत्र ट्रॉफी वितरित की गई। कबड्डी में हैदरगढ़ आरआईसी ए टीम विजई रही वही 100 मीटर दौड़ एकल में वीरेंद्र कुमार अव्वल रहे। इस मौके आयोजन टीम से प्रिय पटेल कीर्ति सिंह, पीटीआई सर ओम प्रकाश के साथ समस्त स्टाफ और प्रतिभागी के साथ दर्शक मौजूद रहे।

# मोदी को पुनः सेवा का अवसर करें प्रदान: राजीव गुप्ता



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा वूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।श्री गुप्ता द्वारा लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मोदी की चिट्ठी तथा स्टीकर वितरित करते हुए पीएम मोदी को पुनः सेवा का अवसर देने की अपील की गई। ग्राम मौजपुर की बूथ संख्या 11 तथा 12 पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनहित की योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतर कर जनता से किए गए एक-एक वादे को पूरा कर विश्वास को और मजबूत किया है उन्होंने कहा कि पीएम आवास से पक्का घर में रहने का सपना साकार हुआ है तथा रसोई के धुएं को उज्वला की लौ से दूर किया गया है। उन्होंने कहा कि खुले में शौच पर पाबंदी के लिए इज्जत घर देकर महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा की गई है, किसानों को सम्मान निधि के जरिए लाभ पहुंचाया गया है। इस मौके पर मौजपुर के ग्राम प्रधान गुलशन प्रताप सिंह, सहित मुकेश यादव, रामपाल सिंह,राजेंद्र प्रताप सिंह,हरवंश सिंह, सोमनाथ सिंह, अनुभव उपाध्याय उपस्थित रहे।

मांगों को लेकर नगरपालिका सभासदों ने खोला मोर्चा

**महराजगंज।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद महराजगंज के सभासदों ने ईओ एवं अध्यक्ष पर तानाशाही का आरोप लगाते हुये बोर्ड की बैठक का बहिष्कार किया। काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन करते हुये सभासदों ने धरने पर बैठ गये।

धरने पर बैठे सभासद अमितेश गुप्ता, राहुल पाण्डेय, बृजेन्द्र पटेल ने कहा कि ईओ एवं अध्यक्ष द्वारा तानाशाही किया जा रहा है। सभासदों की बात पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को बहाल करने के लिये जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तब तक बोर्ड की बैठक में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि नौ विन्दुओं पर सूचना मांगी गई है। जिसमें निर्वाचित सदस्यों का अधिकार एवं उत्तरदायित्व क्या है। जून 2023 के बाद जिन भी सामग्रियों का ऋय किया गया, उसकी सूची व स्टोर लिपिक द्वारा सत्यापित पत्रावली व भुगतान किये गये पूरा विवरण, कुल कर्मियों की सूची, जो सेवा प्रदाता द्वारा है, उनकी अलग सूची व नियमित कर्मियों की अलग सूची, उन कर्मियों के क्या पटल व क्या कार्य है, सूचीवार विवरण, कुल वाहनों, संसाधनों का विवरण, जून 2023 के बाद नपा महराजगंज में कुल वाहनों, मशीनरी के लाग बुक का विवरण, पूर्व के कार्यकाल में बोर्ड की बैठक नियमित हर माह होती थी, मगर जून 2023 के बाद कितनी बैठके कराई गई, अगर नियमित बैठक नहीं हुई तो क्या कारण रहा, सदस्यों की बिना जानकारी व सदन की बैठक में प्रस्ताव लाये ही टेण्डर प्रक्रिया व भुगतान का कार्य करना, जून 2023 से नपा द्वारा कितना आवंटित किया गया, विभिन्न मदवार एवं कितना भुगतान किया गया मदवार विवरण, अगर किसी निर्वाचित सदस्य द्वारा पालिका से कोई सूचना मांगी जाती है तो उसका विवरण उसे क्यों नहीं दिया जाता है, क्या उसे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत यह भी अधिकार नहीं है, आखिर क्या कारण है। इस दौरान सभासद राणा पटेल, दीपक, महेन्द्र गुप्ता, गोरख गुप्ता, रोहणी, आलम, सहित कई सभासद मौजूद रहे।

### नवनिर्मित पुलिस चौकी का फीता काटकर एसपी ने किया उदघाटन

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीणा ने बुधवार को अड्डा बाजार मे नवनिर्मित पुलिस चौकी भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने भवन निर्माण के सहयोगियों को धन्यवाद दिया जिनके भरपूर सहयोग से चौकी का निर्माण हो सका। बुधवार दोपहर मे पूर्व निर्धारित समय पर पुलिस अधीक्षक नौतनवा थानांतर्गत अड्डा बाजार पहुंचे जहां फीता काटकर नव निर्मित चौकी भवन का उद्घाटन किया साथ ही कार्यालय, किचेन, कमरे, शौचालय, स्नान घर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चौकी क्षेत्र में लगभग 15 किलोमीटर दायरे मे 23 गांव आते है। यहा फोर्स के लिए अच्छा परिवेश मिलेगा। अच्छे से कार्य करने का बेहतर परिणाम मिलेगा। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, नौतनवा थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय, अड्डा चौकी इंचार्ज भूपेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह, मोल्हई प्रजापति, सुग्रीव यादव, यशवंत सिंह, बलवंत सिंह, धनुषधारी पांडे, पंकज त्रिपाठी, डॉक्टर अजय सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने पुलिस चौकी का किया लोकार्पण



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक ने आज सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर निर्मित नवीन पुलिस चौकी का लोकार्पण किया।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना सफदरगंज क्षेत्रान्तर्गत अयोध्या राजमार्ग, पल्हरी में नवनिर्मित पुलिस सहायता केन्द्र का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि नई चौकी बन जाने से कानून व्यवस्था बनाये रखने में मदद मिलेगी, वहीं आमजन की समस्याओं का भी निराकरण हो सकेगा।

# शातिर तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरा में तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पुलिस की कार्रवाई से तस्करों में हडकम्प मचा हुआ हैं। गैंगस्टर के फरार तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम बनाई गई।

जैदपुर थाना क्षेत्र के शातिर तस्करों के विरूद्ध कोतवाल अमित प्रताप सिंह ने गैंगेस्टर की कार्यवाही की। पुलिस ने गिरोह बनाकर मार्फीन की तस्करी करने वाले तस्कर जिला लखनऊ के विकास नगर निवासी हसनैन, थाना इन्दिरा नगर बस्तौली के राशिद, लवकुश नगर गाजीपुर निवासी युसुफ, बाराबंकी के थाना रामनगर बुढवल निवासी नुरुल हसन सहित एक अन्य तस्कर के विरूद्ध गिरोहबन्द अधिनियम की कार्रवाई की है। कोतवाल ने बताया कि तीन गैंगस्टर के आरोपी फरार है जिनकी तलाश के पुलिस टीम बनाकर छापेमारी की जाएगी।

### देश से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की लड़ाई में सबका सहयोग जरूरी: विधायक

**बाराबंकी।** देश की भाजपा सरकार को झूठ बोलने में महारत हासिल है एक लड़ाई हमारे बुजुर्गो ने देश को आजाद कराने की लड़ी थी, अब एक लड़ाई आपको इंडिया गठबंधन के साथ इस देश से किसान, नौजवान विरोधी भाजपा की झूठी सरकार को उखाड फेंकने की लड़नी है।

उक्त उद्गार सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव ने आज विधानसभा क्षेत्र बाराबंकी के विकासखंड देवा के ग्राम बरेठी के किंगडम लान में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हाफिज आयाज तथा संचालन समाजवादी पार्टी के कोषाध्यक्ष प्रीतम वर्मा ने किया विशेष अतिथि के रूप बैठक में पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया, गठबन्धन के संयुक्त प्रत्याशी तनुज पुनिया, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, रतनलाल राव, पूर्व विधानसभा परिषद के सदस्य अरविंद यादव मौजूद थे।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए सदर विधायक श्री यादव ने कहा कि पुनिया जी ने अपने कार्यकाल में संसदीय क्षेत्र को जो ओवर-ब्रिज की सौगात दी है उसे क्षेत्र की जनता कभी नहीं भूल सकती हमे क्षेत्र मे दौडना पुनिया जी ने सिखाया है। पूर्व सांसद डॉक्टर पी एल पुनिया ने कहा कि आज देश की सत्ता पर सिर्फ गुजरात के दो नेता काबिज हैं। 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने सिर्फ आवाम को छला है और 400 पर का सपना देख रहे हैं इनका 400 का सपना सिर्फ सपना ही रह जाएगा। प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि आज का जन सैलाब साबित करता है कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के ऐतिहासिक जीत का मन संसदीय क्षेत्र बाराबंकी की जनता ने बना लिया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, रतनलाल, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, सुरेंद्र वर्मा, प्रदेश समाजवादी के सचिव सरताज चौधरी, सुरेश गौतम, राजेंद्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, केसी श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।05

### जागरूकता रैली व क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन



**बाराबंकी।** स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत के. डी सिंह बाबू स्टेडियम में बुधवार को जागरूकता रैली व क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जनपद के लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से दिव्यांग मतदाता जागरूकता हेतु ट्राई साइकिल रेस एवं क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मतदान शत प्रतिशत हो इसके प्रयास होने चाहिए। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अधिकाधिक मतदान आवश्यक है। जागरूकता सबसे प्रबल उपाय है जिसके माध्यम से आम जनमानस किसी भी अभियान से जुड़ता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर जोर दिया।

# बड़ों के साथ साथ नन्हे व मासूम बच्चों ने भी रखा रोज़ा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** रहमतों और बरकतों का महीना रमजान सोमवार से शुरु हो गया। रमजान माह का पहला रोजा बड़ों के साथ साथ नन्हे व मासूम बच्चों ने भी रखा। यह इनकी ज़िंदगी का पहला रोज़ा था। बच्चो को उनके माता पिता और रिश्तेदारों ने पहला रोज़ा रखने पर बच्चों को दुआओं के साथ साथ ढेर सारा उपहार भी दिया।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के वरिष्ठ पत्रकार व तालीमी बेदारी के अध्यक्ष सगीर ए खाकसार के आठ वर्षीय पुत्र रैय्यान सगीर ने अपनी ज़िंदगी का पहला रोज़ा रखा। रैय्यान के माता पिता ने बताया कि उन्हे उम्मीद नहीं थी कि उनका बच्चा रोज़ा रख पायेगा लेकिन बच्चे ने पूरे दिन भर का रोज़ा मुकम्मल किया। रैय्यान फिलवक़्त कक्षा दो के छात्र हैं। रैय्यान ने रोज़ा भी रखा और अपने वालिद के साथ नमाज़ भी अदा की। डुमरियागंज के भरवाठिया निवासी मो आरिफ खान की पुत्री उम्मे रुबाब उर्फ़ माहा ने भी अपनी ज़िंदगी का पहला रोज़ा रखा।बवो अभी क्लास नर्सरी की छात्रा है और उसकी उम्र महज़ सात साल की है। धूप व भूख प्यास की परवाह किए बिना नन्हे मुन्ने बच्चों ने सिर्फ रोज़ा रखा अपितु अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत भी बर्दाश्त की। माहा के पहला रोजा रखने पर उनके घर में खुशी का माहौल रहा। उनके दादा डा एमएन खान ने माहा के पहला रोज़ा रखने की खुशी में घर मे खास पकवान का इंतेज़ाम किया। रोजा इफ्तार के दौरान नन्हे मुन्ने रोज़ेदारों ने अपने मनपसंद के लजीज खाने का भी लुत्फ़ उठाया। इस दौरान मम्मी पापा ने भी बच्चों की पसंद का पूरा ख्याल रखा।

# निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सख्ती से करें पालन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट एवं नोडल आफिसर का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को लोहिया कलाभवन में सम्पन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान दिवस में पोलिंग पार्टियों के साथ साथ सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों की सक्रियता मतदान कार्यक्रम को सफल बनाती हैं। सभी को व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी जा चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि समयबद्धता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखते हुए मतदान को निर्बाध रूप से पूर्ण कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करें। पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर उन्हें संबंधित बूथों पर पहुंचने, मतदान संपन्न कराने के साथ-साथ ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें जमा करने तक सेक्टर मजिस्ट्रेट गंभीरतापूर्वक सक्रिय रहेंगे। ईवीएम जमा होने के बाद संबंधित रिटर्निंग आफिसरों की अनुमति से ही सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट वापस जाएंगे। किसी भी अधिकारी का फोन स्वीच ऑफ नहीं होना चाहिए, यह भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से बूथों के भ्रमण के दौरान की स्थिति के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और जरूरी निर्देश दिए। निर्वाचन की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करेगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, डुमरियागंज संजीव दीक्षित, बांसी कुणाल, इटवा राहुल सिंह, शोहरतगढ़ करमेन्द्र, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, समस्त सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट व अन्य संबधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# विकास भवन में सुबह 11 बजे होगी पोषण समिति की बैठक : डीपीओ

## पोषण अभियान पखवाड़े का शुभारंभ आज

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** किशोरी एवं बालिकाओं में एनीमिया की समस्या को दूर करने और सुझाव के लिए शासन ने पोषण अभियान के पखवाड़े का शुभारंभ किया है। पोषण अभियान पखवाड़े का जिले में 14 मार्च से शुरू किए जाएंगे। इस दौरान कुपोषित बच्चों की भी जांच होगी और गर्भवती महिलाओं को खान-पान की जानकारी दी जाएगी।

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण अभियान पखवाड़े का शुभारंभ गुरुवार को होगी। विकास भवन में सुबह 11 बजे पोषण समिति की बैठक होगी। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस दौरान कुछ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का भी कार्यक्रम रखा गया है। डीपीओ ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सभी गतिविधियां आयोजित कराई जाएगी। अभियान के तहत किशोरी ओर बालिकाओं के हेल्थ कार्ड जारी किए जाएंगे। 11 से 14 वर्ष की किशोरियों की लंबाई, वजन की मांप आशा और आंगनबाड़ी करेगीं और एएनएम खून की जांच करेगी। स्कूल न जाने वाली किशोरी की जांच उपकेंद्र पर सुबह के समय एएनएम द्वारा कराई जाएगी। साइकिल रैली, जनजागरूकता बढ़ाना, वीरांगना दल की विशेष सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत स्कूलों में सुपोषण गोष्ठी, एसएचजी बैठक, वीरांगना दल द्वारा प्रभात फेरी, रेसिपी प्रदर्शन प्रतियोगिता, ममता दिवस, किसानों द्वारा गांव और शहर में पोषण हाट, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, पोषण दौड़, स्थानीय साग सब्जी, फल से बनाने वाले व्यंजन रेसिपी प्रतियोगिता, वीरांगना दल एवं अन्य युवा समूहों की बैठक, अन्न प्रशासन दिवस, पोषण रैली और ग्राम पंचायत एवं मातृ समिति की बैठक, परियोजना स्तर पर संगोष्ठी आदि कार्यक्रम होंगे।

# ग्राम न्यायालय के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

## बुधवार को भी अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अगुवाई में तीसरे दिन बुधवार को भी तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने सिविल न्यायालय के गेट के सामने खड़े होकर ग्राम न्यायालय की स्थापना के विरोध में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। डुमरियागंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रमणि पाण्डेय व महामंत्री राम बहादुर यादव की अगुवाई में सभी अधिवक्ता एकत्रित हुए, इटवा में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इटवा में ग्राम न्यायालय की स्थापना से न्यायिक प्रक्रिया में व्यापक भ्रष्टाचार व्याप्त हो जाएगा और न्यायिक कार्यों में राजनैतिक हस्तक्षेप बढ़ जाएगा।

जनता को स्वच्छ न्याय नहीं मिल पाएगा, केवल निचले स्तर पर न्याय का विकेंद्रीकरण छलावा है। सभी अधिवक्ताओं ने इटवा में ग्राम न्यायालय के गठन के विरोध व बांसी के एक अधिवक्ता साथी के ऊपर प्राण घातक हमला होने के बाद अभियुक्त की गिरफ्तारी न होने पर चर्चा करते हुए समस्त न्यायिक कार्य से विरत रहने की चर्चा की। बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अध्यक्ष इंद्रमणि पाण्डेय ने बताया कि जब डुमरियागंज व इटवा के बीच में दीवानी न्यायालय के लिए स्थान चिन्हित कर बैनामा कराया गया है, तब इटवा में ग्राम न्यायालय का कोई औचित्य ही नही बनता है। महामंत्री राम बहादुर यादव ने ग्राम न्यायालय वापस करने की मांग की, और बांसी बार एसोसिएशन के प्रस्ताव का समर्थन किया। अधिवक्ता प्रेम शंकर उर्फ भोला श्रीवास्तव ने कहा कि इटवा में ग्राम न्यायालय की स्थापना से ग्राम न्यायालय में स्थानीय दबंगों माफियाओं व अपराधियों का वर्चस्व होगा। इसलिए गरीबों को सही न्याय नहीं मिलेगा। प्रस्तावित ग्राम न्यायालय में कैदियों के लॉकअप की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण न्यायालय में न्यायिक अधिकारी खुद अपने को ही असुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने बताया कि जब 60 बीघा जमीन दीवानी न्यायालय बनाने के लिए सरकार द्वारा बैनामा कराया जा चुका हैं तो इतने नजदीक में इटवा में ग्राम न्यायालय की स्थापना औचित्यविहीन हैं, ऐसे में इटवा में ग्राम न्यायालय स्थापित किया जाना सही नहीं है, और इस का विरोध जारी रहेगा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय वापस होने तक आंदोलन जारी रखने पर चर्चा किया। इस तरह तीसरे दिन बुधवार को भी सभी अधिवक्ता समस्त न्यायिक कार्य से विरत रहें, जिससे वादकारियों को बिना सुनवाई के वापस होना पड़ा।

डुमरियागंज बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में प्रदर्शन किया। वह प्रदर्शन करते हुए डुमरियागंज सिविल जज जूनियर डिविजन के न्यायालय पहुंचे और ग्राम न्यायालय वापस करो- वापस करो की नारेबाजी की। इस दौरान सिविल बार के अध्यक्ष महबूब आलम, आशीष श्रीवास्तव, राजेश दुबे, चंद्र किशोर सिंह, बाल मुकुंद श्रीवास्तव, शैलेंद्र रावत, सुलतान मेहदी, रमन श्रीवास्तव, विकास सिंह, राम कृति गुप्ता, शक्ति प्रकाश, राधेश्याम वरुण, जाहिरुद्दीन जाफरी, सरस श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, अवध बिहारी सिंह, संजय श्रीवास्तव, प्रिंस सिंह, राजीव अग्रहरि आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# श्रीराम कथा में हुआ राम केवट प्रसंग का वर्णन, जय श्रीराम के नारों से गूंजा पंडाल

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज नगर के इंदिरानगर वार्ड में आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन बही भक्ति की बयार**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत के इंदिरा नगर वार्ड में चल रहे संगीतमयी श्रीराम कथा के सातवें दिन मंगलवार की रात राम वनवास और राम-केवट संवाद की कथा का प्रसंग सुनाया गया। जिसे सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो उठे। मथुरा-वृंदावन धाम से आए कथावाचक पंडित आलोकानंद शास्त्री ने कहा कि भगवान प्रेम के भूखे है।

उन्होंने राम केवट संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम केवट के समीप आए। गंगाजी का किनारा भक्ति का घाट है और केवट भगवान का परम भक्त है, किंतु वह अपनी भक्ति का प्रदर्शन नहीं करना चाहता था। अत- वह भगवान से अटपटी वाणी का प्रयोग करता है। केवट ने हठ किया कि आप अपने चरण धुलवाने के लिए मुझे आदेश दे दीजिए, तो मैं आपको पार कर दूंगा केवट ने भगवान से धन-दौलत, पद ऐश्वर्य, कोठी-खजाना नहीं मांगा। उसने भगवान से उनके चरणों का प्रक्षालन मांगा। केवट की नाव से गंगा पार करके भगवान ने केवट को उतराई देने का विचार किया। सीता जी ने अर्धांगिनी स्वरूप को सार्थक करते हुए भगवान की मन की बात समझकर अपनी कर-मुद्रिका उतारकर उन्हें दे दी। भगवान ने उसे केवट को देने का प्रयास किया, किंतु केवट ने उसे न लेते हुए भगवान के चरणों को पकड़ लिया। जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है, ऐसे भगवान के श्रीचरणों की सेवा से केवट धन्य हो गया। भगवान ने उसके निस्वार्थ प्रेम को देखकर उसे दिव्य भक्ति का वरदान दिया तथा उसकी समस्त इच्छाओं को पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श समाज में आज भी कायम है। भगवान प्रेम भाव देने वाले का हमेशा कल्याण करते हैं। कहा कि जीवन में भक्ति और उपासना का अलग महत्व है। निष्काम भाव से भक्ति करने वाले की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कथा के अंत में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की झांकी निकाली गयी, झांकी को देखकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर जयकारे लगाने लगे। इस दौरान विजय कुमार जायसवाल, राम सहाय जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, सभासद उमाशंकर गौड़, जमुना प्रसाद प्रजापति, घनश्याम पांडेय, राम बहादुर जायसवाल, गोरखनाथ, शिवम सोनी, चंद्रेश तिवारी, अमरेश तिवारी, एडवोकेट राम बहादुर, एडवोकेट बालमुकुंद श्रीवास्तव, देवेंद्र यादव, प्रमेश पाण्डेय, गब्बू लाल कन्नौजिया, लवी चौरसिया, रवि, परमात्मा प्रसाद अग्रहरि, अनुराग श्रीवास्तव, रूबी कसौधन, गुड़िया श्रीवास्तव, धर्मपाल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित दुकानों की नीलामी 28 मार्च को

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार दीवानी न्यायालय सिद्धार्थनगर के मुख्यालय परिसर में स्थित साइकिल / वाहन स्टैण्ड, कैन्टीन, फल एवं जूस की दुकान, फोटो कापी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या-1, फोटो कापी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या-2, स्टेशनरी की दुकान, जनरल स्टोर एवं बेकरी की दुकान, भूजा की दुकान व पान की दुकान की नीलामी 28 मार्च समय अपराह्न 1:30 बजे दीवानी न्यायालय के सभागार में कराया जाना निश्चित किया गया है। जिस किसी को उक्त नीलामी में भाग लेना हो वह उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नियमानुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी मोहम्मद रफी, अध्यक्ष, नीलामी समिति/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया है।

# मारपीट करने वाले पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विद्यालय में घुसकर प्रधानाध्यापक के साथ मारपीट करने के मामलें में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। प्रकरण मालीपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सुरहुरपुर द्वितीय का है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार दुबे ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 9 मार्च को गौतम मिश्रा व उनके पुत्र अमन मिश्रा विद्यालय में घुसकर मारपीट और गाली गलौज किया मैं विद्यालय के बच्चों को पढा रहा था तथा उसी समय विद्यालय में सहायक अध्यापक सुरेंद्र व रसोईया भी मौजूद रही। प्रधनाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में शासन के मंशानुरूप कायाकल्प के तहत बाउंड्री वाल आदि का कार्य ग्राम पंचायत की तरफ से होना है। इन्ही सब को लेकर उक्त लोग आये दिन विद्यालय पहुंच कर अराजकता फैलाते रहते है।पीड़ित शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। एसओ मालीपुर प्रियंका पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# थानेदार की गाड़ी की चपेट में आने से दो युवक घायल

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना अध्यक्ष की गाड़ी की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को थाना अध्यक्ष द्वारा जिला अस्पताल भेजवाया गया जहां एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर बाद जैतपुर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार यादव अपने सरकारी वाहन से अकबरपुर से वापस जैतपुर थाना लौट रहे थे तभी अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मौहरिया के पास अचानक दो पहिया वाहन पर सवार दो युवक चपेट में आ गये। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जहां दोनों गंभीर युवकों को स्वयं थाना अध्यक्ष ने इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया वहीं चिकित्सकों ने एक 27 वर्षीय युवक अज्ञात को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे अज्ञात का इलाज का इलाज चल रहा है। इस हादसे में थाना अध्यक्ष का सरकारी वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया।

# रोजगार मेले में 33 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उप्र कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कौशल विकास केन्द्र जामों में किया गया।ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला समन्वयक आर के अग्निहोत्री द्वारा किया गया एवं रोजगार मेले में 03 प्लेसमेंट कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 89 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 33 प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह जिला कौशल प्रबन्धक मृत्युन्जय तिवारी एवं संदीप सिंह विवेक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एंव उन्मुखीकरण समारोह का हुआ आयोजन

# शिक्षकों के परिश्रम से बेसिक शिक्षा में बड़ा बदलाव हुआ : लक्ष्मी नारायण

अवधनामा संवाददाता



**पौली।** ब्लाक संसाधन केंद्र पौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के परिसर में बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी जर्नादन यादव की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि धनघटा नगरपंचायत प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण दुबे व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत दिनेश राय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत हैसर लक्ष्मी नारायण दूबे ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षको के कठिन परिश्रम से बेसिक शिक्षा में बड़ा बदलाव आया है। जिसका उदाहरण ग्राम पंचायतो के विभिन्न स्कूलों पर देखने को मिल रहा है। भाजपा सरकार ने कायाकल्प योजना चला कर सभी मूलभूत सुविधा मुहैया करा दी है। शिक्षा क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निपुण अभियान चलाकर बच्चों को निपुण किया जा रहा है। अब परिषदीय विद्यालय किसी कानवेंट से कम नही है। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता दिनेश राय ने कहा कि विद्यालय के विकास में ग्राम प्रधान व ब्लाक के अधिकरियो का महत्वपूर्ण योगदान होता है। स्कूलो के विकास में जो धन आए बिना बटवारा किए धन का सदुपयोग करे। खण्ड विकास शिक्षाधिकारी जर्नादन यादव ने कहा कि विद्यालयों के विकास में ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष और प्रधानाध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रधानगण कायाकल्प योजना के तहत अधिकांश विद्यालयो के सभी पैरामीटर तो पूरा कर लिए है लेकिन कुछ अवशेष भी है। उहें भी पूर्ण कराएं।

# आबकारी निरीक्षक को निलंबित करने का निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जनपद झांसी के प्रेम नगर थानान्तर्गत नकली शराब व नकली शराब बनाने के उपकरण पकड़े जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आबकरी निरीक्षक शिशुपाल सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए तथा जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद गोयल व उप आबकारी आयुक्त सुभाष चंद्र सोनकर से पुरी घटना पर स्पष्टीकरण मंगा है। श्री नितिन अग्रवाल ने कहा आबकारी विभाग में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही, भ्रष्टाचार किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगा।

आने वाले दिनों में होली का त्योहार है सभी जिलों के आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक सतर्कता के साथ अपने जनपद में सघन प्रवर्तन अभियान चलाएं, किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कारवाई की जायेगी।

# भीषण हादसे में क्लीनर की मौत

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एक दूसरे ट्रक में पीछे से मारी टक्कर, जिसमें भीषण हादसे में क्लीनर ने उपचार के दौरान दम तोड़ा। चालक की हालत गंभीर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे किलोमीटर संख्या 208 पर भीषण एक्सीडेंट हो गया ट्रक चालक का नियंत्रण खो जाने से आगे खड़ा ट्रक में टक्कर मार दी जिसे देखते-देखते तीन चार गाड़ियां आपस में जा भिड़ी जिसकी सूचना राघवेंद्र नामक व्यक्ति ने पुलिस में दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रक में फसे चालक और क्लीनर अंकित उम्र 25 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश निवासी सेशा थाना पूंछ को उपचार के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा चालक गंभीर रूप से घायल होने पर चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया।

# बीआरसी कार्यालय में चोरी मामले में दो अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** बीते दो सप्ताह पूर्व बीआरसी जलालपुर कार्यालय में हुई चोरी के मामले में खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों गिरफ्तार करते हुए जेल के लिए रवाना कर दिया। उक्त घटना का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार मौर्य जलालपुर कोतवाल दर्शन यादव ने संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया आज सुबह जमालपुर चौराहे से संदिग्ध

बोलेरो जिसका नंबर यूपी 40 जेड 7125 देखा गया जिसे रुकवाकर तलाशी ली गई। जिसमें बैठे दो व्यक्तियों से पूछताछ किया गया तो पहले व्यक्ति अपना नाम अंकित गौतम पुत्र हरीगन निवासी दूधई थाना कटका उम्र 27 साल जबकि दूसरे व्यक्ति जो गाड़ी चला रहा था ने अपना नाम अंबेश कुमार पुत्र जगदंबा प्रसाद ग्राम दुधई थाना कटका उम्र 24 वर्ष बताया। तलाशी में तीन अदद मानीटर, तीन अदद सी पी यू, दो अदद यू पी एस, दो अदद की बोर्ड, एक माउस, एक एल ई डी टी वी, एक अदद बोलेरो नम्बर यू पी 40 जेड 7125 चोरी किए गए सामान को भी बरामद किया गया।

मामला संदिग्ध होने के चलते थाने लाया गया। छानबीन में सभी सामान चोरी की बताया गया। जिन पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सचिव कुमार मौर्य, हेड कांस्टेबल दुर्गेश सिंह, कांस्टेबल रोहित सिंह, जितेन्द्र थाना जलालपुर मौजूद रहे। विदित हो कि ब्लॉक जलालपुर स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीते 28 और 29 फरवरी के मध्य रात्रि में कुछ अज्ञात चोरों द्वारा कार्यालय में रखें तीन मॉनिटर, 3 सीपीयू, 2 यूपीएस दो कीबोर्ड एक माउस एक एलइडी टीवी चोरी कर लिया गया था। घटना जानकारी होने पर खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने जलालपुर कोतवाली में लिखित शिकायती पत्र देते हुए घटना के खुलासा करने की मांग की थी।

# मुख्यमंत्री आगमन को लेकर तैयारियां पूरी

**अम्बेडकरनगर।** मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम 14 मार्च 2024 के मद्देनजर जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ जनपद अंबेडकरनगर के विजय गांव मुख्य विकास अधिकारी आवास के सामने अकबरपुर का तैयारियों का निरीक्षण किया गया। अवगत कराना है कि जनपद अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का कार्यक्रम में जनपद की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास तथा उसके उपरांत जनसभा को संबोधित किया जाना है। उन्होंने शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# 81 छात्राओं में वितरित किया गया स्मार्टफोन



अवधनामा संवाददाता

**पौली।** पौली विकास क्षेत्र के अनारी देवी जोखन प्रसाद महिला महाविद्यालय सेवइपार शनिचरा मे बुधवार को विद्यालय के छात्राओं मे स्मार्ट फोन वितरित किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल उर्फ बादल ने संस्थापक सुरेन्द्र यादव को याद करते हुए उनके विचार पर प्रकाश डाला और-छात्राओ का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि स्मार्ट फोन का सदुपयोग करे। अच्छे लोग नए-नए ज्ञान लेगें वही बुरे लोग दूसरे क्षेत्र मे उपयोग करेगे। फोन की सीमा असीमित है। इसमे ज्ञान का भंड़ार है। शिक्षित परिवार से एक सभ्य समाज का निर्माण होता है। स्मार्ट फोन द्वारा जहाँ छात्र-छात्राओ को नये-नये विषयो की जानकारी होगी वहीं आनलाइन पढाई मे भी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम मे कुमारी गीता राजभर, प्रियंका यादव, तरन्नुम निशा, प्रतिभा चौधरी, पूजा शर्मा ,छाया यादव, गीता यादव ,समेत कुल 81 लोगों मे स्मार्ट फोन वितरित किया है। मौके पर प्रबंधक आलोक उर्फ सोनू यादव, प्राचार्य डा. अनिल कुमार, निरमा यादव, सरस्वती सिंह गोविंद यादव, धर्मेश यादव, रामदयाल राजभर सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पुत्र के पासपोर्ट संख्या F8846633 में उसके नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश MOHAMMAD MUNEER लिख गई है मेरे पुत्र के सही नाम की स्पेलिंग MOHD MUNEER है जो उसके सभी अभिलेखों में दर्ज है ।

**समन वसीम पत्नी मोहम्मद अक्सा निवासिनी फ्लैट न 5 एलाइट अपार्टमेंट 54- ए/1/16 पराग नारायण रोड लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या B7514126 में मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश BAGHWATI PRASAD लिख गई है मेरे नाम की सही स्पेलिंग BHAGAWATI PRASAD है जो मेरे सभी अभिलेखो में दर्ज है।

**भगवती प्रसाद बहेरवा जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

मैं अनवार हुसैन सिद्दीकी (ANWAR HUSAIN SIDDIQUI) पुत्र अल्ताफ हुसैन, निवासी 115/100 (115/81) बाग मुन्नू नया गाँव (ईस्ट) नियर शुभम सिनेमा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का हूँ । मैंने अपना नाम अनवार हुसैन सिद्दीकी (ANWAR HUSAIN SIDDIQUI) से बदलकर अनवार हुसैन (ANWAR HUSAIN) रख लिया है, जो कि अब मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है । मुझे भविष्य मे अनवार हुसैन (ANWAR HUSAIN) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट संख्या रु 8099138 में मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश HAFSA FATMA लिख गई है मेरे नाम की सही स्पेलिंग HAFSA FATIMA है जो मेरे सभी अभिलेखों में दर्ज है।

**HAFSA FATIMA
पुत्री अब्दुल मोइद अंसारी
निवासिनी
13 हाथी खाना गणेश गंज
पोस्ट राजेंद्रनगर लखनऊ।**

# सम्पादकीय

## हिंदी भारत में सर्वोच्च सम्मान की हकदार

देश की स्वतंत्रता के सात दशक गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है ? राष्ट्रभाषा बनने के साथ-साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग-अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो। यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफ़ेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। इस प्रयोजन में इन पंक्तियों का लेखक भी शामिल था,कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है, निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल। बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल। देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया। 14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार-प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया,तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदी वासियों से दूरी बनाई रखी जाती है। यह भी हिंदी भाषा तथा देश के लिए विडंबना ही है। एनी बेसेंट ने बिल्कुल सच कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सर्वाधिक प्रभावशाली बन कर उभरी है वह है हिंदी भाषा। जो व्यक्ति हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर सकता है पर हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। हिंदी का बड़ा नुकसान अंग्रेजी भाषा ने भी किया है दक्षिण में स्थानीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी बहुतायत में बोली जाती है पर ना जाने क्यों हिंदी बोलने से बेशक परहेज करते हैं।

## अतिथि देवो भव की आत्मा पर प्रहार

भारतीय संस्कृति में अतिथि देवो भव का अर्थ है अतिथि देवता के समान होता है। यह वाक्य भारतीय संस्कृति में अतिथि के महत्व को इंगित कर रहा है। तैत्तिरीय उपनिशद के षिक्षावल्ली 11वें खंड में अतिथि देवो भव का वर्णन है। अतिथि देवो भव से जुड़ी अनेक पौराणिक कथाओं का वर्णन भारतीय संस्कृति में किया गया है। रामायण में षबरी को अतिथि सत्कार की भावना से प्रेरित दिखाया गया है जिसने अपने घर आए अतिथि श्रीराम को खट्टे बेर नहीं खाने दिए और मीठे बेर छांटकर श्रीराम को दिए। श्रीराम ने भी षबरी के जूठे बेर खाकर उनका मान रखा और अपना धर्म निभाया। जब गरीब ब्राह्म सुदामा अपने मित्र श्रीकृश्ण से मिलने द्वारका नगरी पहुंचे। श्रीकृश्ण ने नंगे पैर दौड़ते हुए सुदामा के पास आए उनका आदरपूर्वक सम्मान किया। भारतीय संस्कृति में इस प्रकार की अनेक पौराणिक कथाएं यह दर्षाती हैं अतिथि को हमारे यहां कितना महत्व दिया जाता है। अतिथि देवो भव सिर्फ एक वाक्य नहीं वरन् यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। हाल ही में कुछ अराजक तत्वों ने इस आत्मा पर प्रहार किया है। झारखण्ड के दुमका जिले में षर्मसार करने वाली घटना सामने आई हैं और इस घटना ने भारत की वैष्विक स्तर पर च्विष्व गुरूच्च् की छवि को धूमिल किया है। एक स्पेनिष महिला के साथ 7 लोगों ने सामूहिक दुश्कर्म किया। विदेषी महिलाओं के साथ अभद्रता की यह कोई पहली घटना नहीं है। नेषनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में विदेषी महिलाओं के साथ अपराध की 192 घटनाऐं हुयीं जिनमें 28 विदेषी महिलाएं थीं जिनके साथ रेप की घटनाएं हुई हैं। इस प्रकार की घटनाएं कानून-व्यवस्था की लचरता को रेखांकित कर रही हैं। विष्व यात्रा और पर्यटन परिशद की वर्श 2021 की रिपोर्ट में विष्व सकल घरेलू उत्पाद में योगदान के मामले में भारत के पर्यटन को 10 वें स्थान पर रखा गया है। वित्त वर्श 2020 में पर्यटन क्षेत्र में कुल 39 मिलियन रोजगार अवसर सृजित हुये जो 8 प्रतिषत रोजगार का प्रतिनिधित्व करते हैं। 2029 तक पर्यटन क्षेत्र में 53 मिलियन रोजगार सृजित होने की संभावना की जा रही है। यदि पर्यटन क्षेत्र को आर्थिक प्रगति का पहिया कहा जाये तो ऐसा कहना अतिषयोक्तिपूर्ण नहीं होगा। आईएमएफ ने भारत के 2027-2028 में तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी के साथ 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान लगाया है। इस लक्ष्य को साकार रूप देने के लिए पर्यटन क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उस स्पेनिष महिला से उन अपराधियों के अलावा अन्य भारतीयों ने अच्छा व्यवहार किया इसलिए उस महिला ने कहा भारत के लोगों ने मेरे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया सभी लोग बहुत दयालु हैं.मुझे भारत के लोगों से कोई षिकायत नहीं है.अपराधियों के अलावा भारत से मेरी अच्छी यादें हैंच्च। स्पेनिष महिला के साथ हुआ बलात्कार सिर्फ एक घटना नहीं है बल्कि यह भारतीय संस्कारों, नैतिक मूल्यों, आदर्षों की हत्या है। हाल ही में भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्ष्यद्वीप में वैष्विक स्तर पर्यटन को बढ़ावा दे रहे इसी समय इस प्रकार की घटनाऐं विदेषी पर्यटकों में डर की भावना पैदा करेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# अभी तो इण्डिया पर भारी एनडीए

**प्रेम शर्मा**



निश्चित तौर पर लम्बे समय से सत्तासीन एनडीए ने अपने कील काटे मजबूत कर लिए है। देश में 18 वीं लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग किसी भी समय अधिसूचना जारी कर सकता है। आगामी चुनाव के लिए इण्डिया गठबंधन ने फिलहाल 26 दलों के साथ मोर्चा खोल रखा है। भाजपा क्षेत्रीय दलों को लगातार जोड़ते हुए अपने कुनबे में इजाफा दर्ज करा रही है। पहले 38 दलों के साथ उड़ीसा में 15 वर्ष बाद बीजेद के सहारे 21, आन्ध्रा में टीडीपी क सहारे 25 जिसमें 2019 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआर 22 सीटों पर जीत हासिल की थी और त्रिपुरा में विपक्षी दल टीएमपी को अपने में कुनबे में शामिल कर दक्षिण में पैर फैला दिये है। पिछ्ले छह माहों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अलग तेवर में नजर आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पिछ्ले माहों की स्पीच में स्पष्ट जनाधार, चार सौ के पार का दोहराया जाना यू ही नही है। चाहे लोकसभा हो या राज्यसभा दोनों ही सदनों में ही विपक्ष को स्पष्ट संदेश दिया कि उनका तीसरा टर्म आना तय है। एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। लगातार कई सर्वे बता रहे है कि एनडीए के खाते में 543 सीटों में से 335 से ज्यादा सीटें आ सकती हैं। वैसे देखा जाए तो किसान, राम मंदिर, बेरोजगारी, जातीय जनगणना, काला धन जैसे मुद्दों को लेकर हाल में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में विपक्ष को कोई खास फायदा नहीं मिला। इंडिया गठबंधन के गठन के बाद से ही बीजेपी लगातार इस पर हमलावर रुख अपनाए हुए है। पीएम मोदी से लेकर बीजेपी के तमाम बड़े नेताओं का कहना है कि यह अवसरवादी गठबंधन है। एक साथ आए इन दलों का एकमात्र उद्देश्य पीएम मोदी को हराना है। एक सर्वे के अनुसार 50 फीसदी लोगों का मानना है कि चुनाव तक विपक्षी गठबंधन इंडिया एकजुट नहीं रह पाएगा।

अगर बता बड़े राज्यो की करे तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) उत्तर प्रदेश की कुल 80 लोकसभा सीटों में से 78 सीटों पर जीत हासिल कर सकता है। जबकि बिहार में 2019 की तरह 40 में से 39 सीटों को बरकरार रखने के लिए भाजपा ने एक बार फिर नीतिश बाबू के स्वराज को अपनी शरण में ले लिया है। उत्तर प्रदेश में 2019 के लोकसभा चुनावों में एनडीए ने 64 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, समाजवादी पार्टी (5) और कांग्रेस (1) ने छह सीटें जीती थीं, जबकि मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने 10 सीटों पर अपना परचम लहराया था। चुनाव पर आ रहे ताजे विशलेषणों के अनुसार 2024 में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को 53.16 प्रतिशत का बड़ा वोट शेयर मिल सकता है, जबकि इण्डिलया को 32.57 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। बीएसपी को 5.43 फीसदी, और निर्दलीय समेत अन्य को 3.84 फीसदी वोट मिलने की संभावना है। वर्तमान में, एनडीए में बीजेपी, आरएलडी, अपना दल (सोनेलाल), निषाद पार्टी और एसबीएसपी शामिल हैं, जबकि इण्डिया गठबंधन में केवल समाजवादी पार्टी और कांग्रेस शामिल हैं। क्षेत्रवार सीटों का अनुमान यह लगाया जा रहा है कि पश्चिमी यूपी (8), रुहेलखंड (12), बुंदेलखंड (4), और अवध (14) में एनडीए सभी सीटें जीतकर क्लीन स्वीप कर सकता है। लेकिन दोआब (13) में एनडीए 12 सीटों पर और इण्डिया. एक सीट पर जीत हासिल कर सकता है, जबकि पूर्वांचल (29) में एनडीए के खाते में 28 और इण्डिया के खाते में एक सीट आ सकती है। प्रदेश की 20 वीआईपी सीटों की भी भविष्यवाणी में प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी में भारी अंतर से जीतने की संभावना है, जबकि एनडीए के बाकी उम्मीदवार भी मुजफ्फरनगर, बागपत, गाजियाबाद, लखनऊ, इलाहाबाद और फैजाबाद में ष्भारी अंतरष् से जीत सकते हैं।मैनपुरी में इण्डिया उम्मीदवार की बड़े अंतर से जीत हो सकती है, जबकि आज़मगढ़ में इण्डिया का उम्मीदवार अपने एनडीए प्रतिद्वंद्वी से बीस साबित हो सकता है। एनडीए उम्मीदवार अमेठी, गौतम बुद्ध नगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कन्नौज और मिर्ज़ापुर में थोड़ा आगे रहेंगे। रायबरेली, रामपुर, फ़िरोज़ाबाद, बदायूं और ग़ाज़ीपुर में एनडीए उम्मीदवारों को कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ सकता है। अब तक मिल रहे इनपुट के आधार पर कहा जा सकता है कि विपक्षी पार्टियों के पास उत्तर भारत में पीएम मोदी का कोई तोड़ नहीं है। बिहार, झारखंड और यूपी में पीएम मोदी एक बार फिर बीजेपी को सत्ता दिला सकते हैं। इसके साथ ही उत्तराखंड में भी एनडीए विपक्षी पार्टियों को धूल चटा सकती है।यूपी की 80 सीटों पर बीजेपी अकेले अपने दम पर 72 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है। वहीं, एक सीट पर एनडीए गठबंधन की पार्टी जीत सकती है। विपक्ष पार्टियों को 7 सीटों से संतोष करना पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी को करीब 52 फीसदी वोट और विपक्षी गठबंधन को 36 प्रतिशत वोट मिलने की उम्मीद है। उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई वाली सरकार के विकास कार्यों की वजह से बीजेपी एक बार फिर से वापसी करती नजर आ रही है। देवभूमि की पांच सीटों पर बीजेपी की प्रचंड जीत की संभावना है। पार्टी करीब 58.6 प्रतिशत वोट अपने पाले में कर सकती है। बिहार में भी जेडीयू के एनडीए गठबंधन में शामिल होने के साथ स्थिति बदल गई है। प्रदेश की 40 में से 32 सीटों पर एनडीए को बहुमत से जीत मिलने की संभावना है। वहीं, इंडिया अलाएंस के महज 8 सीटों से सिमटने के आसार नजर आ रहे हैं। झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। इनमें से 12 सीटों पर एनडीए का परचम लहरा सकता है। वहीं, करीब दो सीटों पर इंडिया अलाएंस को जीत मिलने की उम्मीद नजर आ रही है। अब बॉत कर ले देश में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों के आन्दोलन, सरकारी नौकरियों के पर्चे लीक होने सहित अन्य मुद्दों पर मोदी की गारन्टी भारी पड़ रही है। विपक्ष पर सीधे हमले करने के साथ भाजपा का जमीन से लेकर शीर्ष स्तर तक का नेता भाजपा सरकार की इन उपलब्धियों को गिना रहा है। देश में पिछले 10 साल में टूरिज्म सेक्टर में अभूतपूर्व उछाल आया। देश में कम से कम पूंजी निवेश में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने वाला अवसर बना। 10 साल में एयरपोर्ट दो गुने बने। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा एविएशन सेंटर बना। भारत ने 1000 नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया. जब ये एयरक्राफ्ट आएंगे तो रोजगार के अवसर बढ़ेंगे. पायलट, क्रू, टेक्निकल स्टाफ को नौकरी मिलेगी। सरकार की डायरेक्ट बैनिफिट स्कीम से लोग लूटने से बचे। पहली बार मछुआरों के लिए अलग मंत्रालय बना। हमने पशुओं को 50 करोड़ से ज्यादा के टीके लगाए हैं। आज देश में करीब-करीब एक करोड़ लखपति दीदी हैं। आने वाले कार्यकाल में तीन करोड़ लखपति दीदी होगी। हर घर जल योजना से 11 करोड़ परिवारों को पीने का शुद्ध पानी नलों से मिल रहा है। 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की सुविधा, देश में पहली बार रेहड़ी पटरी वाले साथियो कों आसानी से बैंक लोन मिला। आधार बैंक के आधार पर दावा किया जा रहा है कि 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए।

# रोजगार और भाजपा के वादे

**अजय बोकिल**



आसन्न लोकसभा चुनाव की अधिकृत घोषणा के पहले ही बेरोजगारी को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश शुरू हो चुकी है। च्भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रणनीति यह है कि केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा को रोजगार के पिच पर खिलाया जाए। दूसरी तरफ भाजपा इस पिच पर आने से बच रही है। उसे रोजगार से ज्यादा पीए मोदी की लोकप्रियता, रामलला मंदिर और अपने राजनीतिक जोड़-तोड़ पर ज्यादा भरोसा है। सवाल यह है कि अमूमन हर चुनाव में अहम मुद्दे की तरह परोसा जाने वाला रोजगार का मुद्दा क्या इस चुनाव में गेम चेंजर साबित हो सकेगा? या हमेशा की तरह यह अनुषांगिक मुद्दा ही रहेगा? राहुल अपनी सभाओं में यह गारंटी दे रहे हैं कि यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वो 30 लाख युवाओं को रोजगार देंगे (उनका आशय मुख्य रूप से सरकारी नौकरी से है)।

दूसरी तरफ वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर यह आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने देशवासियों के समक्ष किए 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने के अपने वादे को पूरा नहीं किया। बेशक, भारत जैसे देश में जहां 18 से 35 वर्ष के दर्मियान काम करने योग्य आबादी करीब 60 करोड़ है और जहां 10 करोड़ से अधिक लोग बेरोजगार हों, वहां रोजगार का वादा एक गंभीर और आकर्षक चुनावी मुद्दा हो सकता है और होना भी चाहिए। लेकिन रोजगार को लेकर इस चुनावी वादे की व्यावहारिकता और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की वादाखिलाफी के आरोपों की सच्चाई जानने के लिए तह तक जाना जरूरी है। पहला सवाल पीएम मोदी द्वारा देश में 2 करोड़ रोजगार न दे पाने के वादे और उसे पूरा न कर पाने का है। क्या बीते दस सालो में मोदी ने कभी अपने भाषणों में ऐसा कोई वादा किया था? किया था तो कब और कहां किया था? मजेदार बात यह है कि यह आरोप भाजपा के ही पूर्व सांसद और मोदी विरोधी समझे जाने सुब्रह्मण्यम स्वामी ने भी दोहराया था। उन्होंने कहा था पीएम ने 15 अगस्त 2017 को लाल किले से दिए अपने भाषण में कहा था कि वो देश में 2 लोगों को रोजगार देंगे और हर परिवार को घर मुहैया कराएंगे। लेकिन हकीकत में पीएम मोदी के उस पूरे भाषण में ऐसा कोई जिक्र नहीं था। एक बड़े टीवी न्यूज चैनल ने अपने सोशल मीडिया फैक्ट चैक में पकड़ा कि पीएम द्वारा जिस 2 करोड़ रोजगार देने की बात चलाई जा रही है वह आंकड़ा दरसअल 1 करोड़ का है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगरा में 23 नवंबर 2013 को हुई एक आम सभा के भाषण के दौरान का है। इसमें चालाकी यह है कि इसे संपादित करके चलाया गया। पूरे भाषण में मोदी (तब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और भाजपा के प्रधानमंत्री पद के दावेदार थे) कहते हैं कि (तत्कालीन) यूपीए 2 सरकार ने आप से (जनता से) 1 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। क्या आप में से किसी को भी रोजगार मिला? जनता से जवाब आता है- नहीं। जो वीडियो चलाया गया, उसमें च्यूपीए सरकार नेज् वाला हिस्सा काट दिया गया और इसे मोदी के चुनावी वादे के रूप में प्रचारित किया गया। दरअसल, संपादन की यह बदमाशी कुछ उसी तरह की है, जिसमें एक वीडियो में राहुल गांधी को आलू से सोना बनाने की बात कहते हुए दिखाया जाता है। जबकि इस भाषण में राहुल यह वाक्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से कहते हैं। उनके भाषण से मोदी ने कहा था वाक्य गायब कर दिया जाता है और बाकी का हिस्सा भाजपा चलवा देती है। यह सवाल फिर भी बाकी है कि 2 करोड़ का आंकड़ा आया कहां से? क्या कोई सरकार सचमुच सीधे तौर इतने लोगों को सरकारी या अर्द्ध सरकारी नौकरी दे सकती है? खासकर तब कि जब पूरे देश में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कुल नौकरियां ही डेढ़ करोड़ के आसपास हों और सरकारें लगातार कर्ज लेकर अपना खर्चा पानी चला रही हों। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी ने जो आरोप तत्कालीन यूपीए 2 सरकार पर लगाया था, उसे ही दो गुना करके अब नरेन्द्र मोदी सरकार पर मढ़ा जा रहा है। वैसे भी भारत में अमूमन जो पार्टियां या गठबंधन सत्ता में आने के प्रति आश्वस्त रहती हैं, वो अपने घोषणा-पत्रों में रोजगार के मामले में निश्चित आंकड़े देने से बचती हैं। उनका घोषणा पत्र ज्यादातर लफ्फाजी भरा ही रहता है। लेकिन जिस पार्टी को खुद पर भरोसा कम रहता है, वो अपने चुनावी वादों में भारी भरकम आंकड़े देने या तस्वीर का भयावह स्वरूप पेश करने में कोताही नहीं करतीं। यहां हम भाजपा और कांग्रेस के पिछले तीन आम चुनावों के घोषणा-पत्रों की तुलना करें तो तस्वीर साफ हो जाती है। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा-पत्रों में यह वादा तो किया है कि सत्ता में आने पर ज्यादा रोजगार निर्माण की परिस्थितियां पैदा करेगी, लेकिन कितने लोगों को, किस समयावधि में रोजगार मिलेगा, इसका कोई स्पष्ट जिक्र या गारंटी नहीं है। यह स्थिति 2014 और 2019 के भाजपा के लोस चुनाव के घोषणा-पत्रों की है। लेकिन 2009 के लोस चुनाव में जब भाजपा को महज 116 सीटों पर जीत मिली थी और इसके साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के पीएम बनने की आकांक्षा पर समाप्ति की मुहर लग गई थी, उस घोषणा-पत्र में जरूर भाजपा ने आईटी सेक्टर में 1.2 करोड़ लोगों को रोजगार मुहैया कराने का वादा किया था। जबकि भाजपा के 2014 के घोषणा-पत्र में रोजगारपरक प्रशिक्षण और 2019 के लोस चुनाव घोषणा-पत्र में भाजपा का जोर कौशल विकास पर था।

# ईवीएम विरोधी प्रदर्शन

**तनवीर जाफ़री**




भारतीय चुनावों में ईवीएम यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के इस्तेमाल का विरोध एक बार फिर बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। आये दिन कोई न कोई राजनैतिक व सामाजिक संगठन राजधानी दिल्ली में ईवीएम विरोधी प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल भारत में पहली बार प्रयोग के तौर पर ईवीएम का इस्तेमाल 1982 में केरल की पारुर विधानसभा क्षेत्र में किया गया था। बाद में 1999 के लोकसभा चुनावों में देश में ईवीएम का प्रयोग देश के कुछ सीमित निर्वाचन क्षेत्रों में किया गया। इसके पश्चात 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद से भारत में प्रत्येक लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन द्वारा ही संपन्न करायी जाने लगी । ईवीएम का प्रयोग शुरू से ही विवादित रहा है। सच पूछिये तो भारत का प्रत्येक राजनीतिक दल व उनके अनेक बड़े नेता कभी ना कभी ईवीएम का विरोध कर चुके हैं। जब से ईवीएम का इस्तेमाल हो रहा है तब से अभी तक शायद ही कोई चुनाव ऐसा गुज़रा हो जहाँ ई वी एम को लेकर सवाल न उठे हों या संदिग्ध परिस्थितियों में संदिग्ध स्थानों से ई वी एम मशीनें न पायी गयी हों। ऐसे आरोप भी लगे हैं कि मतदाता ई वी एम के द्वारा अपना वोट तो किसी और पार्टी के उम्मीदवार को देते हैं परन्तु वह जाता किसी दूसरे उम्मीदवार के खाते में है। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने यहाँ तक कि 2009 के आम चुनाव के बाद पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे।

भाजपा नेता जी.वी.ल नरसिम्हा राव ने तो लोकतंत्र ख़तरे में शीर्षक से ईवीएम पर एक पुस्तक भी लिखी थी। इसी किताब में उन्होंने यहां तक लिखा था कि ÷मशीनों के साथ छेड़छाड़ हो सकती है, अतः भारत में इस्तेमाल होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन भी इसका अपवाद नहीं है। ऐसे कई उदाहरण हैं जब एक उम्मीदवार को दिया वोट दूसरे उम्मीदवार को मिल गया है या फिर उम्मीदवारों को वह मत भी मिले हैं जो कभी डाले ही नहीं गए। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी भी ईवीएम पर सवाल उठा चुके हैं। परन्तु देश के बदलते राजनैतिक परिवेश में आज स्थिति यह है कि कभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के इस्तेमाल का सबसे प्रबल विरोध करने वाले दल व इनके नेता इस विषय पर आज ख़ामोश हैं। संभव है कि पूर्व में इन्होंने अपनी सुविधा-असुविधा व राजनैतिक नफ़े नुक़सान या फिर चुनाव परिणामों के अनुसार पहले तो ईवीएम का विरोध किया हो परन्तु चूँकि अब उन्हीं को ईवीएम से होने वाले चुनाव परिणाम प्रायः मुआफ़िक़ आते हैं लिहाज़ा शायद अब वही लोग अन्य दलों व उनके नेताओं के ईवीएम विरोध को ख़ारिज कर रहे हों परन्तु सबसे बड़ा सवाल यह है कि आख़िर दुनिया के कौन कौन से देश ऐसे हैं जहाँ चुनावों में ईवीएम का इस्तेमाल शुरू तो किया गया परन्तु इसे बाद में बंद कर पुनः बैलट पेपर पर चुनाव कराये जाने लगे। और क्या वजह थी कि यह देश ईवीएम जैसी आधुनिक वोटिंग प्रणाली को छोड़ कर पुनः बैलट पेपर जैसी पुरानी व ख़र्चीली व्यवस्था पर उतर आये ? ऐसे देशों में जापान प्रमुख देश है जहां 2002 में ईवीएम से वोटिंग शुरू की गई थी। वहां की सरकार को उम्मीद थी कि ईवीएम के इस्तेमाल से चुनावों में पारदर्शिता आयेगी। परन्तु ऐसानहीं हुआ। ख़र्चीली होने व पारदर्शी ना होने के चलते 2016-17 में जापान सरकार ने पुनः बैलट से मतदान करवाने का निर्णय लिया। इसी तरह इंग्लैंड ने भी चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल से परहेज़ किया। इंग्लैंड ने चुनावों में पारदर्शिता व निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिये राजनीतिक चुनावों में ईवीएम जैसे आधुनिक तरीक़ों के इस्तेमाल से खुद को दूर रखा। जनवरी 2016 में, यूके संसद ने खुलासा किया कि वैधानिक चुनावों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग शुरू करने की उसकी कोई योजना नहीं है। इसी तरह जर्मनी में तो केवल दो मतदाताओं ने जर्मन संवैधानिक न्यायालय के समक्ष इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम की निष्पक्षता पर सवाल उठाया था परिणाम स्वरूप जर्मन संवैधानिक न्यायालय ने वोटिंग मशीनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया और इसके प्रयोग को असंवैधानिक क़रार दे दिया। इसी तरह नीदरलैंड ने भी ईवीएम के इस्तेमाल पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया है कि उनमें पारदर्शिता की कमी है। बांग्लादेश चुनाव आयोग ने भी पिछले दिनों हुए अपने 12वें संसदीय चुनावों में ईवीएम का इस्तेमाल नहीं किया। बांग्लादेश सरकार द्वारा यह निर्णय प्रमुख विपक्षी राजनैतिक दलों द्वारा ईवीएम के विरुद्ध किये गये प्रचंड विरोध के बाद लिया गया था । आयरलैंड भी उन देशों में है जिसने ने ईवीएम के उपयोग पर तीन वर्षों तक 51 मिलियन पाउंड से अधिक ख़र्च करने के बावजूद ईवीएम में विश्वास और पारदर्शिता की कमी का हवाला देते हुए ईवीएम को समाप्त कर दिया और पुनः बैलट पेपर की ओर वापस आ गया। और भी कई देश इस सूची में शामिल हैं जो ईवीएम से सिर्फ़ इसलिये तौबा कर चुके हैं ताकि उनके देशों में चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी हो सकें। अब भारत में भी ईवीएम के इस्तेमाल के विरुद्ध न केवल देश के अधिकांश विपक्षी राजनैतिक दल लामबंद हैं बल्कि अनेक प्रतिष्ठित समाजसेवी, समाजसेवी संगठन व सुप्रीम कोर्ट के अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता, तमाम क़ानूनविद भी ईवीएम के इस्तेमाल के विरुद्ध सड़कों पर हैं। यह और बात है कि गोदी मीडिया इन ईवीएम विरोधी प्रदर्शनों की ओर तवज्जोह नहीं दे रहा है। जबकि ईवीएम का प्रबल विरोध करने वाले कई वरिष्ठ क़ानूनविद यहाँ तक कह रहे हैं कि वे किसी भी सूरत में 2024 के आम चुनाव ईवीएम से नहीं होने देंगे। ऐसे में यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या वजह कि ईवीएम के व्यापक विरोध और विरोध के तर्कों के बावजूद सरकार इस प्रणाली से पीछा छुड़ाकर पुनः बैलट पेपर से चुनाव की व्यवस्था क्यों नहीं कर रही? ऐसे में यह देखना होगा दिलचस्प होगा कि मदर ऑफ़ डेमोक्रेसी भारत वर्ष में चुनाव पूर्व होता ई वी एम का व्यापक विरोध आख़िरकार क्या रंग लायेगा?

> संभव है कि पूर्व में इन्होंने अपनी सुविधा-असुविधा व राजनैतिक नफ़े नुक़सान या फिर चुनाव परिणामों के अनुसार पहले तो ईवीएम का विरोध किया हो परन्तु चूँकि अब उन्हीं को ईवीएम से होने वाले चुनाव परिणाम प्रायः मुआफ़िक़ आते हैं लिहाज़ा शायद अब वही लोग अन्य दलों व उनके नेताओं के ईवीएम विरोध को ख़ारिज कर रहे हों परन्तु सबसे बड़ा सवाल यह है कि आख़िर दुनिया के कौन कौन से देश ऐसे हैं जहाँ चुनावों में ईवीएम का इस्तेमाल शुरू तो किया गया परन्तु इसे बाद में बंद कर पुनः बैलट पेपर पर चुनाव कराये जाने लगे। और क्या वजह थी कि यह देश ईवीएम जैसी आधुनिक वोटिंग प्रणाली को छोड़ कर पुनः बैलट पेपर जैसी पुरानी व ख़र्चीली व्यवस्था पर उतर आये ? ऐसे देशों में जापान प्रमुख देश है जहां 2002 में ईवीएम से वोटिंग शुरू की गई थी। वहां की सरकार को उम्मीद थी कि ईवीएम के इस्तेमाल से चुनावों में पारदर्शिता आयेगी। परन्तु ऐसानहीं हुआ। ख़र्चीली होने व पारदर्शी ना होने के चलते 2016-17 में जापान सरकार ने पुनः बैलट से मतदान करवाने का निर्णय लिया। इसी तरह इंग्लैंड ने भी चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल से परहेज़ किया। आयरलैंड भी उन देशों में है जिसने ने ईवीएम के उपयोग पर तीन वर्षों तक 51 मिलियन पाउंड से अधिक ख़र्च करने के बावजूद ईवीएम में विश्वास और पारदर्शिता की कमी का हवाला देते हुए ईवीएम को समाप्त कर दिया और पुनः बैलट पेपर की ओर वापस आ गया। और भी कई देश इस सूची में शामिल हैं जो ईवीएम से सिर्फ़ इसलिये तौबा कर चुके हैं ताकि उनके देशों में चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी हो सकें। अब भारत में भी ईवीएम के इस्तेमाल के विरुद्ध न केवल देश के अधिकांश विपक्षी राजनैतिक दल लामबंद हैं बल्कि अनेक प्रतिष्ठित समाजसेवी, समाजसेवी संगठन व सुप्रीम कोर्ट के अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता, तमाम क़ानूनविद भी ईवीएम के इस्तेमाल के विरुद्ध सड़कों पर हैं। यह और बात है कि गोदी मीडिया इन ईवीएम विरोधी प्रदर्शनों की ओर तवज्जोह नहीं दे रहा है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली को दी 64 परियोजनाओं की सौगात

# आज आस्था का भरपूर हो रहा सम्मान

### पहले राम का नाम लेने पर चल जाती थी गोली, अब यूपी में आस्था-आजीविका का संगम

**विपक्ष पर बरसे सीएम योगी**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश नई पहचान बना चुका है। यूपी ने देश की रफ्तार को बढ़ाने में अपना योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी जाएं, आज लोग आपका सम्मान करते हैं। आशाभरी निगाहों से देखते हैं। यूपी आज युवाओं की आजीविका का केंद्र और भारत की आस्था का केंद्र भी बना है। आस्था और आजीविका का अद्भुत संगम है। नए भारत के नया उत्तर प्रदेश है, जिसमें सुरक्षा के साथ समृद्धि भी है। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा की व्यवस्था भी है। सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सुरक्षा का यह वातावरण क्या समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग दे पाते, क्या आजीविका का प्रबंधन कर पाते? क्या आपकी आस्था का सम्मान कर पाते। ये लोग आस्था का सम्मान के नाम पर क्या करते थे। राम का नाम लेने पर ही लाठी और गोली चल जाती थी। आज आस्था का भरपूर सम्मान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों की अयोध्या की समस्या का समाधान हो चुका है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। जनसभा से पहले मुख्यमंत्री योगी ने मंच पर बटन दबाकर 328.43 करोड़ रुपये की 64 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह, राज्य मंत्री अरुण कुमार, भाजपा सांसद संतोष गंगवार आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जनसभा के बाद मुख्यमंत्री योगी जीआईसी ऑडिटोरियम से पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल की लॉन्चिंग कार्यक्रम में वर्चुअली तौर पर शामिल हुए। यहां से नवनिर्मित महादेव पुल से होते हुए आदिनाथ चौक पहुंचे। वहां डमरू चौराहा का उद्घाटन किया। इसके बाद त्रिशूल एयरबेस से लखनऊ रवाना के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चार एएसपी, छह सीओ समेत 1200 पुलिसवालों की ड्यूटी शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाई गई है। पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात किए गए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को नाथ कॉरिडोर की भी आधारशिला रखी। नाथ कॉरिडोर के तहत अलखनाथ, वनखंडीनाथ, पशुपतिनाथ, त्रिवटीनाथ, धोपेश्वरनाथ, तपेश्वरनाथ व मढ़ीनाथ मंदिर के रास्ते को आपस में जोड़ा जाएगा। सड़कों का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण होगा। लोकार्पण के बाद 105 करोड़ की लागत से बने 1,306 मीटर लंबे महादेव पुल पर वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। इस पुल पर 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार तय की गई है। इसका बोर्ड भी लगा दिया गया है। इस पुल के शुरू होने से जाम की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है।

# कांग्रेस को झटका, राहुल के करीबी राष्ट्रीय सचिव ने छोड़ा हाथ का साथ

- भाजपा का थामा दामन
- अजय कपूर उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के रिश्तेदार हैं



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और बिहार के सह प्रभारी ने हाथ का साथ छोड़ दिया है। उन्होंने दिल्ली में भाजपा का दामन थाम लिया है। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और बिहार के सह प्रभारी अजय कपूर ने आज भाजपा का दामन थाम लिया है। अजय कपूर राहुल गांधी के करीबी माने जाते थे। अजय कपूर यूपी में कांग्रेस के बड़ा चेहरा थे।

कांग्रेस उन्हें कानपुर से अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाना चाहती थी। अजय कपूर उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के रिश्तेदार हैं। बड़े उद्योगपति भी हैं। 2002 में पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद लगातार तीन चुनावों में उन्होंने जीत दर्ज की थी। वह 2002 से 2017 तक विधायक रहे हैं। अजय कपूर कानपुर की गोविंद नगर और किदवई नगर सीट से विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और कानपुर पार्टी के कद्दावर नेता माने जाने वाले अजय कपूर के भारतीय जनता पार्टी में जाने से कांग्रेस में दमदार नेताओं की जगह खाली हो गई है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है, क्योंकि कांग्रेस के कानपुर से बड़े नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल अब पूरी तरह कांग्रेस के राजनीति से बाहर हो चुके हैं। वह स्वास्थ्य और अधिक उम्र की वजह से पार्टी में काफी दिनों से सक्रिय नहीं हैं। अजय कपूर के जाने से कांग्रेस में एक नई बात यह होगी कि अब कांग्रेस पार्टी में नए नेताओं को आगे आने का मौका मिलेगा। इधर अजय कपूर के भाजपा में आ जाने से स्थानीय इकाई में भी खींचतान मचेगी। अजय कपूर, क्योंकि तीन बार के विधायक रहे है और लगातार चुनाव भी लड़ते आए हैं। ऐसे में वह भाजपा में भी पूरी कोशिश करेंगे की उन्हें कोई मजबूत जगह मिले। ऐसे में अजय कपूर के भाजपा में आने से भाजपाइयों में जहां पार्टी का कुनबा बढ़ने की खुशी है। वहीं पर पार्टी के जो लोग आने वाले समय में विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं उनके अंदर कस मकस भी है। ठीक लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के बड़े नेता के भाजपा में आने से भाजपा वोट बैंक बढ़ेगा। पंजाबी वोट बैंक के अलावा भी अजय कपूर का शहर के दक्षिण क्षेत्र में अच्छा वोट बैंक है।

# पूर्व डीजीपी आर के विश्वकर्मा बने मुख्य सूचना आयुक्त



**लखनऊ।** राज्य सूचना आयोग के लिए चयनित मुख्य सूचना आयुक्त व 10 राज्य सूचना आयुक्तों का शपथ ग्रहण बुधवार को सुबह राजभवन में हो गया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पूर्व डीजीपी आर के विश्वकर्मा को मुख्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई।

इसी तरह मो. नदीम, वीरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, राकेश कुमार, दिलीप अग्निहोत्री, राजेन्द्र कुमार सिंह, पदम द्विवेदी, शकुंतला गौतम, गिरजेश कुमार चौधरी और स्वतंत्र प्रकाश को सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई गई। शासन ने हाल में पूर्व डीजीपी राजकुमार विश्वकर्मा को मुख्य सूचना आयुक्त व इनके साथ ही पत्रकार, अधिवक्ता व समाज के विभिन्न क्षेत्र के दस लोगों को राज्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया था। शपथ ग्रहण के बाद सभी औपचारिक रूप से सूचना आयोग में कामकाज शुरू करेंगे।

# ग्रामीण होम-स्टे की चलन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग चयनित गॉवों में बढ़ा रहा सुविधायें

- प्रमुख पर्यटन स्थलों के समीप फार्मस्टे की स्थापना के लिए पर्यटन नीति में सब्सिडी की सुविधा : जयवीर सिंह



**लखनऊ।** ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में आगंतुकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से यूपी पर्यटन विभाग ने विभिन्न ग्रामीण होमस्टे प्रदाताओं के साथ अनुबंध किया है।

ये होमस्टे स्थानीय संस्कृति और स्थानीय लोककलाओं के साथ व्यंजनों से जुड़े अनूठे फार्म स्टे का अनुभव प्रदान करते हैं। अयोध्या से केवल 70 किलोमीटर दूर बस्ती में माइ मॉम ग्रामीण होमस्टे और बांदा जिले के उदयपुरवा में ईको-विलेज परियोजना के तहत च्युलमोहर ग्रामीण होमस्टे ऐसा ही उदाहरण है। इन होम स्टे में 4-5 कमरे होते है, जिनमें सभी मूलभूत सुविधाएं होती है। पर्यटन विभाग ग्रामीण और प्रमुख गंतव्यों के निकट फार्म स्टे की स्थापना के लिए पर्यटन नीति 2022 अन्तर्गत सब्सिडी भी प्रदान कर रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कतिपय चयनित गांवों को ग्रामीण पर्यटन केंद्रों में तब्दील किया जा रहा है, जो स्थानीय संस्कृति के साथ ग्रामीण पर्यटन का विशिष्ट अनुभव प्रदान करते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी होने के साथ, ये हब आगंतुकों को एक्सपिरियन्स टूरिज़्म का अनुभव प्रदान करते हैं। यहाँ पर्यटक ग्रामीण परिवेश के शुद्ध वातावरण में समय बिताने के साथ मौसमी फसलों और बाग-बगीचों से भी परिचित होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण जीवन की अपनी विशिष्ट संस्कृति होती है। इसके साथ आस्थाओं, मान्यताओं तथा विविध गतिविधियाँ ग्रामीण जीवन को अनूठा बनाती हैं। होम स्टे के माध्यम से आगन्तुकों को ग्रामीण अंचलों की विभिन्न गतिविधियों से परिचित होने का अवसर प्राप्त होता है। श्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मारकों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और ग्रामीण पर्यटन का चलन तेजी से बढ़ रहा है। लोग शहरी प्रदूषण और भागमभाग जिंदगी की व्यवस्तताओं से छुटकारा पाकर शांति की तलाश में प्रकृति के बीच ग्रामीण परिवेश में समय बिताकर तरोताजा होने के उद्देश्य से ग्रामीण पर्यटन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज उ0प्र0 के गॉव तक बदलाव की लहर पहुंच चुकी है। गॉव अपनी प्राचीन विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए आधुनिकता की दौड़ में शामिल हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण कृषि-पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में देश के सबसे अधिक गाँव हैं, जिनमें से प्रत्येक गाँव ग्रामीण जीवन और कृषि पद्धतियों की एक अनूठी झलक पेश करता है। ग्रामीण पर्यटन और एग्रो टूरिज्म के बढ़ते चलन को देखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ग्रामीण और कृषि-पर्यटन विकास के लिए 229 गांवों की पहचान की है। इन ग्रामों में ठहरने और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

# अब घर बैठे रामलला की आरती देख सकेंगे भक्त

- दूरदर्शन ने शुरू किया प्रसारण



**लखनऊ।** रामलला के भक्तों को राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से एक नई सुविधा प्रदान की गई है। भक्त घर बैठे हर दिन सीधे अयोध्या से आरती का लाइव प्रसारण देख सकते हैं। दूरदर्शन रोज सुबह 6.15 बजे अयोध्या में राम मंदिर से दैनिक आरती का प्रसारण करेगा। इसका शुभारंभ हो गया है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से राम मंदिर भक्तों के लिए खोला गया था। मंदिर खुलते ही रामलला के दर्शन को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रामलला के दरबार में भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। रोजाना डेढ़ से दो लाख भक्त रामलला के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही रामलला की आरती में शामिल होने के लिए ट्रस्ट की ओर से पास की व्यवस्था शुरू की गई थी।

श्रृंगार, भोग व शयन आरती में सम्मिलित होने के लिए ट्रस्ट की ओर से पास जारी किए जाते हैं। अब रामलला की सुबह 6.15 बजे होने वाली श्रृंगार आरती के लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था शुरू कर दी गई है। दूरदर्शन ने मंगलवार को पहले दिन इसका ट्रायल किया है। 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक लगभग 75 लाख श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि रामलला की श्रृंगार आरती का लाइव प्रसारण दूरदर्शन की ओर से शुरू कर दिया गया है। जल्द ही रामलला की संध्या आरती के भी लाइव प्रसारण की व्यवस्था शुरू कराई जाएगी।

# कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत आबादी ने खाई एल्बेन्डाजॉलः पाठक



**लखनऊ।** यूपी में इस बार के कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत लक्षित आबादी ने पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खाई है जबकि पिछले अभियान में 79 प्रतिशत बच्चों, किशोर और किशोरियों ने ही एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया था। इस दवा के सेवन से जहां स्वास्थ्य व पोषण में सुधार होता है वहीं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एनीमिया नियंत्रण रहता है साथ ही बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ती है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में दवा सेवन करवाने में इस वर्ष जो उपलब्धि मिली उसके पीछे स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अथक प्रयास के साथ जनमानस की जागरूकता का बड़ा सहयोग है। हम स्वास्थ्य व पोषित समाज निर्माण की ओर लगातार अग्रसर हैं।

आशा है कि प्रदेश की नई पौध अन्य के मुकाबले ज्यादा स्वस्थ होगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि फरवरी में कृमि मुक्त अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खिलाने के लिए अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान में प्रदेश के 69 जिलों के 758 ब्लॉक में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के कुल 9.14 करोड़ बच्चों, किशोर और किशोरियों को एल्बेन्डाजॉल खिलाने का लक्ष्य रखा गया था। इस दौरान कुल 7 करोड़ 69 लाख 77 हजार 361 ने एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया। डॉ मनोज ने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त में कृमि मुक्त अभियान चलाया गया था। इस दौरान प्रदेश में लक्ष्य के सापेक्ष 79 प्रतिशत लक्षित बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमि मुक्त की दवा खिलाई गई थी।

# 2023 भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते संबंधों का बेहतरीन साल रहा



**लखनऊ।** शिया पीजी कालेज, लखनऊ में भारत और अमेरिका के बीच सम्बन्धों पर एक व्याख्यान का आयोजन खतीब-ए-अकबर पुस्तकालय में हुआ। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता अमेरिकन एम्बेसी के प्रेस आफिसर जॉन स्लोवर रहे। जॉन स्लोवर ने अपने सम्बोधन में कहा कि अंतराष्ट्रीय सम्बन्ध शतरंज बोर्ड की तरह है जहां देशों के बीच में बहुत कुछ चल रहा है लेकिन यह बात भी जानना आवश्यक है कि विभिन्न देशों के बीच अंतराष्ट्रीय सम्बन्ध वहां के नागरिकों के ऊपर निर्भर होता है। इस समय लगभग 2 लाख 73 हजार से ज्यादा भारतीय छात्र/छात्रायें अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययर कर रहे हैं, और 4 मिलियन से ज्यादा भारतीय वर्तमान समय में अमेरिका में निवास कर रहे हैं।

भारत और अमेरिका के रिश्तों पर आगे बोलते हुए जॉन ने कहा कि भारतीय अमेरिकी बड़ी तेजी से विकास कर रहे हैं जिसका उदाहरण अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस हैं। वहीं आप यह भी देख सकते हैं कि बड़ी-बड़ी टेक कंपनियों में भारतीय मूल के अधिकारी उच्च पदों पर आसीन हैं। 2023 भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते संबंधों का साल रहा है, जहां अमेरिका और भारत में रक्षा के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी व ड्रोन आदि को बनाने में एक दूसरे का सहयोग किया है। यही नहीं हम पर्यावरण, अंतरिक्ष और कई क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं। यह सब तभी सम्भव हुआ है, जब दोनों ही देशों के बीच भरोसा बढ़ा है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्रों को नसीहत देते हुए जॉन स्लोवर ने कहा कि इस समय दुनिया की जो स्थिति है, वहाँ लोग जवाब तलाश रहे हैं। ऐसे समय में अच्छे पत्रकारों की जरूरत है, जो लोगों को वास्तविक स्थिति व खबरों से अवगत कराकर सच्चाई को सामने ला सके। वरिष्ठ पत्रकार ज़हीर मुस्तफ़ा ने अपने सम्बोधन में भारत और अमेरिका के बीच अभी तक जो रिश्तें रहे हैं, उस पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का आयोजन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, शिया पी0 जी0 कॉलेज, लखनऊ के तत्वाधान में किया गया था। व्याख्यान का संचालन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के समन्वयक डॉ0 प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विभाग के शिक्षक डॉ सै हुज्जत रज़ा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर एवं शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव, मौलाना यासूब अब्बास, सम्पत्ति अधिकारी डॉ0 एज़ाज़ अब्बास, यूएस एम्बेसी के मीडिया सलाहकार सै0 जफर मेंहदी, प्रो0 बी0 बी0 श्रीवास्तव, प्रो0 जर्रीन ज़ेहरा रिजवी, प्रो0 आग़ा मंसूर, डॉ0 रज़ा शब्बीर, डॉ0 सीमा राना, डॉ0 अम्बरीश, डॉ0 राबिन वर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षक व छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

# लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए प्रभारी अधिकारियों, सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ की बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु नामित किए गए प्रभारी अधिकारियों, सहायक प्रभारी अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों के अनुसार गुणवत्तायुक्त कार्यों के निष्पादन से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में की। उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारीगण अपने जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य का पूरी संवेदनशीलता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। सभी अधिकारियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहा की सभी नोडल अधिकारी अपने से संबंधित आवंटित निर्वाचन संबंधी संपूर्ण कार्यों के क्रियान्वन हेतु पीपीटी बनाकर शुक्रवार के बाद बारी बारी से मेरे समक्ष प्रस्तुत करेंगे। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को सभी कॉलेज एवं विद्यालयों में लगे वाहन की सूची भी 2 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने तथा बीएसए को गर्भवती एवं गंभीर रोग से पीड़ितों की सूची भी बनाने के निर्देश दिए। सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित वाहनों की भी सूची उपलब्ध कराएंगे। जनपद में 1480 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 2633 मतदेय स्थल (बूथ) बनाये गए हैं। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष रणनीति बनाने के निर्देश दिए। मतदाता जागरूकतापरक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। सभी अधिकारियों का नैतिक दायित्व है कि अपनी-अपनी निर्धारित निर्वाचन ड्यूटी के अनुसार समय रहते पूरी तरह से अपने कार्यों से भली भांति परिचित होते हुए सम्पूर्ण तैयारी बना लें, जिससे कार्य के दौरान असहज स्थिति न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्य के संबंध में तत्काल कार्रवाई प्रारंभ करते हुए अपने कार्य को पूर्ण कराएं ताकि चुनाव के दौरान समस्त चुनाव के कार्य निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप समय के साथ संपन्न हो सकें।जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए समस्त प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व के अनुसार एक-एक कर विस्तार से बताया। अधिकारियों से विगत चुनाव के दौरान उनके कार्य अनुभव के बारे में भी जानकारी ली। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए नोडल अधिकारियों को उनके विभागीय कार्यों के अनुरूप दी गयी जिम्मेदारियों से सम्बंधित समस्त तैयारियां पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाएं, जिससे त्रुटि की सम्भावना न रहे। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान/मतगणना कार्मिक, ईवीएम, लेखन सामग्री, डाक मतपत्र, कन्ट्रोल रूम का संचालन, एमसीएमसी, स्ट्रॅाग रूम, खान-पान, टेन्ट फर्नीचर, सूचना का आदान-प्रदान, दूरसंचार की व्यवस्था, प्रेक्षक व्यवस्था आदि से सम्बंधित समस्त व्यवस्थाओं पर अबतक की गई तैयारियों की गहन समीक्षा की।

# जालौन के समाजसेवी शिखर मधु श्रीवास्तव को कथा वाचक सीहोर वाले प्रदीप मिश्रा द्वारा कुबरेश्वर धाम में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया सम्मान पत्र



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिले के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय मधु श्रीवास्तव के पुत्र शिखर मधु श्रीवास्तव व कुशाग्र श्रीवास्तव को अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी सीहोर वाले ने कुबेरेश्वर धाम सिहोर में आयोजित शिव महापुराण कथा में उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया है। जालौन नगर में चलाए जा रहे निशुल्क निर्माल्य सामग्री विसर्जन रथ जैसे सराहनीय कार्य के लिए शिखर मधु श्रीवस्तव और कुशाग्र श्रीवास्तव को परिवार सहित कथा स्थल पर गुरु जी द्वारा सम्मान चिन्ह व आशीर्वाद प्राप्त हुआ। ज्ञातव्य है कि शिखर मधु श्रीवास्तव द्वारा पिछले आठ माह से निरंतर नगर में पूजा हवन आदि सामग्री को नदी तालाब में न डालने और जल को स्वच्छ रखने के संदेश के साथ उनके द्वारा नगर में निःशुल्क रथ का भ्रमण कराया जाता है। जो प्रत्येक माह के दूसरे सोमवार को नगर में निकाला जाता है। शिखर मधु श्रीवास्तव ने बताया कि वे गुरुजी प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की महा शिवपुराण कथा का निरंतर श्रवण करते हैं। कथा में गुरुजी ने निर्माल्य सामग्री विसर्जन रथ के बारे में बताया था। उन्होने आगे बताया कि विसर्जन रथ द्वारा घरों व मंदिरों से निकलने वाली पूजन सामग्री जैसे- फूल माला, धूपबत्ती आदि को एकत्रित कर उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाता है। जिसका प्रयोग खाद बनाने में किया जाता है। वास्तव में विसर्जन रथ नदियों की स्वच्छ रखने की दिशा में एक उत्कृष्ट पहल है।

# विद्यावती देवी महाविद्यालय के परिसर में आयोजित हुआ माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम



**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** क्षेत्र के विद्यावती देवी महाविद्यालय वैष्णवी नगर झरही के परिसर में माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद (राज्य सभा) संगीता यादव ने कहा कि छात्राओं को स्वच्छता के बारे में जागरूक रहना चाहिए तथा अपने घर सहित अगल- बगल की महिलाओं को भी जागरूक करना चाहिए। इंडियन ऑयल के आर्थिक सहयोग से चलाये जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद संगीता यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी स्वच्छता के प्रति सचेत है इस लिए स्वच्छता पर जोर देते हुए पूरे देश स्वच्छ बनाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से अपील किया कि खुद स्वच्छ रहे और अन्य को भी स्वच्छता की जानकारी दे। सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने छात्राओं का आह्वान किया कि खुद आत्म निर्भर बने और समाज मे मिशाल कायम करने के लिये पूरी लगन के साथ पढ़ाई पर ध्यान दे। मेहनत बेकार नही जाता एक न दिन कामयाबी जरूर मिलेगी। कार्यक्रम को उपजिलाधिकारी बिकास चन्द्र ने भी सम्बोधित किया। महाविद्यालय के प्रबन्धक बबलू राय ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान भाजपा नेता रमेश कुशवाहा , प्रदीप लाल श्रीवास्तव , डीएन मौर्या , बिनोद सिंह , रमेश चन्द्र यादव , सुधीर सिंह , गुड्डू राय , राजेश यादव ,पवन गिरी , महेंद्र कुमार , सोनू राय , बृजकिशोर साहनी , सतेंद्र साहनी , पिंटू यादव , अम्बरीष पटेल , शैलेन्द्र सिंह , कैलाश यादव , रामू कुमार , मनीष गुप्ता , अमित राय बिजय यादव , मारकंडे सिंह , सन्दीप कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

# तीसरी बार टिकट से हेमा का घमंड सातवें आसमान पर

अवधनामा संवाददाता

- वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी दुत्कारा
- हेमा मालिनी के कार्यक्रम में जमकर हंगामा
- भाजपा कार्यकर्ताओं के स्वागत पर ही बिफरीं सांसद

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी को तीसरी बार भाजपा ने चुनावी मैदान में उतारा है। हर कोई सांसद हेमा को अपने तरीके से बधाई देना चाहता है। विकसित भारत संकल्प पत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। सांसद हेमा का स्वागत सत्कार करने की होड़ कार्यकर्ताओं में लग गई। हेमा ने स्वागत करने आये कार्यकर्ता और पदाधिकारी की भीड़ देखी तो वह परेशान हो गई। स्वागत करने से मना कर दिया।बुधवार को गोवर्धन रोड स्थित बने एक निजी मैरिज होम में भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद हेमा को भी मुख्य अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। हेमा मालिनी कार्यक्रम में पहुंची तो हर कोई उनके स्वागत सत्कार के लिए आतुर दिखा। मथुरा के सभी मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हेमा का स्वागत सत्कार करना शुरू किया। लगातार हो रहे स्वागत सत्कार से सांसद हेमा मालिनी परेशान हो गई।स्वागत सत्कार करने आए कार्यकर्ताओं से उन्होंने स्वागत करने से मना कर दिया। सांसद हेमा की बात को लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्ता नाराज दिखे। मैरिज होम के प्रांगण में कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामा की सूचना पर वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उन्हें शांत करने में जुट गए।मीडिया को जब मामले का पता चली ता मीडिया कर्मियों ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया, तो पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के परिवार का मामला है, ये कहकर मामले को रफा दफा करने की बात कही। वहीं गोवर्धन से आए कुछ कार्यकर्ताओं ने भी सांसद हेमा के लिए बड़ी बात कह दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मोदी इस बार जीतेंगे लेकिन यहां से हेमा मालिनी हारकर जाएंगी।हेमा मालिनी के कार्यक्रम में पहुंचने के बाद कार्यकर्ता और पदाधिकारी उत्सुक नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत गाकर की गई। सांसद के स्वागत सत्कार को लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा था। मंच पर मौजूद सांसद हेमा मालिनी और पदाधिकारी ने लगातार हेमा का स्वागत सत्कार करना शुरू किया। सांसद हेमा मालिनी मुंह बनाती हुई वीडियो में नजर आई। मंच से उन्होंने यह भी घोषणा कर दी की कोई भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता सेल्फी उनके साथ नहीं लेगा।

# रमज़ान बरकतों, रहमतों व गुनाह से बचने का महीना



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है, मुसलमान रोज़े के साथ नमाज़ व कुरान की तिलावत करने में जुट गए हैं। मस्जिदों में तराबीह और घरों पर रोजा अफ्तार का सिलसिला भी शुरू हो गया है। रमजान उल मुबारक के पहले रोजे को मस्जिद पंजतनी इटावा में सैयद अली की ओर से रोजा अफ्तार का आयोजन किया किया गया, इसके बाद तालिब रिज़वी ने कुरान की तिलावत की। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा ने कहा कि रमज़ान उल मुबारक में कुरान नाजिल हुआ और रोज़े फर्ज किये गए। रमजान में अल्लाह रोजेदारों की दुआ को कुबूल करता है। रमजान का महीना बरकतों और रहमतों का महीना है। अल्लाह रमजान में नेकी के दरवाजे खोल देता है और गुनाहों के दरवाजे बंद कर देता है। रमज़ान के महीने में रोज़ा रखना अनिवार्य है। रमज़ान इस्लामी कलेंडर का नवां महीना है जिसमें पूरे माह अल्लाह की इबादत की जाती है। ये वो महीना है जिसमें इंसान झूट, फरेब, धोखे और गुनाह से दूर रहता है। पांच वक्त की पाबंदी से नमाज पढ़ता है, रोज़े रखता है। रमज़ान खुद को पाक करने का महीना है। रमज़ान में रोज़ा रखना, रोज़ेदार की कदर करना, रोज़ेदार का एहतिराम करना भी अल्लाह ने इबादत करार दिया है। इसके अलावा शहर की विभिन्न मस्जिदों में तराबीह का सिलसिला जारी है। जगह- जगह रोजेदारों को अफ्तार कराया जा रहा है।

## 15 से 29 तक होगा निशुल्क खाद्यान्न वितरण

**मथुरा।** जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि आयुक्त महोदय, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के पत्रांक 1117/ आ0पू0रा0-निःशुल्क वितरण/ 2024 दिनांक 11 मार्च 2024 के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह मार्च 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न व बाजरा का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय का कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2024 के सापेक्ष चीनी का वितरण माह मार्च 2024 में 15 मार्च से 29 मार्च के मध्य कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद के समस्त कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्ड पर 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 14 कि0ग्रा0 चावल व 07 कि0ग्रा0 बाजरा तथा पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रतियूनिट 01 कि0ग्रा0 गेहूँ, 02 कि0ग्रा0 चावल व 02 कि0ग्रा0 बाजरा का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। साथ ही अन्त्योदय कार्डो पर त्रैमास जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2024 के सापेक्ष 03 कि0ग्रा0 चीनी प्रतिकार्ड रू0 18/-प्रति कि0ग्रा0 की दर से रू 54/- में चीनी का वितरण किया जाएगा।

# नौकरी और आरक्षण खत्म करना भाजपा सरकार का लक्ष्य

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नौकरी और आरक्षण दोनों खत्म करना चाहती है भाजपा सरकार प्रदीप चौधरी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी ने वर्तमान सरकार के क्रियाकलापों को हासीए पर लिया कहा कि भाजपा सरकार नौकरी और आरक्षण दोनों को समाप्त करना चाहती है इस क्रम में जहां बेरोजगारी चरम पर है वहीं आरक्षण को समाप्त करने की कूटनीति कर रही है। सर्फ नौकरी देने के नाम पर युवाओं को वरगलाने का काम किया जा रहा है बुधवार को जारी विज्ञप्ति में प्रदीप चौधरी ने लोक सेवा आयोग पर हो रहे प्रतियोगी छात्रों के प्रदर्शन का जिक्र किया और कहा कि आयोग पर छात्रों का आंदोलन जायज है। समाजवादी पार्टी पूरी तरह से छात्रों के साथ और उनकी मांगों के साथ है प्रदीप ने कहा कि भाजपा सरकार रोजगार और आरक्षण दोनों को समाप्त करना चाहती है , लेकिन समाजवादी पार्टी रोजगार और आरक्षण दोनों के लिए हर कदम पर युवाओं और छात्रों के साथ है । समाजवादी पार्टी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए प्रदीप चौधरी ने कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए हर स्तर की योजनाओं की क्रियान्वित करने के साथ ही सरकारी दफ्तर में रिक्त पदों पर भरने के लिए भर्तियां न समय पर निकाल जाती रही ताकि युवाओं को सरकारी ऑफिसों के कर्मचारियों की कमी ना हो और नौजवानों को समय अनुसार रोजगार मुहिया कराया जा सके, भाजपा सरकार के रोजगार के वायदे खोखले साबित हो रहे हैं प्रदेश में नौजवान किसान और बेरोजगार की मदद केवल पीडीए सरकार कर सकती है। इसलिए आने वाले 2024 में पीडीए को मजबूत करना होगा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नौजवान किसान दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक गरीब मजलूम के हितेषी है उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार तथा पीडीए को जितना 2024 में अति महत्वपूर्ण है अन्यथा आने वाले समय में लोकतंत्र तथा संविधान पर काले बादल मडराने के संकेत है स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं इसलिए 2024 में भारतीय जनता पार्टी को देश से उखाड़ फेंकना अति महत्वपूर्ण हो गया है।

## सिटी पब्लिक स्कूल ब्रह्म नगर में बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सिटी पब्लिक स्कूल ब्रह्म नगर में नन्हे-मुन्ने बच्चो द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन राधे श्याम शाक्य( महाप्रबंधक ) द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कहा कि छात्रो का विज्ञान प्रति रुझान देश को नए आयाम से जोड़ेगा। उनके प्रयास व प्रदर्शन की प्रशंसा की। विद्यालय के प्रबंधक दीप बिसारिया ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों के मन व मस्तिष्क को प्रदर्शित करता है। बच्चो ने आधुनिक युग के विज्ञान के अविष्कारों को मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया। छात्रों के प्रदर्शन की अभिभावकों द्वारा भी प्रशंसा की गई। छात्रों को उनके उत्कृष्ठ मॉडल के लिए प्रमाण पत्र जारी किए गए। प्रदर्शनी की सफलता में सहयोगी सर्व श्री दिव्यांश, श्रीमती आरती, कु.मुस्कान कु.नेहा कु.दीक्षा, कु.स्वेता, श्री संदीप कुमार, का सराहनीय योगदान रहा।

## कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने एमपी सिंह तोमर



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपनी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की नवनियुक्त टीम घोषित की जिसमें भाजपा नेता एमपी सिंह तोमर को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उन्हें बधाई दिए हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे किसान मोर्चा की जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान टीटू भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता मत्स्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओम रतन कश्यप युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अनिरुद्ध गुप्ता नगर मीडिया प्रभारी अमित वर्मा रोहित पटेल प्रशांत दीक्षित सोमेश अवस्थी कुलदीप यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

## शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए डॉ.कैलाश चंद्र को किया गया सम्मानित

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** चौधरी छेदा लाल व अयोध्या प्रसाद यादव की पुण्य स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह को राधा कृष्ण आश्रम नगला मोढा देव मोडी में आयोजित किया गया। जिसमें बाहर से आए कवियों ने अपनी कविताओं से जमकर प्रभाव छोड़ा एवं आम जनमानस को काफी लंबे समय तक रुक कर सभी कवियों को सुनने को मजबूर किया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव प्रबंधक पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल को स्मृति चिन्ह देकर एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने शिक्षा के प्रचार प्रसार एवं नित नए आयाम स्थापित करने के लिए उनका चयन इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के लिए किया एवं उन्हें सम्मानित किया।

# धारा 370 हटाना, अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण करना सिर्फ डबल इंजन की सरकार में ही संभव है

वहाज अली निहाल



**इटावा।** धारा 370 हटाना अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण करना नागरिकता संशोधन बिल लागू करना यह सिर्फ डबल इंजन की सरकार में ही संभव है आज तक तो जितनी भी सरकार है बनी उन्होंने इन मुद्दों के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया देश की ऐसी पहली सरकार है जो सबका साथ सबका विकास करने के लिए प्रयासरत। उक्त बात सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपनी विधानसभा में अपनी विधायक निधि से निर्मित सड़कों गलियों के लॉकर पर के अवसर पर कही। उन्होंने बुधवार को अपनी विधानसभा की विभिन्न सड़कों का लोकार्पण किया जिसमें विधानसभा इटावा सदर में विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 विकासखंड बढ़पुरा पार पट्टी क्षेत्र के ग्राम पोखरा में डावर रोड से पप्पू मंशाराम के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क, नगर के मोहल्ला शीतलपुर में बृज बिहारी के मकान से बलवीर सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क, मोहल्ला तुलसी अड्डा में रामसेवक कुशवाहा जी के घर से देवी सिंह कुशवाहा के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क नगर के प्रीत विहार कॉलोनी में मनुआ सिंह चौहान के मकान से अस्वनी पोरवाल के मकान तक सी0सी0रोड निर्माण निर्माण कार्य का लोकार्पण किया , ग्राम कछपुरा में नवनिर्मित पंचायत भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर पूर्व जिला अध्यक्ष शिव प्रताप राजपूत युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बिरला शाक्य पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशांत दीक्षित ओम रतन कश्यप मंडल महामंत्री जितेंद्र राजपूत किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बच्चियां माता पिता को मतदान का संकल्प अवश्य दिलाएं

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** वेणी माधव विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज में आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता पर आधारित निबंध व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता के विजेताओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार वितरित किया। जिलाधिकारी जिलाधिकारी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। विद्यालय की बच्चियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चियां घर जाकर अपने माता पिता को मतदान का संकल्प अवश्य दिलाएं। मतदान प्रतिशत में शीर्ष जनपदों में शामिल होने के लिए जनपद के लोगों को शत प्रतिशत मतदान करना है। उन्होंने कहा कि जेन्डर रेशियो बढ़ा है। अब नारी शक्ति की जिम्मेदारी है कि मतदान अवश्य करें। उन्होंने बच्चियों को आयोग की ओर से जारी क्यूआर कोड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम देख सकते हैं। सी विजिल ऐप पर अचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रहता है। ई केवाईसी के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं को समर्पित बूथ बनाये गए हैं। वोट देना अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य भी है।

## सरकार कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है: प्रेमावती



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा पीएम सूरज पोर्टल को लांच किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की कुछ आर्थिक सशक्तिकरण योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया गया। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं के सम्बन्ध में उनके अनुभव जाने। लाभार्थियों ने योजना से उनके जीवन में आये बदलावों के बारे में बताया। नगर पालिका हरदोई के सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थित जनपद के पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति वर्ग के लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए बहुत योजनाएं चला रही है। योजनाओं से इन वर्गों की आर्थिक बेहतर हुई है।

नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने कहा कि सरकार कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए संकल्पित है। अतिथियों द्वारा लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये गए।

इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये गए। इस अवसर पर एलडीएम अरविन्द रंजन, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विनीत कुमार तिवारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध चलाया जा रहा है

**हरदोई।** जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग की गठित संयुक्त टीमों द्वारा लगातार चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत औचक रूप से आबकारी दुकानों की चेकिंग, राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों, वाहनों एवं एल्कोहल व एथेनॉल तथा मिथाइल के टैंकरों की सघन चेकिंग की जा रही है। आज अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध मद्य निष्कर्षण की प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा 30 छापेमारी की कार्यवाही करते हुए लगभग 130 ली0 अवैध कच्ची शराब जब्त किया।

# हमारी सरकार ने सबका साथ सबका विकास किया: सरिता भदौरिया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** 85 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं सहित 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के साथ-साथ इटावा के न्यू इकदिल स्टेशन डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर न्यू इकदिल के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया एकदिल रेलवे स्टेशन लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदोरिया ने कहा कि डीएफसी कॉरिडोर बनने से व्यापार को तो पंख लगेंगे उन्होंने आगे कहा कि 600 करोड़ की लागत से सिग्नल एंड टेलीकॉम एवं रेलवे ट्रैक के न्यू एकदिल रेलवे स्टेशन भवन का निर्माण किया गया है डबल इंजन की सरकार ने रेलवे में अभूतपूर्व कार्य किया है उत्तर प्रदेश में रेल बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए वर्तमान में 19 18 13 करोड रुपए की 5811 से अधिक रेल परियोजना राज्य में प्रगति पर है इस वर्ष के बजट में उत्तर प्रदेश को 19575 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है जिससे उत्तर प्रदेश में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी 2014 से पहले रेल बजट में इटावा स्टेशन पर एक रेलगाड़ी का ठहराव होता था तो उसके लिए लोकसभा में जमकर विपक्ष तालियां बजाता था आज अमृत भारत सहित कई बड़ी ट्रेन इटावा में रूकती है आसपास जुड़े पर्यटन पर भी रेलवे ने बहुत काम किया है इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी रामकुमार त्रिपाठी गौरव चौधरी गौरव राजपूत प्रेम नारायण त्रिपाठी ब्लॉक प्रमुख बसरेहर दिलीप यादव बबलू व्यापारी नेता एमपी सिंह तोमर पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे अशोक चौहान विकास भदोरिया ओम रतन कश्यप सुशील सम्राट अनिल चौधरी रामनरेश नायक जबर सिंह पाल चंदन पोरवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के आतिथ्य में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का कार्यक्रम संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** नेहरू युवा केंद्र , हरदोई के तत्वावधान में आज महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , हरदोई में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुषर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । जिला युवा अधिकारी , प्रतिमा वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि के साथ साथ प्राचार्य जी. डी. सी.,हरदोई , हरि गोविंद सिंह , शासन द्वारा नामित पर्यावरणविद , जिला परियोजना अधिकारी ,नमामि गंगे , अश्वनी कुमार मिश्र , जिला सैनिक कल्याण अधिकारी , कर्नल ओ.पी. मिश्र , वरिष्ट वैज्ञानिक , सी. पी. एन. गौतम जी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया । मुस्कान एंड ग्रुप द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुति की गई । जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा राज्य स्तरीय युवा उत्सव के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया , साथ ही विगत वर्षों में विभिन्न कार्यक्रमों से जनपद में जनजागरुकता करने के लिए नेहरू युवा केंद्र के युवा मंडल सदस्य , प्रियांशु अवस्थी , कैलाश चंद्र , जितेंद्र वर्मा , भवानी प्रसाद शर्मा , सीवी , सुबी को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया । जिला पंचायत अध्यक्ष , द्वारा उपस्थित युवाओं को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा गया कि प्रत्येक युवा को नेहरू युवा केंद्र द्वारा कराए जा रहे कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते रहना चाहिए और इसके माध्यम से अपनी प्रतिभा का विकास करते हुए राज्य और देश में जनपद का , अपने माता पिता और गुरुजनों का नाम रोशन करें। अध्यक्ष द्वारा अन्न, अर्थात मोटे अनाज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि आजकल के युवाओं में प्रोसेस्ड फूड का सेवन करने की प्रवृत्ति हो गई परंतु अब समय आ गया है कि फिर से बाजरा , रागी, कुटकी , कोदो आदि अन्य की ओर बढ़कर इनके सेवन बढ़ाया जाए जिससे शुगर , ब्लड प्रेशर जैसे लाइफस्टाइल समस्याओं से छुटकारा पाया जा सके । आज धूम्रपान निषेध दिवस पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष ने सभी युवाओं से धूम्रपान और अन्य नशे से दूर रहने की अपील की साथ ही युवाओं को अपनी व्यवस्थित दिनचर्या के लिए एक डायरी मेंटेन करने की भी अपील की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष एक मतदाता जागरुकता नाटक का मंचन किया गया , जिसे देखने के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित युवाओं से अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र एवं तृतीय सत्र में वरिष्ट वैज्ञानिक , सी. पी. एन. गौतम जी द्वारा मोटा अनाज विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया । हरिगोविंद सिंह एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी जी द्वारा गरीब कल्याण , नारी शक्ति विषय पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा द्वारा माय भारत पोर्टल के विषय में विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण भी कराया गया । कार्यक्रम के अंतिम सत्र में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया जिसमे प्रतिभागियो द्वारा स्थानीय विषयों जैसे कचरा प्रबंधन , आवारा पशु, लघु उद्योग आदि पर चर्चा की गई।

# पैदल मार्च करके शांति व्यवस्था बनाए रखने का दिया संदेश



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन को शकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं कानून व्यवस्था के लिए जिले में शहर के मुख्य बाजार में अर्ध सैनिक एवं पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करके शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने पक्का तालाब चौराहा से नौरंगाबाद चौराहा, इस्लामिया इंटर कॉलेज होते हुए शास्त्री चौराहा तक पैदल मार्च किया। उन्होंने इस्लामिया इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज बूथों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं विद्युत, पानी, जनरेटर आदि की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जसवंतनगर चौराहा से कोतवाली तक पैदल मार्च किया। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय 1- 8 कंपोजिट विद्यालय बूथ की व्यवस्थाओं को देखा तथा उप जिलाधिकारी जसवंत नगर को व्यवस्थाओं का निरीक्षण किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय नगला जुला बूथ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं वहां पर उपस्थित गांव के लोगों से बातचीत कर वोटरों की संख्या जानी साथ ही साथ जिलाधिकारी ने शिवपाल सिंह महाविद्यालय का निरीक्षण किया एवं संबंधित को दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकार अमित कुमार सिंह उप जिलाधिकारी जसवंतनगर कुमार सत्यम जीत, क्षेत्राधिकार जसवंतनगर विवेक जावला सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## के एमयू परिसर मे एक्सिस बैंक की शाखा खुली

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के परिसर में एक्सिस बैंक की नई शाखा का शुभारंभ हो चुका है जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा.डीडी गुप्ता ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। उनके साथ इस दौरान विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह, एकाउंटेंट हैड नागपाल सहित बैंक मैनेजर नवीन शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के चीफगेस्ट जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सौंख योगेश लंबरदार रहे। बैंक के क्लस्टर हेड अरूण कुमार सिंह ने सभी आंगुतकां का बुग्गे देकर स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि आम आदमी के जीवन स्तर को और ऊंचा उठाने में बैंकों का बड़ा योगदान है। विभिन्न प्रकार के लोन प्राप्त कर लोग अपने कारोबार को बढ़ावा दे सकते हैं। इस क्षेत्र में काफी समय से बैंक शाखा न होने पर ग्रामीणों को शहर की ओर दौड़ना पड़ता था। क्लस्टर हेड अरूण कुमार सिंह, बैंक प्रबंधक नवीन शर्मा ने बताया कि इस शाखा में लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। उपभोक्ता यहां बचत और चालू खाते के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के ऋण, नगद जमा मशीन, लॉकर आदि बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

# नौकरी और आरक्षण खत्म करना भाजपा सरकार का लक्ष्य

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नौकरी और आरक्षण दोनों खत्म करना चाहती है भाजपा सरकार प्रदीप चौधरी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी ने वर्तमान सरकार के क्रियाकलापों को हासीए पर लिया कहा कि भाजपा सरकार नौकरी और आरक्षण दोनों को समाप्त करना चाहती है इस क्रम में जहां बेरोजगारी चरम पर है वहीं आरक्षण को समाप्त करने की कूटनीति कर रही है। सिर्फ नौकरी देने के नाम पर युवाओं को वरगलाने का काम किया जा रहा है बुधवार को जारी विज्ञप्ति में प्रदीप चौधरी ने लोक सेवा आयोग पर हो रहे प्रतियोगी छात्रों के प्रदर्शन का जिक्र किया और कहा कि आयोग पर छात्रों का आंदोलन जायज है।

समाजवादी पार्टी पूरी तरह से छात्रों के साथ और उनकी मांगों के साथ है प्रदीप ने कहा कि भाजपा सरकार रोजगार और आरक्षण दोनों को समाप्त करना चाहती है , लेकिन समाजवादी पार्टी रोजगार और आरक्षण दोनों के लिए हर कदम पर युवाओं और छात्रों के साथ है। समाजवादी पार्टी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए प्रदीप चौधरी ने कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए हर स्तर की योजनाओं की क्रियान्वित करने के साथ ही सरकारी दफ्तर में रिक्त पदों पर भरने के लिए भर्तियां न समय पर निकाल जाती रही ताकि युवाओं को सरकारी ऑफिसों के कर्मचारियों की कमी ना हो और नौजवानों को समय अनुसार रोजगार मुहिया कराया जा सके, भाजपा सरकार के रोजगार के वायदे खोखले साबित हो रहे हैं प्रदेश में नौजवान किसान और बेरोजगार की मदद केवल पीडीए सरकार कर सकती है।

इसलिए आने वाले 2024 में पीडीए को मजबूत करना होगा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नौजवान किसान दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक गरीब मजलूम के हितेषी है उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार तथा पीडीए को जितना 2024 में अति महत्वपूर्ण है अन्यथा आने वाले समय में लोकतंत्र तथा संविधान पर काले बादल मडराने के संकेत है स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं इसलिए 2024 में भारतीय जनता पार्टी को देश से उखाड़ फेंकना अति महत्वपूर्ण हो गया है।

# भारतीय पिस्टल निशानेबाजों ने पैरा विश्व कप में टीम स्वर्ण जीता



मंगलवार को भारत पैरा निशानेबाजी विश्व कप के चौथे दिन मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड (एसएच1) टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। यह मौजूदा विश्व कप में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक हैं। सोमवार को मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) वर्ग में रजत पदक जीता था। रुद्रांश, निहाल सिंह और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक जीता था।

भारत ने मंगलवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के चौथे दिन मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड (एसएच1) टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। यह मौजूदा विश्व कप में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक हैं। रुद्रांश खंडेलवाल (364), आकाश (346) और संदीप कुमार (340) की टीम 1050 के कुल स्कोर के साथ दक्षिण कोरिया (1037) से आगे रही, जबकि चीन (1019) तीसरे स्थान पर रहा।

इसी श्रेणी के व्यक्तिगत वर्ग में, रुद्रांश को कोरिया के किम जुंगनाम के साथ बराबरी पर रहने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोरिया के निशानेबाज ने अधिक 'इनर 10' (बुल्सआई के निकटतम) के आधार पर जीत हासिल की। रुद्रांश हालांकि इस तथ्य से उत्साहित हो सकते हैं कि उन्होंने इस श्रेणी में विश्व जूनियर रिकॉर्ड स्थापित किया। उन्होंने मंगलवार को दो पदक जीत कर अपने कुल पदकों की संख्या चार (एक स्वर्ण, तीन रजत) कर ली।

उन्होंने सोमवार को मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) वर्ग में रजत पदक जीता था। रुद्रांश, निहाल सिंह और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम में रजत भी जीता था।

## आईपीएल 2024 से पहले दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका, हैरी ब्रूक ने टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

दिल्ली कैपिटल्स में कप्तान ऋषभ पंत की वापसी हो रही है। वहीं पंत की वापसी की खुशखबरी के बीच दिल्ली कैपिटल्स को एक झटका भी लगा है। दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक को 4 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन इस इंग्लिश क्रिकेटर ने निजी कारणों के चलते आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च को होना है और दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपना पहला मैच 23 मार्च को खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स में कप्तान ऋषभ पंत की वापसी हो रही है। वहीं पंत की वापसी की खुशखबरी के बीच दिल्ली कैपिटल्स को एक झटका भी लगा है। दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक को 4 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन इस इंग्लिश क्रिकेटर ने निजी कारणों के चलते आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। हालांकि, ब्रूक पहले इंग्लिश खिलाड़ी नहीं हैं जिन्होंने आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस लिया है। इससे पहले जेसन रॉय भी निजी कारणों का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले चुके हैं।

# आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो, धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब



जॉनी बेयरस्टो भारत के लंबे टेस्ट दौरे के बाद हाल ही में स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी।

इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत के लंबे टेस्ट दौरे के बाद हाल ही में स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी।

टेस्ट क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने वाले कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल के सूत्रों ने कहा,''पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।'' इस बीच के पंजाब किंग्स के क्रिकेट निदेशक नियुक्त किए गए संजय बांगड़ टीम के बल्लेबाजी कोच की भूमिका भी निभाएंगे। इस तरह से पंजाब किंग्स ने वसीम जाफर से नाता तोड़ दिया है जो पिछले सत्र में टीम के बल्लेबाजी कोच थे।

आईपीएल का अभी पूरा कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है लेकिन पिछले सत्र की तरह पंजाब की टीम अपने अंतिम दो घरेलू मैच धर्मशाला में खेल सकती है। पंजाब अपने अन्य पांच घरेलू मैच मोहाली में खेलेगा।

# आर अश्विन ने छीना जसप्रीत बुमराह का नंबर-1 का ताज, बल्लेबाजों में रोहित शर्मा को फायदा



टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज का ताज छिन गया। लेकिन इंडियन फैंस के लिए खुशखबरी ये है कि ये तमगा आर अश्विन ने छीना है। धर्मशाला में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला गया था, जो अश्विन के करियर का 100वां टेस्ट मैच भी था।

आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की है। वहीं इंडिया वर्सेस इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज, गेंदबाज और ऑलराउंडर की रैंकिंग में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज का ताज छिन गया। लेकिन इंडियन फैंस के लिए खुशखबरी ये है कि ये तमगा आर अश्विन ने छीना है। धर्मशाला में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला गया था, जो अश्विन के करियर का 100वां टेस्ट मैच भी था। अश्विन ने इस मैच को यादगार बनाते हुए नौ विकेट चटकाए और इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में भी मिला।

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों रैंकिंग में अश्विन के अलावा कुलदीप यादव को भी जबर्दस्त फायदा मिला है। वहीं जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं। अश्विन 870 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। वहीं 847-847 रेटिंग पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं।

रविंद्र जडेजा टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में सातवें पायदान पर बने हुए हैं। वहीं कुलदीप यादव को 15 पायदान का फायदा मिला है और वह 16वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से टॉप 20 टेस्ट गेंदबाज में भारत के चार गेंदबाज शामिल हैं। आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग की बात करें तो केन विलियमसन टॉप पर बने हुए हैं, वहीं जो रूट दूसरे पायदान पर ही हैं।

बाबर आजम को दो पायदान का फायदा मिला है और वह तीसरे नंबर पर आ गए हैं। इसके बाद डेरेल मिचेल और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पांच पायदान का फायदा मिला है और वह पांचवें नंबर पर आ गए हैं। रोहित शर्मा ने धर्मशाला टेस्ट में शतक ठोका था।

यशस्वी जायसवाल को भी दो पायदान का फायदा मिला है और वह आठवें नंबर पर आ गए हैं। विराट कोहली एक पायदान फिसलकर 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। धर्मशाला टेस्ट में शतक लगाने वाले शुभमन गिल को भी रैंकिंग में दमदार फायदा मिला है। 11 पायदान की लंबी छलांग लगाकार गिल 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## राज्य इकाइयों के विदेशी क्रिकेट बोर्ड से सीधे गठजोड़ करने पर रोक लगा सकता है बीसीसीआई

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर आयोजित करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां इस तरह के किसी भी प्रस्ताव पर उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस मामले में 18 मार्च को होने वाली बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला लिया जाएगा। बीसीसीआई को यह फैसला करने के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी करने के लिए बातचीत की है। इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड की तरफ से प्रस्ताव मिला है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा,''राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं लेकिन इस तरह की साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है।

# जेम्स एंडरसन का बयान, कहा कुलदीप यादव को पता था कि वो मेरा 700वां टेस्ट विकेट बनेगा



जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के निचले क्रम के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास हो गया था कि वह उनका टेस्ट क्रिकेट में 700वां विकेट बनेगा। एंडरसन ने भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके अपना 700वां विकेट हासिल किया था।

इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के निचले क्रम के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास हो गया था कि वह उनका टेस्ट क्रिकेट में 700वां विकेट बनेगा। एंडरसन ने भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके अपना 700वां विकेट हासिल किया था।

एंडरसन यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले तेज गेंदबाज और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने अपने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। एंडरसन ने बीबीसी के एक पॉडकास्ट ने कहा,''कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर छोर पर पहुंचा तो तब मैं वापस अपने रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा,'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं। उन्होंने कहा,''उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे।

एंडरसन ने हालांकि कहा कि अगर इंग्लैंड ने यह श्रृंखला जीती होती तो उनकी खुशी दोगुना हो जाती। भारत ने पांच मैच की यह श्रृंखला 4-1 से जीती। उन्होंने कहा,''मैंने जश्न नहीं मनाया। जश्न मनाने के लिए कुछ था भी नहीं। एक दर्शनीय मैदान पर इस तरह की उपलब्धि हासिल करना बहुत अच्छा पल था लेकिन अगर हमने जीत हासिल की होती तो मैं अधिक उत्साहित होता।

इस 41 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा,''मैं रिकॉर्ड के लिए क्रिकेट नहीं खेलता, मैं अपनी टीम को मैच जिताने के लिए क्रिकेट खेलता हूं। मैंने इस दौरे का पूरा आनंद लिया भले ही परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहा लेकिन हम एक टीम के रूप में एकजुट रहे। हमारे युवा स्पिनरों और बल्लेबाजों को इस दौरे से काफी कुछ सीखने को मिला।

# शूटिंग के दौरान हुई मुलाकात... बन गए दोस्त... फिर हुआ प्यार! कुछ इस तरह रही पुलकित सम्राट औरकृति खरबंदा की लव स्टोरी



रकुलप्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी के बाद, बॉलीवुड का यह कपल भी जल्द ही शादी करने जा रहे हैं। दोनों की मुलाकात एक फिल्म सेट पर हुई थी और पिछले कई सालों से ये एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। चलिए आपको इन दोनों की लव स्टोरी की शुरुआत कैसे हुई और कैसे दोनों का प्यार परवान चढ़ा।

फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा की शादी के चर्चे जोरों पर हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कपल 13 मार्च को शादी करने वाले हैं और इनका वेडिंग कार्ड भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों पिछले कई सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। चलिए आपको इन दोनों की लव स्टोरी की शुरुआत कैसे हुई और कैसे दोनों का प्यार परवान चढ़ा।

पुलकित और कृति की मुलाकात फिल्म पागलपंती के सेट पर हुई थी। दोनों ही एकदूसरे को 5 सालों से डेट कर रहे हैं। दरअसल,फिल्म पागलपंती के प्रमोशन के दौरान ही कपल की नजदीकियों की खबरें सामने आने लगी थीं। खबरों के मुताबिक, साल 2019 में दोस्ती की शुरुआत होने के बाद लॉकडाउन के समय दोनों ने एक-दूसरे को अच्छे से जाना और समझा और फिर दोनों के प्यार की शुरुआत हुई।

कृति और पुलकित दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर खूब प्यार लुटाते हैं। दोनों की खूबसूरत फोटोज और प्यारे कैप्शन फैंस की दिल जीत लेते हैं। इंटरव्यू के दौरान खुलकर पुलकित की तारीफ कर चुकी है कृति। उन्होंने कहा था कि पुलकित ने उन्हें कभी बदलने की कोशिश नहीं की। वह जैसी हैं, पुलकित ने वैसे ही प्यार किया और सम्मान दिया और यह किसी लड़की के लिए बहुत बड़ी बात है।

दरअसल, पुलकित सम्राट की यह दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने सलमान खान की मुंहबोली बहन से शादी की थी। हालांकि बाद में दोनों का तलाक हो गया और अब पुलकित-कृतु नई जिंदगी की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# 'रंग दे बसंती' का नाम बदलने का दबाव बना रहे प्रसून?



गीतकार और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) अध्यक्ष प्रसून जोशी पर आरोप लगा है कि उनके कहने पर ही उस भोजपुरी फिल्म का नाम बदलने का निर्देश दिया गया है, जिसका नाम उनके लिखे हिट गानों वाली फिल्म 'रंग दे बसंती' पर रखा गया है। इस बारे में फिल्म निर्माताओं की संस्था इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (इम्पा) ने उन्हें पत्र भी लिखा है। फिल्म बनाने वाले बीते दो हफ्तों से सेंसर बोर्ड के मुंबई दफ्तर के चक्कर पर चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सबका यही कहना है कि 'फाइल चेयरमैन सर के पास है।'

भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बसंती' की रिलीज 22 मार्च को होली पर प्रस्तावित है। फिल्म के सेंसर सर्टिफिकेट के लिए 5 फरवरी को आवेदन किया गया और सेंसर बोर्ड की परीक्षण समिति ने 19 फरवरी को ये फिल्म देखने के बाद अपनी रिपोर्ट भी दे दी। लेकिन, फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट अब तक नहीं मिला है। निर्माता रोशन सिंह का कहना है कि सेंसर बोर्ड उन पर अपनी फिल्म का नाम बदलने के लिए दबाव डाल रहा है। इस बारे में सेंसर बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मिता वत्स शर्मा ने संपर्क करने के बाद भी जवाब नहीं दिया। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह ने बताया, सेंसर ऑफिस से फोन आया और फिल्म के शीर्षक को बदलने को कहा गया। सलाह दी गई कि चूंकि हिंदी में इस शीर्षक के नाम से पहले फिल्म बन चुकी है, लिहाजा इस फिल्म का शीर्षक बदल दिया जाए।' यहां गौरतलब ये है कि अब तक हिंदी फिल्मों के शीर्षक पर 100 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों का निर्माण हो चुका है। हाल ही में भोजपुरी फिल्म कभी खुशी कभी गम को भी सेंसर सर्टिफिकेट दिया गया। भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव की फिल्म 'रंग दे बसंती' के निर्माता रोशन सिंह भी यही कहते हैं कि इससे पहले हिंदी फिल्मों के शीर्षक पर बनी भोजपुरी फिल्म पर सेंसर बोर्ड ने कभी ऐतराज नहीं जताया तो उनकी फिल्म के शीर्षक को लेकर ऐतराज क्यों जताया जा रहा है। वह यह भी बताते हैं कि उन्हें फिल्म को यूए प्रमाणपत्र प्राप्त देने के लिए आवश्यक कुछ कट्स के बारे में सूचित किया गया था। ये काम पूरा करने के बाद जब उन्होंने सेंसर सर्टिफिकेट के लिए सेंसर बोर्ड के मुंबई कार्यालय में संपर्क किया तो बताया गया कि 'फाइल चेयरमैन सर के पास है।'

मुंबई से संचालित हिंदी, मराठी, भोजपुरी, गुजराती तमाम फिल्मों के निर्माताओं की अलग अलग संस्थाएं हैं। इन संस्थाओं के पास ही फिल्मों के नामों का पंजीकरण होता है और ये संस्थाएं आपस में बैठकें करके ये तय करती हैं कि किसी एक भाषा में पहले से उसी नाम की फिल्म तो नहीं बनी है। फिल्म निर्माताओं की संस्था इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने भी इस बारे में सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी को पत्र लिखा है। पत्र में साफ लिखा है कि अगर ये फिल्म तय तिथि को रिलीज नहीं हुई तो इसके चलते फिल्म निर्माता को मोटा नुकसान उठाना पड़ेगा।

# लीफोबेरी की अब तक की यात्रा : प्रकृति के प्रति गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का एक प्रमाण

लीफोबेरी जो की स्किन केयर इंडस्ट्री में एक चमकता और उभरता हुआ सितारा है, वह गुणवान और प्राकृतिक अवयवों के लिए जाना जाता है। अब आपको लीफोबेरी के पर्दे की पीछे की यात्रा दिखाने के लिए आमंत्रित करते हैं और इस यात्रा में आप इसके जन्म की कहानी जानेंगे और साथ साथ उसकी फाउंडर ग़ज़ल बाबेल कोठारी की इसके प्रति अटूट प्रतिबद्धता को देख पाएंगे। लीफोबेरी के माध्यम से न केवल ऐसे प्रोडक्ट बनते है जो हमारी त्वचा के लिए अच्छे हैं बल्कि साथ साथ वह हमारे पर्यावरण की महत्ता को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं।

लीफोबेरी को जन्म दिया ग़ज़ल बाबेल कोठारी ने, एक विशनरी जो वैलनेस और स्वच्छ सौंदर्य के प्रति अपने जुनून को हमेशा से साथ लेकर चल रही हैं। उनका यह सफर अपनी खुद की स्किन केयर प्रॉब्लम से जूझते हुए शुरू हुआ। जब उन्हें अपनी स्किन के लिए गुणवान और नैतिक प्रोडक्ट्स नहीं मिले तो उन्होंने इस मामले को अपने हाथो में ले लिया और एक स्किनकेयर लाइन बनाने के मिशन पर लग गई जो उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव ला पाए। ग़ज़ल ने इस ब्रांड को शुरू करने के पीछे के अपने उद्देश्य को बताया और कहा , मैं स्किन केयर प्रोडक्ट्स की एक ऐसी लाइन बनाना चाहती थी जो प्रोडक्ट के पीछे लिखे गए सामग्री से ही बनी हो। उसमे कोई हेरफेर न हो। इस बात को ध्यान रखते हुए लीफोबेरी का जन्म हुआ और इस विश्वास के साथ हमने इसकी शुरुआत की कि त्वचा की देखभाल सरल, प्रभावी और हानिकारक रसायनों से मुक्त होनी चाहिए। गुणवत्ता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति लीफोबेरी की प्रतिबद्धता इसके संचालन के हर पहलू में व्याप्त है। बेहतरीन प्राकृतिक अवयवों की सावधानीपूर्वक सोर्सिंग से लेकर अपने उत्पादों के सावधानीपूर्वक निर्माण तक, ब्रांड प्रकृति की अखंडता को बनाए रखने पर अत्यधिक महत्व देता है। प्रत्येक उत्पाद को सावधानीपूर्वक और बारीकियों पर ध्यान देकर तैयार किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहकों को त्वचा देखभाल तो मिले ही लेकिन साथ साथ यह समाधान त्वचा और हमारी पृथ्वी पर कोमल भी हो।

प्रोडक्ट गुणवत्ता के साथ साथ लीफोबेरी में अपने प्रोडक्ट की पैकेज डिजाइनिंग में सस्टेनेबिलिटी का भी ख़ास तौर पर ध्यान रखा जाता है। ब्रांड की पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग इस बात को दर्शाती है कि उसके किसी भी प्रोडक्ट से पर्यावरण पर नुकसान नहीं पहुंच रहा है, जिससे ग्राहकों को अपराध-मुक्त होकर लक्जरी त्वचा देखभाल में शामिल होने की अनुमति मिलती है।

लीफोबेरी की प्रोडक्ट लाइन में आपको अलग अलग स्किन टाइप और चिंताओं के समाधान मिलेंगे।कायाकल्प करने वाले सीरम से लेकर पौष्टिक क्रीम तक, हर प्रोडक्ट को प्राकृतिक अवयवों के मिश्रण से तैयार किया जाता है जिसका निष्कर्ष साफ देखने को मिलता है। लीफोबेरी के बेस्टसेलर में साइट्रस ब्लास्ट सीरम और द आई केयर शामिल हैं जिनको उनकी असाधारण प्रभावकारिता और स्किनकेयर रूटीन को बदलने के लिए जाना जाता है। ग़ज़ल अपने ब्रांड को बेहतर करने के लिए सिर्फ अच्छा प्रोडक्ट बनाने पर नहीं ध्यान देती बल्कि वह एक ऐसा ब्रांड विकसित करना चाहती है जो ग्राहकों और हमारे ग्रह पृथ्वी दोनों के लिए समान रूप से वकालत करे । जैसे-जैसे कंपनी विकास कर रही है, गुणवत्ता के प्रति उसका समर्पण और प्रकृति के प्रति प्रतिबद्धता अटूट बनी हुई है। ब्रांड का मिशन सिर्फ त्वचा देखभाल समाधान प्रदान करना नहीं है, बल्कि स्वच्छ सौंदर्य और पर्यावरण प्रबंधन की दिशा में एक आंदोलन को प्रेरित करना भी है।

एक विशनरी फाउंडर के साथ साथ एक जुनूनी और उत्साहित टीम जो की समाज में एक बदलाव लाना चाहती है ,लीफोबेरी पूरी तरह से स्किन केयर इंडस्ट्री को एक नयी परिभाषा देने में लगा हुआ है। जैसे-जैसे उपभोक्ता तेजी से ऐसे उत्पादों की तलाश कर रहे हैं जो उनके मूल्यों के अनुरूप हों, लीफोबेरी स्वच्छ, सचेत सौंदर्य की मांग को पूरा करने के लिए तैयार है।

लीफोबेरी एक ऐसा स्किन केयर ब्रांड है जो उच्च गुणवत्ता, प्राकृतिक और सस्टेनेबल प्रोडक्ट बनाने में विश्वास रखता है। गज़ल बाबेल कोठारी द्वारा स्थापित, लीफोबेरी त्वचा देखभाल की एक श्रृंखला बनाने की यात्रा की परिणति है जो न केवल असाधारण परिणाम देती है बल्कि जिम्मेदारी से ऐसा करती है। अत्याधुनिक विज्ञान के साथ सर्वोत्तम प्रकृति का मिश्रण करके, लीफोबेरी स्किन केयर समाधान प्रदान करता है जिस पर ग्राहक पूरा भरोसा कर सकते हैं और अच्छा महसूस कर सकते हैं। गुणवत्ता और स्थिरता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ, लीफोबेरी स्किन केयर इंडस्ट्री में स्वच्छ सुंदरता के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहा है, जो उपभोक्ताओं को आत्म-देखभाल के लिए अधिक जागरूक अप्रोच प्रदान कर रहा है।


## कार्यालय नगर पंचायत बैतालपुर, देवरिया

पत्रांक– 241/न0पं0बैतालपुर/2023–24 दिनांक 05 मार्च, 2024

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

**(ई–प्रोक्यूरमेन्ट सूचना)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन की प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु शासकीय एवं स्थानीय निकायों के पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से ई–निविदा (टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल) निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। सम्बन्धित निविदा के शुल्क का भुगतान RTGS के माध्यम से नगर पंचायत बैतालपुर के निकाय निधि के बड़ौदा यू0पी0 बैंक, बैतालपुर के खाता संख्या– 61910100000641 IFSC Code BARB0BUPGBX शाखा बैतालपुर में जमा किया जा सकता है। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी नगर पंचायत बैतालपुर कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में ज्ञात की जा सकती है। शुद्धि पत्र यदि कोई होगी तो उसे वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 07.03.2024 (10.00 AM) |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 07.03.2024 (10.00 AM) |
| 3. | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 07.03.2024 (10.00 AM) |
| 4. | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 13.03.2024 (12.00 AM) |
| 5. | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 13.03.2024 (14.00 PM) |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बैतालपुर, देवरिया**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बैतालपुर, देवरिया**

# 2019 से 2024 के बीच खरीदे गए 22,217 चुनावी बॉन्ड



**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर दिया है। SBI के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर बताया कि 1 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 के बीच 22,217 चुनावी बॉन्ड खरीदे गए हैं। SBI के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आदेश के मुताबिक चुनाव आयोग को चुनावी बॉन्ड के चंदे की जानकारी उपलब्ध करवा दी है। साथ ही चुनावी बॉन्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम का विवरण भी चुनाव आयोग को उपलब्ध करवाया गया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने SBI को फटकार लगाते हुए चुनाव आयोग को 12 मार्च तक चुनावी बॉन्ड से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने को कहा था। CJI ने SBI से कहा था कि 26 दिन में आपने क्या किया। ये बेहद गंभीर मामला है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को चुनावी बॉन्ड से संबंधित मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड की राशि का 13 मार्च तक खुलासा करने को कहा था। हालांकि, SBI ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा था, जिसे सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने खारिज कर दिया।

# रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट का अब खुलेगा राज

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में कर्नाटक के बल्लारी से शब्बीर नाम के शख्स को हिरासत में लिया है। मामले में उससे अभी भी पूछताछ की जा रही है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि क्या यह वही व्यक्ति है जो सीसीटीवी में कैद हुआ था। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी सामने आई है। मामले को लेकर पुलिस सूत्रों ने कहा कि शब्बीर को मुख्य संदिग्ध का साथी माना जाता रहा है, जिसे विस्फोट से ठीक पहले सुरक्षा कैमरे के फुटेज में कैफे में एक बैग छोड़ते हुए देखा गया था। 3 मार्च को मामले को अपने हाथ में लेने वाली एंटी टेरर एजेंसी ने मुख्य संदिग्ध की पहचान करने के लिए जनता से सहायता मांगी थी, जिसके बारे में माना जाता है कि उसने 1 मार्च को लोकप्रिय बेंगलुरु भोजनालय में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस लगाया था। जांच टीम के अनुसार, घटना के बाद संदिग्ध ने अपने कपड़े बदले और बस से विभिन्न स्थानों की यात्रा की। रामेश्वरम कैफे ने पिछले सप्ताह सुरक्षा उपायों के साथ परिचालन फिर से शुरू कर दिया था। प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं और ग्राहकों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हैंडहेल्ड डिटेक्टरों का उपयोग करके ग्राहकों की स्क्रीनिंग की जाती है।

**यात्रा**

> जांच टीम के अनुसार, घटना के बाद संदिग्ध ने अपने कपड़े बदले और बस से विभिन्न स्थानों की यात्रा की।

मालिक दिव्य राघवेंद्र राव ने कहा कि संदिग्ध को रेस्तरां में अपना बैग छोड़ने से पहले रवा इडली खाते हुए देखा गया था। उन्होंने कहा, जब विस्फोट हुआ तो मेरा मोबाइल फोन मेरे पास नहीं था और जब मैंने उसे उठाया तो बहुत



सारे मिस्ड कॉल थे। जब मैंने अपनी टीम को वापस बुलाया, तो उन्होंने मुझे बताया कि रेस्तरां में विस्फोट हुआ है।

## ड्यूटी पर तैनात आईपीएस ऑफिसर को मंत्री के काफिले ने मारी टक्कर

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार में मंत्री श्रीधर बाबू के काफिले ने आईपीएस अधिकारी परितोष पंकज को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि वह मामूली रुप से घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, भद्राद्री कोठागुडेम जिले के एएसपी परितोष पंकज उस समय घायल हो गए, जब मंत्री के काफिले में सवार एक वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। घटना के वक्त वह ड्यूटी पर थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। गाड़ी से टकराते ही वह जमीन पर गिर गए। हालांकि, मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें उठाया और इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। बता दें कि भद्राद्री कोठागुडेम जिले में तेलंगाना सरकार में मंत्री श्रीधर बाबू का एक कार्यक्रम था।

## सीएए को लेकर सरकार ने दिया नया अपडेट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को नागरिकता संशोधन कानून (CAA) को लेकर अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ देशभर में सीएए लागू हो गया और अब बुधवार को सरकार ने सीएए को लेकर एक नया अपडेट दिया है। बता दें कि सरकार जल्द ही एक हेल्पलाइन नंबर जारी करने वाली है, जिसके माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक प्रवासी आवेदक सीएए को लेकर टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर सकेंगे। हालांकि, यह सुविधा सुबह आठ बजे से लेकर रात आठ बजे तक उपलब्ध रहेगी। नागरिकता संशोधन कानून देशभर में लागू हो गया। दरअसल, नागरिकता संशोधन अधिनियम, 1955 में संशोधन कर सरकार ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए हिंदू, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध और इसाई समुदाय के अवैध प्रवासियों के लिए बड़ा रास्ता तैयार किया था। सरकार ने नौ दिसंबर,




किसी भी प्रकार की जानकारी हासिल कर सकेंगे। गृह मंत्रालय ने बताया कि ष्ट के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदकों की सहायता के लिए जल्द ही एक हेल्पलाइन नंबर शुरू किया जाएगा। ऐसे में सीएए-2019 से संबंधित जानकारी हासिल करने के लिए आवेदक भारत में कहीं से भी 2019 को लोकसभा में इस बिल को पेश किया और उसी दिन लोकसभा से नागरिकता संशोधन विधेयक पारित हो गया। लोकसभा में पारित होने के दो दिन बाद 11 दिसंबर, 2019 को राज्यसभा की भी मुहर लग गई और अगले ही दिन राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया।

# ममता के घर में सचमुच लग गई है सियासी आग, भाई की नाराजगी पर क्या बोलीं बनर्जी?

**कोलकाता।** टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के छोटे भाई बाबुन बनर्जी ने बुधवार को पार्टी द्वारा पश्चिम



बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से प्रसून बनर्जी को फिर से उम्मीदवार बनाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। हालाँकि, बबुन बनर्जी, जो इस समय नई दिल्ली में हैं, ने उन अटकलों से इनकार किया कि वह भाजपा में जा सकते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि वह हावड़ा सीट से निर्दलीय के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन से खुश नहीं हूं। प्रसून बनर्जी सही विकल्प नहीं हैं। कई सक्षम उम्मीदवार थे जिन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा, प्रसून ने मेरा जो अपमान किया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। पूर्व फुटबॉलर, प्रसून बनर्जी, हावड़ा सीट से टीएमसी के दो बार के लोकसभा सांसद हैं। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि दीदी (ममता बनर्जी) मुझसे सहमत नहीं होंगी। लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो मैं हावड़ा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा। उन अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं, उन्होंने नकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने कहा, जब तक ममता दी हैं, मैं कभी पार्टी नहीं छोड़ूंगा और न ही किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होऊंगा। हां, मैं खेल से जुड़ा हूं, मैं कई भाजपा नेताओं को जानता हूं, जो खेल से भी जुड़े हुए हैं। पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से पार्टी द्वारा प्रसून बनर्जी को फिर से उम्मीदवार बनाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने छोटे भाई बाबुन बनर्जी पर निशाना साधा।

पार्टी के उम्मीदवारों के चयन के खिलाफ बोलने के लिए अपने छोटे भाई पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा, हर चुनाव से पहले वह एक समस्या पैदा करते हैं। मुझे लालची लोग पसंद नहीं हैं। मैं वंशवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करती कि मैं उन्हें चुनाव में टिकट दूंगी। मैंने उसे अस्वीकार करने और उसके साथ सभी रिश्ते खत्म करने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्टों के बारे में पूछे जाने पर कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं, पश्चिम बंगाल के सीएम ने कहा, वह जो करना चाहते हैं वह कर सकते हैं। पार्टी अपने आधिकारिक उम्मीदवार प्रसून बनर्जी के साथ खड़ी है।

# देशभर में होगा एनसीसी का विस्तार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी तीन लाख पदों पर भर्ती की मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। राजनाथ सिंह ने तीन लाख पदों पर कैडेट की भर्तियों को भी मंजूरी दी है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, इस विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सकता है। बता दें कि 1948 में एनसीसी में केवल 20,000 कैडेट थे, जो अब 20 लाख कैडेटों की स्वीकृत संख्या तक पहुंच गई है। इसी के साथ ही यह विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन बन

**योजना**

> विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों की स्थापना और दो नई एनसीसी इकाइयों को शामिल करना शामिल है।



जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया जा रहा है, इसलिए यह विस्तार देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। राष्ट्रीय कैडेट कोर विस्तार के इस विस्?तार के दूरगामी प्रभाव से सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरा जाएगा और इससे एनसीसी के लिए महत्वपूर्ण संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों की स्थापना और दो नई एनसीसी इकाइयों को शामिल करना शामिल है। इस विस्तार योजना के तहत पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में रोजगार देने का प्रस्?ताव शामिल है। यह पहल एनसीसी कैडेटों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करेगी और इससे पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

## अग्नि 5...मिशन दिव्यास्त्र, कौन हैं शीना रानी जिन्हें दुनिया कह रही दिव्य पुत्री

**नई दिल्ली।** भारत ने मिशन दिव्यास्त्र के तहत मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल टेक्नोलॉजी के साथ देश में विकसित अग्नि-5 मिसाइल का सोमवार 11 मार्च को सफल परीक्षण किया। ये परीक्षण ओडिशा स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम आईलैंड पर किया गया। इसके साथ ही ऐसी क्षमता रखने वाले चुनिंदा देशों के समूह में भारत शामिल हो गया।

अग्नि-5 की मारक क्षमता 5,000 किलोमीटर है और इसे देश की सुरक्षा जरूरतों को देखते हुए बनाया गया है। यह मिसाइल चीन के उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया को अपनी मारक सीमा के तहत ला सकती है। अग्नि 1 से 4 मिसाइलों की रेंज 700 किमी से 3,500 किमी तक है।

## मणिपुर में एनआईए और सीआरपीएफ का ज्वाइंट एक्शन, स्वयंभू सेना के प्रमुख समेत यूएनएलएफ के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मणिपुर में पुलिस, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ ) ने एक संयुक्त अभियान में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) (पी) के दो अहम सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित संगठन के स्वयंभू सेना प्रमुख थोकचोम थोइबा और यूएनएलएफ (पी) से जुड़े लेफ्टिनेंट कर्नल लाइमायुम इंगबा को संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने थोइबा की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर नकद इनाम की घोषणा की थी।

# बीजिंग के पास इमारत में धमाके के बाद लगी आग, 2 की मौत; 26 घायल

> इस हादसे में 2 लोगों की मौत की खबर भी सामने आई है और करीब 26 लोग घायल हैं।

**बीजिंग।** उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत के एक शहर में एक संदिग्ध गैस विस्फोट हुआ। इस घटना के दौरान कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। इस हादसे में 2 लोगों की मौत की खबर भी सामने आई है और करीब 26 लोग घायल हैं। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने बताया कि पुराने आवासीय क्षेत्र में ग्राउंड फ्लोर रेस्तरां में विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। सीसीटीवी के अनुसार, विस्फोट सुबह 7:55 बजे के आस पास



हुआ, जो राजधानी बीजिंग से 50 किलोमीटर से भी कम दूरी पर सनेहे शहर के जियाओझांगगेजुआंग गांव के एक आवासीय क्षेत्र में हुआ। सरकारी मीडिया द्वारा प्रसारित ऑनलाइन फुटेज में एक बड़ा विस्फोट दिख रहा है, जिससे सड़क पर धुएं और आग का गुबार फैल गया। सोशल मीडिया पर एक अन्य वीडियो में दिखा रहा है कि एक इमारत पूरी तरह से ढह गई है और कई कारें जल गई हैं। सरकारी मीडिया ने कहा कि बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं, जबकि स्थानीय लैंगफैंग अग्निशमन विभाग ने कहा कि 36 आपातकालीन वाहन और 154 कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया है। पास की दुकान में काम करने वाली एक व्यापारी ने सरकारी जिमू न्यूज को बताया कि वह अपनी दुकान में थी जब उसने धमाके की आवाज सुनी। वह अपनी दुकान से बाहर भागी और देखा कि एक इमारत में आग लगी हुई है, और पूरी इमारत लगभग नष्ट हो गई थी। चीन में हाल के महीनों में कई घातक दुर्घटनाएं हुई हैं, जो अक्सर आधिकारिक लापरवाही के कारण होती हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर की है और इन्हें रोकने के लिए बड़े प्रयास करने का आह्वान किया है। इस साल जनवरी में, केंद्रीय शहर शिन्यू में एक स्टोर में आग लगने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी, राज्य समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि स्टोर के बेसमेंट में श्रमिकों द्वारा आग के ÷अवैध÷ उपयोग के कारण आग लगी थी।

## अगर मिली धमकी तो इस्तेमाल करेंगे परमाणु हथियार, पुतिन ने दी बड़ी चेतावनी

**मॉस्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर रूसी राज्य, संप्रभुता या स्वतंत्रता को खतरा होता है तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। बुधवार तड़के जारी रूसी राज्य टेलीविजन के साथ एक इंटरव्यू में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी ऐसे तनाव से बचेगा जो परमाणु युद्ध को जन्म दे सकता है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि रूस की परमाणु ताकतें इसके लिए तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी यूक्रेन में युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर विचार किया है, पुतिन ने जवाब दिया कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि मॉस्को यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा और बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे।

# अमेरिका में फिर बाइडन और ट्रंप, प्राइमरी चुनाव में दोनों नेताओं ने हासिल की जीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक बार फिर जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच आमना-सामना होगा। सीएनएन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया है। सीएनएन के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला होगा। ट्रंप ने बुधवार की सुबह राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारी हासिल की है, जबकि बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी चुनाव में जीत दर्ज करते हुए एक दिन पहले अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मतदाताओं ने बुधवार को जॉर्जिया, मिसिसिपी और वाशिंगटन में राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनावों में मतदान किया था। इससे पहले मंगलवार को डेमोक्रेट्स के प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान किया गया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और बाइडन के बीच 2020 के चुनाव अभियान के बाद दोबारा मुकाबला देखने को मिलेगा। हालांकि, ट्रंप इस बार 91 आरोपों के साथ चुनावी मैदान में होंगे। उन पर आरोप है कि उन्होंने 6 जनवरी, 2021 में अमेरिकी कैपिटल

**मुकाबला**

> सीएनएन के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला होगा।



में हुई हिंसा में प्रमुख भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होंने 2016 के चुनाव से पहले एक पोर्न फिल्म स्टार को धन भुगतान किया था। इस बात को उन्होंने छुपाकर रखा था। बता दें कि अमेरिका में इसी साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इससे पहले साल 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइड और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला हुआ था।

## रियो डी जनेरियो में एक व्यक्ति ने बस हाईजैक की, 17 लोगों को बनाया बंधक

**ब्राजील।** ब्राजील की राजधानी रियो डी जनेरियो के मुख्य बस स्टेशन पर एक एक व्यक्ति ने बंधूक की नोंक पर एक बस को हाईजैक कर लिया। उस व्यक्ति ने 17 यात्रियों को बंधक बना लिया। वहीं, उसने दो लोगों की जान ले ली। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं,सभी यात्रियों को आजाद कर लिया गया है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। सैन्य पुलिस के कर्नल मार्को एंड्रेड ने जानकारी दी कि बंधक बनाने वाले ने आत्मसमर्पण कर दिया, उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## उड़ान भरने के 5 सेकंड बाद ही फट गया रॉकेट कैरोस

**टोक्यो।** जापान की स्पेस वन कंपनी का रॉकेट उड़ान भरने के तुरंत बाद ही फट गया। समाचार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, स्पेस वन कंपनी के रॉकेट ने बुधवार को उड़ान भरी थी। हालांकि, कैरोस रॉकेट उड़ान भरने के कुछ सेकेंड बाद ही फट गया।

जानकारी के अनुसार, यह जापान की स्पेस वन कंपनी द्वारा किसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने का पहला प्रयास था। हालांकि, स्पेस वन कंपनी का ये प्रयास विफल रहा।

बता दें कि भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे पश्चिमी जापान के वाकायामा प्रांत में प्रक्षेपण स्थल पर कैरोस रॉकेट ने उड़ान भरी थी। हालांकि, 18-मीटर लंबे, चार चरण वाले ठोस-ईंधन रॉकेट के उड़ान भरने के बाद उसमें विस्फोट हो गया। ये घटना कैमरे में कैद हो गई।

# एलेक्सी नवलनी के सहयोगी पर जानलेवा हमला, हमलावरों ने हथौड़े से किया वार

**वोल्कोव**

> वोल्कोव की चोटों की कुछ तस्वीर भी साझा की गई। तस्वीर में देखा जा सकता है कि वोल्कोव की आंख काली पड़ चुकी है।

**वारसॉ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कट्टर विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद अब उनके सहयोगियों पर जान का खतरा मंडरा रहा है। एलेक्सी नवलनी के करीबी और सहयोगी माने जाने वाले लियोनिद वोल्कोव पर मंगलवार को लिथुआनिया में उनके घर के बाहर हमला किया गया। नवलनी की प्रवक्ता किरा यर्मिश ने कहा, ÷लियोनिद वोल्कोव पर उनके घर के बाहर हमला किया गया है।



किसी ने कार की खिड़की तोड़ दी और उनकी आंखों में आंसू गैस फेंक दी, जिसके बाद हमलावर ने लियोनिद को हथौड़े से मारना शुरू कर दिया। वोल्कोव की चोटों की कुछ तस्वीर भी साझा की गई। तस्वीर में देखा जा सकता है कि वोल्कोव की आंख काली पड़ चुकी है। उसके माथे पर एक लाल निशान है। वहीं, उनके पैर से खून बह रहा है। वोल्कोव नवलनी के करीबी सहयोगी थे, जो 2023 तक दिवंगत नेता के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ और उनके भ्रष्टाचार विरोधी फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे। द्वएलेक्सी नवलनी की पत्नी यूलिया ने दावा किया है कि उनके पति को जहर दिया गया था। उन्होंने अपने पति की मौत के लिए राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया। यूलिया ने कहा कि हम एलेक्सी की शहादत को बेकार जाने नहीं दे सकते और हम लगातार डटकर खड़े रहेंगे।

## पुष्प कमल दहल प्रचंड ने अग्निपरीक्षा की पास

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक बार फिर अग्निपरीक्षा पास कर ली और अब वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे। दिसंबर 2022 में पद संभालने के बाद से प्रचंड ने तीसरी बार विश्वासमत हासिल किया। हाल ही में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से राजनीतिक रिश्ते खत्म कर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन किया था। नेपाली संघीय संसद में बुधवार को प्रचंड के पक्ष में 275 में से 157 वोट पड़े, जबकि 110 सदस्यों ने विश्वास मत के विरोध में वोटिंग की। विश्वास मत जीतने के लिए प्रचंड को महज 138 वोटों की जरूरत थी। हालांकि, एक सदस्य ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। काठमांडू के नया बनेश्वर स्थित संसद भवन में वोटिंग के दौरान कुल 268 विधायक मौजूद थे।

# रूसी सैन्य मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त, विमान में मौजूद सभी 15 यात्रियों की मौत

**मॉस्को।** रूस के इवानोवो क्षेत्र में एक कब्रिस्तान के पास एक रूसी सैन्य मालवाहक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 15 लोगों की मौत हो गई।

द न्यूयॉर्क पोस्ट ने रूस के रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि उड़ान भरने के बाद उसके एक इंजन में आग लगने के बाद आईएल-76 विमान जंगल में गिर गया। जब सैन्य मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ तो उसमें चालक दल के आठ सदस्यों और सात यात्रियों सहित 15 लोग सवार थे। यात्री कौन थे और कहां जा रहे थे यह स्पष्ट नहीं है।

न्यूयॉर्क पोस्ट ने बताया कि 112 टेलीग्राम चैनल पर साझा किए गए नाटकीय सेलफोन फुटेज में विमान को एक इंजन के साथ जलते हुए और तेजी से ऊंचाई खोते हुए दिखाया गया है। ऑनलाइन समाचार आउटलेट्स ने बताया कि कोई भी जीवित नहीं बचा।

सरकारी टीएएसएस समाचार एजेंसी ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से



कहा, ÷रूसी समयानुसार दोपहर लगभग 1:00 बजे, एक आईएल-76 सैन्य परिवहन विमान इवानोवो क्षेत्र में एक निर्धारित उड़ान के लिए उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि दुर्घटना का संभावित कारण इंजन में आग लगना था। विमान के सेवर्नी हवाई अड्डे से उड़ान भरने के लगभग तुरंत बाद ही इंजन आग की लपटों में घिर गया। पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग के लिए हवाई क्षेत्र में लौटने का प्रयास किया था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

टेलीग्राम चैनल ÷112÷ की रिपोर्ट के अनुसार, चालक दल कम से कम जलते हुए विमान को आवासीय क्षेत्र से दूर ले जाने में सक्षम था, इससे पहले कि वह बोगोरोडस्कॉय गांव के बाहर एक कब्रिस्तान के पास जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# खेलों के खेल छात्रावासों में प्रवेश हेतु पुनः चयन परीक्षण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के अधीन संचालित योजनाओं में से छात्रावास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 02 अप्रैल, 2024 से 16 अप्रैल, 2024 तक आयोजित किया जायेगा। निम्न खेलों में खिलाड़ियों की संख्या अत्यधिक कम होने के कारण व जानकारी के अभाव के कारण खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ द्वारा दुबारा चयन परीक्षण आयोजित किया जा रहा है। जनपद स्तर का चयन परीक्षण जिम्नास्टिक, तैराकी, तीरन्दाजी, बास्केटबाल, टी0टी0, हैण्डबाल व वॉलीबाल (बालक/बालिका) तथा कुश्ती- बालिका वर्ग एवं जूडो-बालक वर्ग में 17 मार्च 2024 को आयोजित किया जायेगा। जनपद स्तर पर सफल खिलाड़ी 18 मार्च 2024 को मण्डलीय चयन परीक्षण में प्रतिभाग करेंगे। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही दिनांक 20 व 21 मार्च, 2024 को आयोजित होने राज्य स्तरीय चयन परीक्षण/प्रतियोगिता में अपने मण्डल की ओर से प्रतिभाग करेंगे। जनपद स्तर एवं मण्डल स्तर पर खिलाड़ी अपने स्वयं के व्यय पर प्रतिभाग करेंगे। आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के इच्छुक खिलाड़ी खेल साथी पोर्टल पर लाग-इन कर आवेदन करेंगे। पूर्ण रूप से आवेदन पत्रों को भरकर डैशबोर्ड पर उपलब्ध माध्यम से निर्धारित शुल्क को बैंक/कोषागार में जमा किया जायेगा। खिलाड़ी की आयु की गणना 01 अप्रैल, 2024 से की जायेगी। जिम्नास्टिक एवं तैराकी में 12 वर्ष से कम के खिलाड़ियों का परीक्षण होगा तथा अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का समस्त व्यय खेल विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। मण्डल स्तर पर मेडिकल बोर्ड का गठन कर खिलाड़ियों की जैविक आयु का अध्ययन करते हुए चयन किया जायेगा। प्रत्येक स्तर पर चयन शारीरिक दक्षता, खेल कौशल एवं खेल प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा। शारीरिक दक्षता में उत्तीर्ण खिलाड़ियों का ही खेल कौशल एवं खेल प्रदर्शन का परीक्षण लिया जायेगा, जो भी खिलाड़ी शारीरिक दक्षता परीक्षण को उत्तीर्ण नहीं करेंगे उनका चयन नहीं किया जायेगा। खेल साथी ऐप पर आवेदन-पत्र एवं चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में समस्त सूचना उपलब्ध है।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (शाहगंज) थाना सरपतहाँ, थाना शाहगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पशु तस्कर/थाना शाहगंज का हिस्ट्रीशीटर को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार,मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से पशु तस्कर घायल, कब्जे से एक देशी तमन्चा.315 बोर,एक खोखा कारतूस,01 जिन्दा कारतूस व एक विना नम्बर की मोटर साइकिल बरामद।डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व गोतस्करो के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सरपतहाँ व थाना शाहगंज की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में पशु तस्कर/थाना शाहगंज का हिस्ट्रीशीटर (हिस्ट्रीशीट नं0-92ए) दानिश पुत्र मुस्लिम निवासी सबरहद थाना शाहगंज जिला जौनपुर उम्र करीब 27 वर्ष को दिन मंगलवार को समय करीब 19.25 बजे भुसौडी नहर पुलिया से किया गया गिरफ्तार । मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 देशी तमन्चा 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 51/2024 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# लोक कलाकारों को सोशल मीडिया से मिली नई पहचानः बृजेश सिंह

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। कल्चरल क्लब एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन बुधवार को विशेषज्ञों ने रिकॉर्डिंग एवं फोटोग्राफी तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। संस्कृति विभाग उ.प्र. के सहयोग से आयोजित की जा रही कार्यशाला संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन, दस्तावेजीकरण पर आधारित है। प्रशिक्षण सत्र में बतौर मुख्य वक्ता लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार बृजेश सिंह ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया का जमाना है विजुअल कंटेंट तैयार करने के लिए रिकॉर्डिंग की तकनीक से परिचित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा लोक संस्कृति से जुड़ी सामग्री को सोशल मीडिया के माध्यम से आसानी से संरक्षित और प्रसारित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत सारे ऐसे लोक कलाकार हैं जिन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से वैश्विक पहचान बनाई है।इसी क्रम में लखनऊ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वीडियो जर्नलिस्ट तीर्थांकर गुहा ने लोकगीतों की रिकॉर्डिंग के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कैमरा, लाइट, फ्रेमिंग, मोबाइल फोन से रिकॉर्डिंग आज के बारे में विस्तार से बताया।जौनपुर जनपद के पत्रकार जावेद अहमद एवं सिनेमैटोग्राफर चंदन सैनी ने भी रिकॉर्डिंग और लेखन की तकनीक से विद्यार्थियों को परिचित कराया।कार्यशाला के संयोजक डॉक्टर दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि आज आप अपने मोबाइल के माध्यम से लोक संस्कृति से जुड़े कंटेंट बना सकते है. अतिथियों का स्वागत जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र एवं धन्यवाद् ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार ने किया. इस अवसर पर इस अवसर पर डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. सुरेन्द्र यादव, सोनम विश्वकर्मा, अमित मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

बूढ़नपुर आजमगढ़। ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापकों की एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार कोयलसा में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लालगंज नीलम सोनकर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि डायट प्राचार्य सूर्य प्रताप सिंह व बीएससी समीर रहे। बीडीओ पवन सिंह, परियोजना अधिकारी बाबूलाल, खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार मौर्य ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। पूर्व सांसद ने सभी का आह्वान करते हुए कहां की शिक्षित भारत का सपना हमारे विकसित विद्यालयों से ही होकर जाएगा।

डायट प्राचार्य ने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षित और निपुण बनने का अधिकार है, जिसकी जिम्मेदारी हम सभी की है। बीएसए समीर ने कहा कि प्रबंध समिति, ग्राम प्रधान और प्रधानाचार्य अपने विद्यालय को निपुण बनाएं आगामी सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य पूर्ण करें। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी शिक्षकों से ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने का आह्वान किया गया।

# जीवन जीने की कला सिखाती है ब्रह्माकुमारी

- बच्चों ने प्रस्तुत किया मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के प्रति व्याप्त कुरीतियों को मिटाकर महिलाओं को सशक्त करना और तनाव मुक्त जीवन जीने तथा नशा मुक्ति एवं राजयोग के माध्यम से सकारात्मक सोच के लिए टिप्स दिए गए। शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री काशी प्रांत अर्चना शुक्ला,पूजा ऊमरवैश्य व संस्था की संचालिका अनीता दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहन संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया।अर्चना शुक्ला ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि विश्व में एक अद्वितीय संगठन है। यह संस्था जीवन जीने की कला सिखाती है। संस्था के परिसर में आकर एक आसीन शांति का एहसास होता है। सुमन जायसवाल ने कहा कि महिलाओं के बिना हमारी भारतीय संस्कृति अधूरी है, इसलिए समय के साथ-साथ अपनी सोच को भी बदलना चाहिए।इस मौके पर निकुंज गुप्ता,पूजा ऊमरवैश्य, संगीता,दीपा बहन व रजनी बहन ने कन्या भ्रूण हत्या, महिला शिक्षा और सुरक्षा, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ व महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने आदि मुद्दों पर अपने-अपने विचार रखें। संस्था की संचालिका अनीता दीदी ने काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि विकार से मुक्त होकर नैतिकता एवं सकारात्मक सोच के साथ खुशहाल जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा गुप्ता तथा संचालन दीपा बहन ने किया। इस अवसर पर सभासद सूर्य लाल जायसवाल व लक्ष्मीना मोदनवाल, राजीव जायसवाल, प्रिय बहन, सीमा बहन, सरोजा बहन, नव्या गुप्ता व विकास आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह ने संजय को दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह बुधवार को मड़ियाहूं के ऊँचनी कला गाँव मे संजय सिंह के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि मड़ियाहूं कोतवाली स्थित ऊंचनी कला गांव में 4 मार्च को जमीन की पैमाइश के दौरान संजय सिंह की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। जिसमे प्रधानपति व उनका पुत्र गिरफ्तार कर लिए गए है। शेष की गिरफ्तारी व कार्यवाही के लिए उन्होंने बात की और परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की भी बात कही। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह,रत्नाकर सिंह,अजीत सिंह,धनंजय सिंह चैयरमैन ,राजेश मौर्य ,मनोज ओझा आदि लोग रहे।

# शोध कार्य में सामाजिक सरोकार जरूरीः प्रो. सीमा सिंह

- पात्र लोगों को सुलभ कराये जा रहे हैं प्रधानमंत्री आवासः विधायक
- प्रधानमंत्री आवास मिशन पर मुक्त विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित लघु शोध परियोजना के अन्तर्गत प्राइम मिनिस्टर हाउसिंग फॉर ऑल मिशन॰ ए स्टडी ऑफ परफॉर्मेंस एंड इंपैक्ट ऑन बेनिफिसियरीज इन सैलेक्टेड सिटीज इन उत्तर प्रदेश विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं को आवास मिलना महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। इस योजना से इन महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास में वृद्धि हो रही है तथा उनका परिवार भी आत्मनिर्भर हो रहा है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि जीवन जीने के लिए आवास की जो आवश्यकता है उसको सरकार पूर्ण कर रही है। उन्होंने शोधार्थियों का आह्वान किया कि वह ऐसा शोध करें जो समाज को मदद करने वाला हो। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन तथा उपलब्धता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि पात्र लोगों को उनके रहने के लिए आवास सुलभ हों। इसीलिए इसके वितरण में भी पूर्ण पारदर्शिता बरती जा रही है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर रिपु सूदन सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग, बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ ने कहा कि आवास का मुद्दा बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह लोगों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाता है। 2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब सभी को रहने के लिए आवास सुलभ होंगे। सरकार का ध्यान उन वर्गो पर है जो खुले में जीवन यापन कर रहे हैं। सरकार बहुत ईमानदारी से इसकी समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत आज विकास की लॉन्चिंग पैड पर बैठा है। प्रोफेसर सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सैद्धांतिक पहलुओं पर जोर दिया। प्रारम्भ में निकेत सिंह ने सरस्वती वंदना की संगीतमय प्रस्तुति की। समाज विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर एस कुमार ने मंचासीन विशिष्टजनों का वाचिक स्वागत तथा परियोजना निदेशक डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर सूर्यभान सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा समापन सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर मधुरेद्र कुमार, निदेशक दीनदयाल शोध पीठ, इलाहाबाद विश्वविद्यालय रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर एस कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील कुमार ने तथा धन्यवाद डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त विद्याशाखाओं के निदेशकगण, आचार्यगण, सह आचार्यगण, सहायक आचार्य एवं समस्त शोधार्थी उपस्थित रहे।

# ऑटो एजेंसी शोरूम का सदर विधायक ने किया फीता काटकर शुभारंभ

आजमगढ़। शहर से सटे करतालपुर स्थित आकाश ऑटो एजेंसी के शोरूम का पूर्व मंत्री व सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव व नाथे राम यादव द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रोप. रविन्द्र कुमार यादव व रित्विक यादव सहित कंपनी के अधिकारियों ने आंगंतुकों का स्वागत किया और उन्हें महिन्द्रा ट्रीयो इलेक्ट्रिक व्हीलर के बारे में विस्तार से बताया।

ग्राहकों ने महिन्द्रा ट्रीयों के टेक्नोलॉजी, रेंज, कम्फर्ट, परफॉर्मेंस आदि को खूब सराहा। मुख्य अतिथि विधायक दुर्गा प्रसाद यादव ने कहाकि यह शोरूम आजमगढ़ व मऊ के ग्राहकों की आकांक्षाओं को नई उड़ान देगा। उन्होंने कहाकि आज के दौर में ऐसे इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर वाहन आम आदमी को मालिक बनाकर व्यवसायिक रूप मजबूती प्रदान करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### फौजी की पत्नी का शव घर में फंदे से लटकता मिला, खुदकुशी की आशंका

प्रयागराज। शिवकुटी स्थित छावनी क्षेत्र में सेना के जवान की पत्नी का शव घर में फंदे से लटकता मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जाहिर की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलरूप से कानपुर के रहने वाले देवेंद्र सिंह की वर्तमान में तैनाती फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ में है। उनका परिवार शिवकुटी इलाके के सेना की छावनी में रहता है। बुधवार को उनकी पत्नी श्रीजी अवस्थी (34) का शव फंदे से लटकता मिलने पर परिजन बदहवास हो गए। घटना के बाद कैंट के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह की बात सामने आई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### मयंक ने चौधरी नौनिहाल क्लब 'ए' को जिताया



प्रयागराज। मयंक दुबे के हरफनमौला खेल (52 रन एवं तीन विकेट) की बदौलत चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'ए' ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को 68 रन से हराकर डॉ. रवि वर्मा अंडर-19 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। केपी कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'ए' ने 34 ओवर में 216 रन (आशीष रत्नम 68, विश्वास सक्सेना 55, मयंक दुबे 52, अर्जुन 19, सौरभ प्रताप सिंह 4/42, लकी मोर्य 3/43) बनाकर विराट स्पोर्ट्स क्लब को 36.1 ओवर में 148 रन (सौरभ प्रताप सिंह व अमर सोनकर 30-30, सिद्धांत सिंह 24, अर्जुन 3/08, मयंक दुबे 3/41, मोहम्मद साहिल 2/16) पर समेट दिया। मैच में अनूप शर्मा व शिशिर मेहरोत्रा अंपायर एवं प्रीतेश सोनकर स्कोरर रहे।

### सुरेश श्रीवास्तव बने सपा महानगर उपाध्यक्ष



प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने लूकर गंज निवासी सुरेश श्रीवास्तव को महानगर इकाई में उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सुरेश श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष बनाये जाने पर महासचिव रविन्द्र यादव एडवोकेट, अजय श्रीवास्तव,अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सचिन श्रीवास्तव, आरती पाल,अरुण श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव,कल्पना श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेंद्र सिन्हा, अश्विनी श्रीवास्तव अनीता श्रीवास्तव, मंजू यादव, मयंक श्रीवास्तव, आदि ने बधाई दी है।

### किसानों ,युवाओं और महिलाओं के सुझाव पर तैयार होगा घोषणा पत्र- सूरज प्रकाश



आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी जिला लालगंज की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लालगंज के लोकसभा प्रभारी घनश्याम पटेल संकल्प पत्र एवं घोषणा पत्र के जिला संयोजक ओम प्रकाश सिंह व जिला सहसंयोजक योगेंद्र राय तथा सुनील सिंह डब्बू विशेष रूप से उपस्थित रहे बैठक में संकल्प पत्र निर्माण हेतु शिक्षकों, अधिवक्ताओं, किसानों,महिलाओं तथा युवाओं आदि द्वारा सुझाव संकलित करने के संबंध में विचार विमर्श हुआ। भारतीय जनता पार्टी लालगंज जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता द्वारा प्राप्त सुझावों के आधार पर ही अपना घोषणा पत्र तैयार करेगी। प्रत्येक कार्यक्रम में सुझाव पेटी रखी जाएगी जिसमें लोग सुझाव पत्र पर अपना सुझाव लिखकर पेटी में डालेंगे। संकल्प पत्र के जला संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि पार्टी घोषणा पत्र को गंभीरता से ले रही है। पार्टी जनता से प्राप्त सुझावों के आधार पर ही संकल्प पत्र तैयार करेगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी घनश्याम पटेल,सत्यम राय, रजनीश जयसवाल, अशोक कुमार सिंह, सुधीर पाठक, दिनेश जायसवाल,रत्नेश नरेंद्र, विजय प्रकाश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# कुहू फैमिली रेस्टोरेंट का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



आजमगढ़। आज दिन बुधवार को शहर के मातवरगंज चौक स्थित कुहू फैमिली रेस्टोरेंट का भाव उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरफ़राज आलम उर्फ मंसूर द्वारा किया गया जहां पर आपको फास्ट फूड सोया चाट दही बड़ा चाट लस्सी बनारस के मशहूर कारीगर द्वारा बनाए हुए बेहतरीन तरीके की डिश खाने को मिलेगा आपको दुकान के प्रोपराइटर सुशील जायसवाल का कहना है कि एक बार अवश्य आप लोग पधारे जिससे आप हमारे यहां तरह डिस मौजूद है एक बार स्वाद चक्कर जरूर देखें वही मुख्यातिथि ने बताया की आजमगढ़ में बनारस की स्वाद मिलन लगी है हमारा नगर के प्रतिष्ठान महानगरों से कहीं पीछे नहीं रह गए अब आजमगढ़ भी बदल रहा है इस अवसर पर ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू अभिषेक जायसवाल दीनू अशोक जायसवाल विजय दुबे पप्पू सिंह विजय सिंह मनोज पांडे अखिलेश सिंह धनंजय सिंह राजेश यादव भोला विजय सिंह शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जीयनपुर कोतवाल ने आधा दर्जन मिश्रित आबादी का किया भ्रमण



सगड़ी,आजमगढ। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के आधा दर्जन मिश्रित गांव का जीयनपुर कोतवाल ने पुलिस बल के साथ किया भ्रमण चुनाव से पूर्व भ्रमण कर ग्रामीणों को किया जागरूक दिया सुरक्षा का भरोसा। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को जीयनपुर कोतवाली प्रभारी विवेक पांडेय ने पुलिस बल के साथ आधा दर्जन मिश्रित आबादी का भ्रमण किया जिनमें सगड़ी कस्बा,दाउदपुर, अंजान शहीद, खालिसपुर,राजू पट्टी सहित आधा दर्जन मिश्रित आबादी का भ्रमण किया इस दौरान लोकसभा चुनाव के पूर्व मिश्रित आबादी का भ्रमण कर ग्रामीणों को जागरूक किया वहीं सुरक्षा का भरोसा दिया और कहा कि चुनाव से पूर्व किसी लालच और भय से न डरें पुलिस हमेशा आपके साथ है अराजक तत्वों की पहचान की जा रही है किसी भी प्रकार से प्रलोभन देने या मतदान को बाधित करने पर पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सरफुद्दीन,सोमेश यादव, शेरु सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण तहत निलेश यादव को किया गया सम्मानित

आजमगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शशांक सिंह द्वारा अवगत कराया गया। कि उत्तर प्रदेश पारा वैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चौम्पियनशिप में निलेश यादव निवासी अम्बारी तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़ के द्वारा डै ॰5 कैटेगरी में पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर आगामी राष्ट्रीय पारा बैडमिंटन चौम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश की पारा बैडमिंटन टीम में अपना स्थान बनाया है। जिससे समस्त जनपद का नाम रोशन हुआ है। जिला प्रशासन की तरफसे आज मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना द्वारा नीलेश यादव का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया गया एवं आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए आवश्यक ट्रैक सूट एवं अन्य सामग्री प्रोत्साहन हेतु प्रदान की गई।

# प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज की बियरिंग टूटी

- भारी वाहनों पर रोक, तेज रफ्तार की गाड़ियों के लिए बना खतरा

अवधनामा संवाददाता




प्रयागराज। शास्त्री पुल पर प्रयागराज-वाराणसी लेन के पिलर संख्या 28 की बैरिंग टूटने से दो इंच की ददार आ गई। जानकारी मिलने पर लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो जांच में पता चला कि ओवरलोड वाहनों के चलते ब्रिज व पिलर के बीच लगी बैरिंग टूट गई। वहां लाल झंडा गाड़कर रेत की बोरियां रखवा कर आवागमन रोक दिया गया। देर रात तक केवल हल्के वाहन पास होते रहे। प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर शास्त्री ब्रिज होते हुए करीब 60 हजार छोटे बड़े वाहनों का आवागमन रोज होता है। इसमें भवन निर्माण सामग्री व अन्य व्यापारिक सामानों को लादकर जाने वाले हजारों भारी वाहन ओवरलोड चलते हैं। दबाव अधिक पड़ने पर अक्सर बैरिंग टूट जाती है या अपने स्थान से खिसक जाती है।

मंगलवार को भी कुछ ऐसी ही घटना हुई। दोपहर बाद कुछ लोगों की नजर पड़ी तो देखा कि ब्रिज के जोड़ में दरार है। इसकी जानकारी विभिन्न सूचना माध्यमों से लोक निर्माण विभाग तक पहुंची। फौरन ही वहां कर्मचारी भेजे गए तो दरार दो इंच की पता चली। इसके ठीक बाद वहां से वाहनों का आवागमन कम कराया गया। पिलर संख्या 28 के पास जहां दरार पड़ी वहां से भारी वाहन तेज रफ्तार में गुजरने से पुल पर खतरा बढ़ सकता है। पुल काफी पुराना भी हो चुका है। रात में भारी वाहनों के शहर में प्रवेश के लिए नो इंट्री खुली तो ट्रकें धड़ाधड़ गुजरने लगीं। हालांकि पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला और वाहनों की रफ्तार धीमी रखवाते हुए उन्हें आगे पास कराया। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड-तीन नवीन शर्मा ने कहा कि शास्त्री ब्रिज के पिलर की बैरिंग टूट गई है। उस पर यातायात कम कराया गया है, भारी वाहन बगल की लेन से पास कराए जा रहे हैं। बैरिंग की मरम्मत में कम से कम एक सप्ताह लग सकते हैं।

# गांधी दर्शन में स्त्री सशक्तिकरण के अनेक सूत्र मौजूदः अरविंद

अवधनामा संवाददाता

- युवा सृजन संवाद के डिजिटल मंच का आयोजन



प्रयागराज।युवा सृजन संवाद के डिजिटल मंच पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय ÷बापू की महिला ब्रिगेड÷ था। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अरविंद मोहन ने महात्मा गांधी के जीवन में स्त्री और उनके स्त्री विषयक विचारों पर विस्तार से बात की। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक कुमार चौहान ने किया। आमंत्रित अतिथि का परिचय देते हुए डॉ. अशोक ने कहा कि अरविंद मोहन का लेखन विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लगभग चार दशकों से निरंतर जारी है।

अरविंद मोहन ने युवा सृजन संवाद डिजिटल मंच के संयोजक प्रो. संतोष भदौरिया को इस तरह के प्रासंगिक और समसामयिक आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। अपने वक्तव्य के शुरुआत में ही उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल के मौके पर अगर हम महिला आंदोलनकारियों पर केंद्रित कोई ऐसी किताब लेकर आते हैं, जो उनके संघर्षो को प्रकाशित करे तो यह सच्चे अर्थो में आधी आबादी का सम्मान होगा। उन्होंने कहा जब गांधी भारत आए थे तो स्वाधीनता आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी लगभग शून्य थी लेकिन महात्मा गांधी के प्रयासों के फलस्वरुप अगले 15-20 सालों में यह संख्या हजारों-लाखों तक पहुंच चुकी थी। यह निश्चित रूप से महात्मा गांधी के विराट व्यक्तित्व और रचनात्मकता का सुफल था। बापू के स्त्री विषयक दृष्टि को रेखांकित करते हुए अरविंद जी ने बताया कि गांधी जी जब बिहार में जाकर तीन कठिया प्रथा का विरोध कर रहे थे तो वहां देखा कि महिलाएं उन्हें पर्दे में छुप कर देखती थीं। इस पर गांधी ने कहा था कि देश की आधी आबादी जब तक पर्दे के पीछे रहेगी तब तक इस देश का उत्थान नहीं हो सकता। अपने वक्तव्य के पश्चात अरविंद मोहन ने श्रोताओं के प्रश्नों और जिज्ञासाओं पर भी बात की। इस कार्यक्रम के दौरान अनेक सुधीजन, साहित्य प्रेमी, शोधार्थी, छात्र एवं छात्राएं फेसबुक के इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपस्थित रहे।

# दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी, 8400 करोड़ रुपये होंगे खर्च, कैबिनेट में फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी दी है। पहला कॉरिडोर



लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगा। इसकी लंबाई 8.4 किलोमीटर होगी। वहीं, दूसरा कॉरिडोर इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ के बीच होगा जिसकी लंबाई 12.4 किलोमीटर होगी। इन दोनों कॉरिडॉर का काम मार्च 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा।

केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इन पर 8400 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बुधवार को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि पहला कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगा। इसकी लंबाई 8.4 किलोमीटर होगी। वहीं, दूसरा कॉरिडोर इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ के बीच होगा जिसकी लंबाई 12.4 किलोमीटर होगी। इन दोनों कॉरिडॉर का काम मार्च 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि लाजपत नगर से साकेत के बीच बनने वाला मेट्रो ब्लॉक सिल्वर, मेजेंटा, पिंक और वॉयलट लाइन्स को जोड़ेगा। इस पर आठ स्टेशन होंगे और यह पूरी तरह से एलिवेटेड होगा।केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इंद्रलोक और इंद्रप्रस्थ के बीच बनने वाले 12.377 किलोमीटर के कॉरिडोर के जरिए ग्रीन लाइन का एक्सटेंशन किया जाएगा। इसके यात्रियों को रेड, यलो, एयरपोर्ट लाइन, मेजेंटा, वॉयलट और ब्लू लाइन से इंटरचेंज करने की सुविधा मिलेगी। इस कॉरिडोर के जरिए हरियाणा के बहादुरगढ़ रीजन के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

# अमेरिका होने वाला है दिवालिया!, एलन मस्क ने कम खर्च करने की दी नसीहत

**नई दिल्ली।** एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया गया था कि कुछ समय में अमेरिकी करदाताओं के 100 प्रतिशत पैसे का उपयोग राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए किया जाएगा। इसका जवाब देते हुए एलन मस्क ने कहा कि अमेरिका जल्द दिवालिया हो सकता है।

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका पर कंगाली का खतरा मंडरा रहा है। यह हम नहीं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का कहना है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर यहां के लोगों को कम खर्चा करने की नसीहत दी है।

दरअसल, एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया गया था कि कुछ समय में अमेरिकी करदाताओं के 100 प्रतिशत पैसे का उपयोग राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए किया जाएगा। इसका जवाब देते हुए एलन मस्क ने कहा, %अमेरिका जल्द दिवालिया हो सकता है। यहां के लोगों को खर्चे में कमी लानी चाहिए नहीं तो यह जल्द ही कंगाल हो जाएगा।

एक यूजर ने पोस्ट में कहा कि अगले कुछ सालों के लिए यह संख्या देखना अच्छा है। व्यक्तिगत आयकर सरकार के राजस्व का लगभग आधा है। फरवरी की बात करें तो अमेरिकी सरकार ने व्यक्तिगत आयकर से 120 अरब डॉलर जुटाए। राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए उन्हें फरवरी में 76 अरब डॉलर खर्च करना पड़ा। हम उस दिन से बहुत दूर नहीं हैं जब ऋण पर ब्याज के लिए भुगतान करने के लिए 100 फीसदी व्यक्तिगत आयकर की आवश्यकता होगी।

अमेरिका के अरबपति बैंकर जेमी डिमोन का कहना है कि अमेरिका में मंदी की संभावना ज्यादा दूर नहीं बै। वहीं, जेपी मॉर्गन चेज के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने कहा, मुझे लगता है कि अगले एक या दो साल में सॉफ्ट लैंडिंग की संभावना आधी है। सबसे खराब स्थिति मुद्रास्फीतिजनित मंदी होगी।

# एथर एनर्जी के आगामी इलेक्ट्रिक स्कूटर, रिज़्टा को परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए बनाया गया है

भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माताओं में से एक, एथर एनर्जी ने एथर रिज़्टा के लॉन्च की घोषणा की है। यह एथर की ओर से सबसे नया इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जो परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। इस स्कूटर का अनावरण 6 अप्रैल को एथर कम्युनिटी डे 2024 के अवसर पर किया जाएगा। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर को भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, और यह परिवारों के लिए निर्मित स्कूटर सेगमेंट को नई परिभाषा प्रदान करेगा। एथर रिज़्टा के डिज़ाईन में एथर ने तीन मुख्य पहलुओं - स्पेस, सुरक्षा और कम्फर्ट पर ध्यान केंद्रित किया है, ताकि यह परिवारों को राईडिंग का सुकूनभरा अनुभव प्रदान करते हुए उनकी विभिन्न जरूरतों को पूरा कर सके।

एथर ने हाल ही में घोषणा की थी कि रिज़्टा में स्कूटर सेगमेंट में सबसे बड़ी सीट और सबसे ज्यादा स्टोरेज स्पेस होगा, जो परिवार की जरूरतों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन एथर ने केवल इन्हीं परिवर्तनों पर काम नहीं किया है। कंपनी ने इस



इलेक्ट्रिक स्कूटर की डायनामिक्स पर भी काम किया है, और रिज़्टा को अपराईट राईडिंग मुद्रा प्रदान की है, ताकि इसे शहर में चलाना आरामदायक हो। इसमें सस्पेंशन को ट्यून करके बेहतरीन राईड सुनिश्चित की गई है, ताकि राईडर को ज्यादा आराम मिले। परिवार की सबसे बड़ी प्राथमिकता सुरक्षा को लेकर होती है। इसलिए रिज़्टा में उद्योग की अग्रणी सुरक्षा विशेषताएं दी गई हैं। रिज़्टा में स्मार्ट टेक्नोलॉजी और यूटिलिटी पर आधारित विशेषताएं, जैसे यूएसबी चार्जिंग की सुविधा होगी, जो आधुनिक समय के इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए एक व्यवहारिक आवश्यकता है। इसी तरह की अनेक विशेषताओं के कारण रिज़्टा एक शानदार फैमिली स्कूटर है, जो बाजार में उपलब्ध पारंपरिक इलेक्ट्रिक वाहनों के मुकाबले काफी अपग्रेडेड विकल्प है। एथर 6 अप्रैल को परिवारों के लिए अनेक एक्सेसरीज़ भी लॉन्च करेगा।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत के उत्तर-पूर्व क्षेत्र में अपने ग्रेट 4X4 एक्सपेडिशन की पांचवीं ड्राइव को झंडी दिखाकर रवाना किया

**गुवाहाटी।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज गुवाहाटी में आयोजित ग्रेट 4X4 एक्सपेडिशन बाई टोयोटा को झंडी दिखाकर रवाना करने की घोषणा की। यह भारत के भिन्न क्षेत्रों में आयोजित साहसिक ऑफ-रोडिंग की श्रृंखला में पांचवीं रोमांचक ड्राइव है। अनूठे और बेहद महत्वपूर्ण पूर्वोत्तर क्षेत्र में यह मनोरम कार्यक्रम एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करता है, जिसने 8 मार्च से 10 मार्च 2024 तक पीआरपी घाटी के सुरम्य परिदृश्य में उत्साही ऑफ-रोडर्स को एकजुट किया और मेघालय क्षेत्र के कुछ सुंदर स्थानों का पता लगाया। मई 2023 में, टीकेएम ने देश भर के मोटरिंग उत्साहियों के लिए अपनी प्रथम पहल की घोषणा की। इसे चार क्षेत्रों (क्षेत्रीय स्तर - उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम) में आयोजित किया गया। इससे 4X4 बिरादरी के लोगों में काफी लोकप्रियता और दिलचस्पी पैदा हुई। ये ड्राइव इस तरह डिजाइन किये गये हैं कि देशव्यापी 4X4 एसयूवी समुदाय के साथ जुड़ सकें और आनंददायक अनुभव वाले ड्राइव की पेशकश की जा सके।

उल्लेखनीय है कि, ग्रेट 4X4 एक्सपेडिशन बाई टोयोटा के तहत 4X4 उत्साही अपने आउटडोर जीवनशैली अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस पहल के माध्यम से, टीकेएम प्रतिभागियों को उनके साहस की भावना से जोड़ना और उन्हें नए क्षितिज तलाशने के लिए प्रेरित करना और इस तरह सामूहिक खुशी प्रदान करना चाहता है।

एक्सपेडिशन में उल्लेखनीय 4-व्हील ड्राइव वाले एसयूवी का काफिला शामिल है। इनमें आईकोनिक हाईलक्स, लीजेन्ड्री एलसी300, लोकप्रिय फॉर्च्यूनर और हाईराइडर एडब्ल्यूडी (ऑल व्हील ड्राइव) समेत अन्य ब्रांड के एसयूवी के मालिक भी शामिल हैं। इससे साहसिक 4X4 ड्राइव की भावना और उत्साह को गति मिलती है। आज शुरू हुआ, ग्रेट 4X4 एक्सपेडिशन बाई टोयोटा%, भाग लेने वाले 4X4 प्रशंसकों को पीआरपी वैली (गुवाहाटी) तक ले जाएगा। यह 4X4 एसयूवी की एक प्रभावशाली श्रृंखला के साथ ट्रेल ड्राइव होगा। इसके साथ पूरे रास्ते प्रकृति के लिए साझा प्रशंसा और सम्मान व्यक्त किया जायेगा। इस महान अभियान के एक अभिन्न अंग के रूप में, टीकेएम ने प्राकृतिक बाधाओं वाले कुछ ऑफ-रोड ट्रैक की पहचान की है जो आर्टिक्यूलेशन, साइड इनक्लाइन, रैम्बलर, गहरी खाई, कीचड़ और चट्टानी क्षेत्र जैसे अनूठे अनुभवों की पेशकश करते हैं। ये ट्रैक असाधारण ड्राइविंग की सुविधा प्रदान करते हैं जो 4X4 वाहनों की उल्लेखनीय क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। कहने की जरूरत नहीं है, टोयोटा में ग्राहक सुरक्षा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होने के कारण, आवश्यक सुरक्षा उपायों की उचित रूप से योजना बनाई गई है और उन्हें लागू किया गया है।

# 1.1 अरब डॉलर के लिए आईएमएफ मिशन और पाकिस्तान के बीच होगी चर्चा, 14 से 18 मार्च के बीच बैठक




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब समझौते और एक नए ऋण कार्यक्रम के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गए हैं। एआरवाई न्यूज के अनुसार, इस्लामाबाद एसबीए कार्यक्रम के तहत 1.1 बिलियन अमरीकी डालर की अंतिम किश्त के बारे में अंतरराष्ट्रीय ऋणदाता के साथ बातचीत करेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) मिशन तीन अरब डॉलर की स्टैंड-बाय व्यवस्था (एसबीए) की आर्थिक समीक्षा के लिए बुधवार को पाकिस्तान पहुंच सकता है। सूत्रों के मुताबिक, यह बातचीत 14 से 18 मार्च तक होगी। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब समझौते और एक नए ऋण कार्यक्रम के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गए हैं। एआरवाई न्यूज के अनुसार, इस्लामाबाद एसबीए कार्यक्रम के तहत 1.1 बिलियन अमरीकी डालर की अंतिम किश्त के बारे में अंतरराष्ट्रीय ऋणदाता के साथ बातचीत करेगा। इसके अलावा, पाकिस्तान ने दूसरी समीक्षा के लिए आईएमएफ द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पहले ही हासिल कर लिया है, सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। बातचीत के दौरान, पाकिस्तान एक साथ 36 महीने की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत एक नए सौदे का अनुरोध भी करेगा। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान 6-8 अरब डॉलर के नए ऋण के लिए आईएमएफ से अनुरोध कर सकता है।

# मैक्स लाइफ ने स्मार्ट वेल्थ एडवांटेज गारंटी इलीट प्लान के साथ पोर्टफोलियो बढ़ाया

**नई दिल्ली।** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने नए स्मार्ट वेल्थ एडवांटेज गारंटी इलीट प्लान - स्वैग इलीट प्लान की पेशकश के साथ अपने गारंटीड सॉल्यूशंस पोर्टफोलियो के विस्तार का एलान किया है स्वैग सीरीज की ऑफरिंग्स जैसे स्वैग पार प्लान और स्वैग पेंशन प्लान की सफलता एवं ग्राहकों की ओर से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए मैक्स लाइफ आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस पेश करने की अपनी प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ रही है। मैक्स लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ प्रशांत त्रिपाठी ने कहा भारत की महत्वाकांक्षी जरूरतों के साथ आज के समय में हर व्यक्ति ऐसे इंश्योरेंस सॉल्यूशंस चाहता है, जिसमें एडैप्टिबिलिटी और लंबी अवधि की वित्तीय सुरक्षा हो। हमारा नवीनतम स्मार्ट वेल्थ एडवांटेज गारंटी (स्वैग) इलीट प्लान इसी जरूरत को पूरा करता है। इसमें एचएनआई सेग्मेंट को उनके लक्ष्य पूरे करने में मदद के लिए सेविंग्स ऑप्शन और जीवनभर की सुरक्षा का अनूठा मेल मिलता है, साथ यह भी सुनिश्चित होता है कि उनके प्रियजनों को जीवन के हर मोड़ पर सुरक्षा मिले। इनोवेशन मैक्स लाइफ के केंद्र में है और स्वैग इलीट प्लान ग्राहकों को स्वयं एवं अपने परिजनों के लिए वित्तीय रूप से सुरक्षित भविष्य निर्माण में सक्षम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'

एक संतुलित फाइनेंशियल पोर्टफोलियो के लिए विविधतापूर्ण निवेश विकल्पों को लेकर ग्राहकों के बीच मांग बढ़ रही है। इसे देखते हुए मैक्स लाइफ इनोवेटिव ऑफरिंग्स के माध्यम से इस मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वैग इलीट प्लान ग्राहकों की बदलती वित्तीय जरूरतों और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कम्प्रेहेंसिव सॉल्यूशन देने की इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस नई ऑफरिंग को विशेष रूप से 'हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल' (एचएनआई) सेग्मेंट के लिए तैयार किया गया है।

इस नई पेशकश में ग्राहकों को गारंटीड रिटर्न और अगली पीढ़ी के लिए जीवनभर की सुरक्षा जैसे अनूठे लाभ मिलते हैं। फ्लेक्सिबिलिटी पर विशेष फोकस के साथ यह पेशकश ग्राहकों को पॉलिसी के अंत में एकमुश्त राशि लेने या समय के साथ किस्त के रूप में उस राशि को लेने का विकल्प चुनने की आजादी देती है। इसके अलावा, इस प्लान में जिंदगीभर का प्रोटेक्शन भी मिलता है, जिससे सुनिश्चित होता है कि पॉलिसी टर्म पूरा होने के बाद भी कवरेज मिले। पॉलिसीधारक को प्रीमियम भुगतान और सर्वाइवल बेनिफिट के विभिन्न विकल्पों में से चुनते हुए अपने प्लान को कस्टमाइज करने की सुविधा भी मिलती है।

# कोटक ने किया 'सेहत का सफ़र' का आयोजन

## ट्रक ड्राइवरों के लिए एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य जाँच अभियान

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक (÷केएमबीएल÷ / ÷कोटक÷) ने 'सेहत का सफ़र' का दूसरा संस्करण लॉन्च किया है। यह देश भर में ट्रक ड्राइवरों की शारीरिक



तंदुरुस्ती को प्राथमिकता देने के लिए एक कोटक कर्म पहल है।

इस पहल के अंतर्गत, कोटक कॉम्प्लीमेंटरी स्वास्थ्य जाँच शिविरों का आयोजन करने जा रहा है, जिन्हें विशेष रूप से ट्रक ड्राइवरों के महत्वपूर्ण कार्यबल के लिए तैयार किया गया है। इन शिविरों में निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा। साथ ही, 'सेहत का सफ़र' के माध्यम से देश भर में लगभग 3,000 ट्रक ड्राइवरों की सेहत और तंदुरुस्ती सम्बंधित ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग तरह की जाँच की जायेगी। इसमें आँखों की जाँच, शारीरिक मुद्रा के मूल्यांकन के लिए फिजियोथेरेपिस्ट/ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों द्वारा आंकलन, मुँह के कैंसर की शुरुआती जाँच के लिए दाँतों की जाँच, और सामान्य स्वास्थ्य के लिए ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि की जाँच की जायेगी। निःशुल्क दवायें देने के साथ-साथ कोटक सरकारी कल्याण योजनाओं पर जागरूकता सत्र का संचालन भी करेगा, जिसका उद्देश्य ड्राइवरों की तंदुरुस्ती में सुधार करना है।

कोटक महिंद्रा बैंक के प्रेसिडेंट-लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर, अमित मोहन ने कहा कि, अक्सर गुमनाम रहने वाले ट्रक ड्राईवर हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो अथक रूप से देश भर में वस्तुओं का परिवहन करते हैं। दुर्भाग्य से, उनकी व्यस्त समय-सारणी के कारण उन्हें अपनी खुद की सेहत को प्राथमिकता देने के लिए उनके पास बहुत कम समय बचता है। हमारे स्वास्थ्य जाँच शिविरों का लक्ष्य इन ड्राइवरों के लिए स्वास्थ्यकर जीवनशैली को बढ़ावा और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। पिछले शिविरों की सफलता के आधार पर हमें आशा है कि इस बार के 'सेहत का सफ़र' से और अधिक ड्राइवरों को लाभ पहुंचेगा।

विभिन्न परिवहन केन्द्रों में, जहाँ ट्रक ड्राइवरों की बार-बार आवाजाही होती है, 30 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक शिविर में डॉक्टर्स4यू के 6 डॉक्टरों और नर्सों की टीम रहेगी। यह पहल 30 शहरों में की जायेगी, जिनमें नाशिक, मुरादाबाद, कानपुर, रोहतक, फरीदाबाद, बीकानेर, भीलवाड़ा, जयपुर, जोधपुर, बठिंडा, जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, वेल्लोर, संकरी, कालिकट, हैदराबाद-ऑटो नगर, हुबली, जोरहट, धनबाद, भुबनेश्वर, पटना, पुणे, औरंगाबाद, रायपुर, गांधीधाम, इंदौर, ग्वालियर, और सुरेंद्रनगर-हलवद शामिल हैं।

'सेहत का सफ़र' की शुरुआत वर्ष 2023 में की गई थी। अपने पहले संस्करण में कोटक ने 30 'सेहत का सफ़र' चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया था जिनसे देश भर में करीब 3,000 ट्रक ड्राइवरों को लाभ पहुंचा था।

कोटक कर्म, कोटक महिंद्रा ग्रुप की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहचान है।

# सोना 400 रुपए लुढ़का, चांदी में 600 रुपये की गिरावट



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में सुस्ती का असर दिल्ली सर्राफा बाजार में भी दिखाई दिया। बुधवार को सोने की कीमत में 400 रुपये और चांदी में 600 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी बाजारों में सुस्ती के चलते दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में 400 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक, प्रति दस ग्राम सोने की कीमत 65,950 रुपये दर्ज की गई। वहीं चांदी भी 600 रुपये लुढ़कते हुए प्रति किलोग्राम 75, 300 रुपये हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ कमोडिटी विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की कीमतें (24 कैरेट) 65,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद से 400 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, कॉमेक्स पर सोना 2,160 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 17 अमेरिकी डॉलर कम है। सौमिल गांधी ने कहा कि उम्मीद से ज्यादा अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, जिससे आगामी महीनों में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में नरमी लाने की बाजार की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

# प्रोमोटर्स ने ग्लोब टेक्सटाइल के राइट ऑफर में 40.91% सदस्यता की

ग्लोब टेक्सटाइल (भारत) लिमिटेड के द्वारा राइट ऑफर किया गया, जिसका उद्घाटन 6 मार्च, 2024 को हुआ और 15 मार्च, 2024 को समाप्त होगा। शेयरहोल्डरों को 23 फरवरी, 2024 के रिकॉर्ड तिथि के अनुसार प्रत्येक पूर्ण पेड़-अप इक्विटी शेयर के लिए एक राइट इक्विटी शेयर प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

प्रोमोटर्स ने कंपनी के राइट्स ऑफ़र में अपनी भागीदारी की इच्छा जाहिर की है, जिसमें उन्होंने कंपनी के राइट्स ऑफ़र डॉक्यूमेंट में उल्लेखित 40.91% तक के हिस्सेदारी का वादा किया है। कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, प्रोमोटर्स और प्रोमोटर समूह के सदस्यों ने अपने हक की पूरी तक भागीदारी की है, जिसमें किसी अन्य प्रोमोटर या प्रोमोटर समूह के सदस्य द्वारा उनके हक को अधिकार दायित्वों का अधिकार स्वीकृत किया गया था।

इस ऑफर के आय का हिस्सा अग्रसर एकीकृतीकरण के माध्यम से होने जा रहे अधिग्रहण के लिए उपयोग किया जाएगा, जो अगले 3 साल में संयुक्त राजस्व में 30त्र से अधिक की अनुमानित वृद्धि में मदद करेगा। कंपनी ने हाल ही में त्तः3, 2023 के वित्तीय परिणाम घोषित किए जिसमें कंपनी की निवेश लाभ पिछले वर्ष के तुलनात्मक तिमाही से 47.61 लाख रुपये से 163.83 लाख रुपये में 4 गुणा बढ़ गया।

ग्लोब टेक्सटाइल लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिस्टर भाविन परीख ने कहा कि कि, कंपनी की भविष्य की योजनाओं में विश्वास दिखाते हुए, प्रोमोटर्स ने पत्र-प्रस्ताव में उल्लिखित अधिकार अधिकारिता के पूर्णता तक सदस्यता ली है।

उन्होंने राइट्स ऑफ़र से आय के रणनीतिक विनियोजन पर विस्तार से चर्चा की, उन्होंने कहा कि, यह कंपनी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन निधियों से हम अग्रसर एकीकरण योजनाओं को बढ़ावा देंगे, जिससे हमारी क्षमताएँ और विकास में गति मिलेगी। इससे हमारे संपत्ति, मार्जिन और टॉप लाइन में सुधार होगा साथ ही हम भारत, यूरोप और अमेरिका के ग्राहकों के लिए नवीनतम स्थायी फैशन कपड़ों और प्रथाओं का परिचय करेंगे। हम यह विश्वास करते हैं कि यह विकास 2027-28 तक लगभग 520 करोड़ रुपये के अनुमानित शीर्ष लाइन तक पहुंचने में मदद करेगा।

इस संयोजन से कपड़ों की प्रसंस्करण क्षमता को दिन में 20,000 इकाइयों और महीने में 6 लाख इकाइयों तक बढ़ाया जाएगा, जिससे उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। इसके अलावा, इससे एटिरा द्वारा शून्य तरल डिस्चार्ज सुविधा के प्रमाणन में आगे बढ़ावा होगा, जो कंपनी की पर्यावरणीय स्थायिता के प्रति समर्पण को दिखाएगा।

# सेंसेक्स 300 अंक चढ़ा, निफ्टी 20400 के करीब



बुधवार को सुबह 9 बजकर 22 मिनट पर सेंसेक्स 182.11 (0.24%) अंकों की बढ़त के साथ 73,877.85 के स्तर पर जबकि निफ्टी 40.10 (0.18%) अंक मजबूत होकर 22,375 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।

घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन हरे निशान पर ओपनिंग हुई है। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ खुले हैं। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 300 अंकों से अधिक की मजबूती दिखी, वहीं निफ्टी 22,400 के करीब करोबार करता दिखा।

सुबह 9 बजकर 22 मिनट पर सेंसेक्स 182.11 (0.24%) अंकों की बढ़त के साथ 73,877.85 के स्तर पर जबकि निफ्टी 40.10 (0.18%) अंक मजबूत होकर 22,375 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।

# ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह अभियान की घोषणा

**लखनऊ।** मतानंद फाउंडेशन ने एनटॉड फार्मास्यूटिकल्स के सहयोग से ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह अभियान ग्लूकोमा मुक्त भारत के शुभारंभ की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। यह अभियान 10 मार्च से 16 मार्च 2024 तक लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। यह पहल विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अंतर्गत चलाई जा रही है। इस पहल का उद्देश्य ग्लूकोमा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एनटॉड के सीईओ श्री निखिल के मासुरकर ने कहा, ग्लूकोमा मुक्त भारत अभियान के साथ हमारा उद्देश्य व्यक्तियों को ग्लूकोमा के बारे में जानकारी प्रदान करना और सक्रिय नेत्र देखभाल आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।÷बता दें कि जब किसी को ग्लूकोमा हो जाता है तो आँखों की रोशनी चली जाती है। इस बीमारी से दुनिया भर में लाखों लोगों पीड़ित हैं। विकास चाइल्ड & आई केयर सेंटर के एमबीबीएस एमएस, डॉ अंकुर यादव ने कहा कि ,÷लखनऊ और पड़ोसी जिलों में ग्लूकोमा तेजी से बढ़ रहा है। ग्लूकोमा के कारण होने वाले अंधेपन को रोकने में समय पर पता लगाना और डायग्नोसिस बहुत जरूरी होता है। शुरूआती हस्तक्षेप बीमारी का प्रभावी ढंग से रोकथाम कर सकता है, और संभावित रूप से इसकी प्रगति को धीमा कर सकता है और आँखों की रोशनी की हानि को कम कर सकता है।

ग्लूकोमा को अक्सर आँखों की रोशनी का साइलेंट थीफ कहा जाता है। ग्लूकोमा की वजह से आँखों के स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण खतरा पैदा हो जाता है, और अगर इलाज न किया जाए तो इसकी इसकी वजह से अंधापन भी हो सकता है जिसे फिर ठीक भी नहीं किया जा सकता है। ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह अभियान में लोगों को नियमित आंखों की जांच और शीघ्र इलाज के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई कई फील्ड एक्टिविटीज गतिविधियां शामिल है।

# दुनिया के सबसे बड़े इन्स्टेंट ड्रिंक निर्माता रसना ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को अपना नया ब्राण्ड एम्बेसडर बनाया

नया अभियान रसना के भावनात्मक जुड़ाव के साथ ही विटामिन और मिनरल्स के कार्यात्मक लाभों पर प्रकाश डालेगा

**नई दिल्ली।** गर्मी के साथ ही, हर साल की तरह इस साल भी रसना एक नए अभियान के साथ सामने आई है, जो न केवल उनके 21 विटामिन और मिनरल्स पर प्रकाश डालता है जो हमें ऊर्जावान बनाते हैं, बल्कि उन भावनाओं को भी उजागर करता हैं जो प्यार, खुशी, जोश और सफलता के विटामिन हैं। व्यापक अनुसंधान और उत्पाद स्वाद परिणामों के आधार पर, रसना को वास्तविक फलों के एक्सट्रैक्ट अर्क के साथ एक विटामिन, मिलरल और ग्लूकोज पेय के रूप में पुनः तैयार किया गया है। नया अभियान रसना के ग्राहकों और उनकी बढ़ती जरूरतों को समझने में मदद करने के लिए पूरे भारत में किए गए व्यापक बाजार अनुसंधान का परिणाम है। यह सामाजिक एवं आर्थिक आधार पर ए और बी परिवारों को ध्यान में रखते हुए




प्राकृतिक, स्वस्थ और बेहतरीन स्वाद पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है और इसे एक स्वादिष्ट, गाढ़े और स्वास्थ्यवर्धक पेय के रूप में पुनर्स्थापित करता है, जो तर्कसंगत पहलुओं को संतुष्ट करने के साथ साथ ऊर्जा, जोश, खुशी और सबसे महत्वपूर्ण विटामिन, विटामिन के साथ जुड़ाव बढ़ाने में उत्प्रेरक के रूप में काम करता है। आज रसना न केवल विश्व प्रसिद्ध आविष्कार है, बल्कि इन्स्टेंट ड्रिंक भी है, जो कई प्रारूपों में आते हैं। 750 ग्राम की पाउच से 33 गिलास बनते हैं, 500 ग्राम की पाउच से 22 गिलास बनते हैं, 400 ग्राम की पाउच से 17 गिलास बनते हैं, और एक शैसे से एक गिलास बनता है। रसना ने स्क्वैश और सिरप जैसे नई पीढ़ी के लिक्विड कंसंट्रेट विकसित करने का भी बीड़ा उठाया है। रसना के पास अपने सब ब्राण्ड रसना हेल्दी डे के तहत एक संपूर्ण वेलनेस रेंज भी है, जिसमें शुद्ध हनी, प्रोटीन पाउडर, हनी/माल्ट-आधारित पाउडर, चॉकलेट स्प्रेड, इंस्टेंट सूप आदि शामिल हैं।

निश्चित रूप से इस वर्ष के अभियान का मुख्य आकर्षण फेस ऑफ यूथ और कई लोगों के दिलों की धड़कन, सनसनीखेज तमन्ना भाटिया का शामिल होना है। वास्तव में, तमन्ना बचपन से ही रसना की प्रशंसक रही हैं और रसना का सेवन करती रही हैं, और वास्तविक जीवन में एक बच्चे के रूप में लव यू रसना कहने की उनकी एक अलग याद है और यही कारण है कि उन्हें अपने साथ शामिल करना स्वाभाविक था। वास्तव में, विज्ञापन में वे स्वयं ही रसना के खुशी देने वाली, सफलता देने वाली और निश्चित रूप से रसना द्वारा परिवार के बीच प्रेम को उजागर करने की भावनात्मक स्थितियों को सामने लेकर आ रही हैं।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का हो रहा समृद्धि विकास : सांसद

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश और प्रदेश में चौमुखी विकास हुआ है। सरकार ने सर्व समाज के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया है। जिसका लाभ समाज का हर वर्ग उठा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का समृद्धि विकास हो रहा है। सड़क, पानी, बिजली सरकार की मुख्य प्राथमिकता रही है। इसके अलावा आमजन के लिए आवास, पेंशन, किसान सम्मान निधि, मुफ्त में किसानो को बिजली, महिलाओ को समृद्धि बनाने के लिए स्वनिधि योजना संचालित किया है। उक्त बातें सदर सांसद रवि किशन ने सहजनवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय हरपुर बुदहट में करीब 51 लाख की लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग, प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय, जीम के लोकार्पण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि लोगो को संबोधित करते हुए कही। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा की विकास के दम पर फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंगल शुक्ल संचालन डा आरडी सिंह ने किया। प्रधान मदन मुरारी गुप्ता ने आए हुए आगंतुको के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक देव नारायण उर्फ जीएम सिंह, ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव, बंशी यादव विवेक चौधरी, आनंद यादव, टिंकू मिश्र, विजय कुमार, संजय शर्मा, जोखू, प्रहलाद यादव जैनेंद्र शुक्ल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**इंटरलॉकिंग, प्राथमिक विद्यालय, पूर्व मा. विद्यालय जीम का हुआ लोकार्पण**



### हाईमाक्स से जगमग होगा गांव

सरकार गावो को शहर की तरह जगमग कराने की दिशा में अथक प्रयास किए जा थे। और गांव को जगमग बनाने के लिए स्ट्रीट लाईट, हाईमाक्स, सोलर लाईट लगाने का निर्देश दिया है। इसी के तहत सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत भदरखी में प्रधान पति विवेक चौधरी द्वारा गांव को रोशन बनाने के लिए करीब दो लाख लागत से हाई माक्स पंचायत भवन पर लगाया गया है।

### नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम का आयोजन

नेहरू युवा केंद्र व दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय सहजनवा में मेरा विकसित भारत के अंतर्गत नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस मे सौ मीटर दौड़ 200 मीटर दौड़ 500 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा और विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य तरन्नुम बानो नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक समन्वक श्री शिवेंद्र गोपाल अमन निषाद और पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# मोबाइल नंबर और पहचान पत्र से हो जाएगा नियमित टीकाकरण

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से कोविन की तर्ज पर शुरू किए गए यू-विन पोर्टल की शुरूआत जिले में बुधवार को हो गई। इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद आप महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण को लेकर निश्चित हो सकते हैं।

टीकाकरण सत्र पर गर्भवती और बच्चे का नियमित टीकाकरण भारत सरकार के यूविन एप के जरिये सिर्फ मोबाइल नंबर और पहचान पत्र (आईडी) की मदद से हो जाएगा। इस एप की एक विशेषता यह भी है कि एक बार पंजीकरण के बाद टीका लग गया तो अगले टीके के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर कई बार संदेश जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता, यूएनडीपी संस्था के प्रतिनिधि अभिषेक और सहायक शोध अधिकारी राकेश चंद की टीम इस एप पर जिले के सभी टीकाकरण सत्र के सफल संचालन में जुटी हुई है। 415 सत्रों को एप के जरिये संचालित किया गया। जिले में इससे पहले 410 सत्र स्थलों पर बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण होता रहा है। सीएमओ ने बताया कि नयी व्यवस्था के तहत लाभार्थी को सिर्फ एक मोबाइल और कोई एक पहचान पत्र देकर पंजीकरण करवाना है । कोविड टीकाकरण के समय जितने पहचान पत्र मान्य थे, वह सभी यूविन एप पर भी मान्य होंगे। जिले के सभी ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारियों, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक और डेटा एंट्री ऑपरेटर्स को इस संबंध में प्रशिक्षित किया जा चुका है और एएनएन को सत्र स्थलों पर ही प्रशिक्षण देकर सत्र का संचालन किया जा रहा है। इस वर्ष जिले में एक लाख से अधिक बच्चे सम्पूर्ण प्रतिरक्षित हो चुके हैं। नयी व्यवस्था से लाभार्थी परिवार बच्चे के टीकाकरण संबंधी प्रमाण पत्र को खुद डाउनलोड कर प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। नाथ नगर टीकाकरण सत्र पर 23 वर्षीय गर्भवती पूजा को टीडी का पहला टीका लगाया गया। एएनएम अर्चना त्रिपाठी द्वारा टीका लगाने के बाद यूविन एप से उन्हें प्रमाण पत्र भी जारी किया गया। पूजा ने बताया कि चार हफ्ते बाद दूसरा टीका लगवाने के लिए कहा गया है।



### देश के किसी भी कोने में लग जाएगा टीका

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता ने बताया एप पर पंजीकरण करवाने वाले लाभार्थी अगर किसी अन्य प्रदेश में चले जाते हैं तो वहां भी आईडी और मोबाइल नंबर के जरिये उनके टीकाकरण का विवरण पता चल जाएगा और शेष टीके वह दूसरे प्रदेशों में भी लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गर्भवती को दो बार टीडी का टीका लगाया जाता है, जबकि बच्चों के लिए जन्म से पांच वर्ष के भीतर सात बार टीकाकरण आवश्यक है। इससे तेरह प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचाव होता है।

# खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 से

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2023-24 में सीनियर पुरूष महिला वर्ग का हैण्डबाल ताइक्वाण्डो फुटबाल कबड्डी खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सीनियर महिला वर्ग की हैण्डबाल व ताइक्वाण्डो खेल 18 मार्च को प्रातः 08:30 बजे तथा सीनियर पुरूष वर्ग की कबड्डी व फुटबाल खेल 19 मार्च 2024 को प्रातः 08:30 बजे जिला स्तरीय प्रतियोगिता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त प्रधानाचार्य प्रधानाचार्या जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने-अपने विद्यालय कालेज के प्रतिभागी पुरूष महिला खिलाड़ियों को आधार कार्ड निवास प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साइज फोटो सहित निर्धारित तिथि एवं समय को उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# व्यापारी सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन आज

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** संयुक्त व्यापार मंडल गोरखपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा आज सर्राफा भवन में एक बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त व्यापार मंडल गोरखपुर के संयोजक रमेश चंद्र गुप्ता एवं वरिष्ठ सह संयोजक योगेन्द्र नाथ दूबे ने कहा कि गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पुनः दूसरी बार गोरखपुर लोकसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर व्यापारी समाज बहुत हर्षित और प्रफुल्लित है, तथा 14 मार्च 2024 दिन गुरुवार को सायं काल 7 बजे, श्री रामलीला मैदान वर्डघाट गोरखपुर के प्रांगण में व्यापारी सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। इस व्यापारी सम्मेलन के माध्यम से व्यापारी समाज से अपील कर तथा महा संपर्क अभियान के जरिए हमारे संगठन की कोशिश रहेगी की मोदी सरकार की 9 साल की तथा योगी सरकार के 7 साल की उपलब्धियां को आम वोटर तक पहुंचाया जाए इसमें यह व्यापारी सम्मेलन काफी मददगार होगा यह अभियान पूरे गोरखपुर जनपद में चलाया जाएगा तथा समस्त व्यापारी बंधुओ से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने विचारों को रखें और व्यापारी सम्मेलन को सफल बनाएं जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद गोरखपुर रवि किशन शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, ग्रामीण विधायक विपिन सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता रहेंगे। संयुक्त व्यापार मंडल के सहसंयोजक भोला अग्रहरि, गणेश वर्मा, संतोष अग्रवाल, अभिषेक शाही ने कहा कि व्यापार के लिए सुरक्षा और शांति बहुत जरूरी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की जनता का विश्वास बढ़ा है व्यापार और उद्योग में कई सुधार किए गए हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक नई आभा के साथ तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है आज यूपी अराजकता से पूरी तरह से मुक्त हो चुका है।



# भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा : रविकिशन



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** जनता की सुविधा हेतु पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सहजनवा रेलवे स्टेशन पर गाड़ी सं0 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ एक्सप्रेस के ठहराव के कार्यक्रम के अवसर पर बुधवार को सहजनवां स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद, गोरखपुर रवि किशन शुक्ला ने कहा कि सहजनवा स्टेशन पर वाराणसी सिटी-लखनऊ एक्सप्रेस के ठहराव से क्षेत्रीय जनता को काफी सुविधा होगी और क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है, जिससे करोड़ों यात्री प्रतिदिन यात्रा करते है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल का बहुमुखी विकास हो रहा है और यात्रियों को विश्व स्तरीय यात्रा सुविधा मिल रही है। सहजनवा स्टेशन पर वाराणसी सिटी-लखनऊ एक्सप्रेस के ठहराव की स्वीकृति प्रदान किये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। आपको बता दें कि यह गाड़ी सहजनवा स्टेशन पर रात्रि 23:45 बजे पहुंचकर 23.47 बजे छूटेगी। इस अवसर पर विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ला पूर्व विधायक जीएम सिंह, ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह, दिलीप यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश दुबे, वरिष्ठ नेता विकास पांडेय मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, गोपाल गुप्ता सांसद प्रतिनिधि गौरव गुप्ता, राम प्रकाश यादव, स्टेशन निदेशक/ गोरखपुर श्री जे.पी. सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।

# पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला पंचायत अध्यक्ष पं0गिरीश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की उपस्थिति में प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऑनलाइन पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च करने का कार्यक्रम विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। इस पोर्टल से रोजगार के नये अवसर तैयार होंगे। इस पहल का उद्देश्य समाज के सबसे वंचित वर्गों का उत्थान करना है। केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के 63 लाभार्थी उपस्थित रहे । सभी लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री के लाइव संवाद को सुना एवं बैंकों की विभिन्न योजनाओं के 27 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत पत्र मुख्य अतिथि के द्वारा वितरित किए गए। कार्यक्रम में, डीपीआरओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी,समाज कल्याण अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक,लार के ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि, बैंक ऑफ बड़ौदा , केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवम भूमि विकास बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।




# भाजपा ने दिया दिव्यांगजनों को सहारा

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी दिव्यांग प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को क्षेत्र के औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश और प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिव्यांग जनों के जीवन को खुशहाल बनाने का कार्य किया है।

उन्होंने बताया कि समाज के असहाय, सुविधाविहीन एवं कमजोर वित्तीय स्थिति वाले दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास एवं उनके लाभ तथा सहायता के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई हैं जिसका लाभ दिव्यांग जनों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह-सह-प्रशिक्षण केन्द्र, कौशल विकास केन्द्र, अनुदान, पेंशन, सहायता तथा कृत्रिम अंग सहायक उपकरण आदि व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा, विभिन्न प्रोत्साहनों जैसे कि दिव्यांगजन से विवाह करने पर, दिव्यांग दिव्यांगता के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों व संस्थानों के लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय पुरस्कार व कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी (सी0 एस0 आर0) की पहल के उपयोग से अधिनियम द्वारा प्रत्यायोजित उक्त दायित्वों को पूर्ण करने हेतु सरकार कार्य कर रही है। उपर्युक्त के अतिरिक्त, आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने की योजनाओं के माध्यम से यथा- दुकान निर्माण संचालन योजना द्वारा , विभिन्न राज्य / राज्योत्तर सेवाओं में आरक्षण, छूट द्वारा दिव्यांगजन के सर्वागींण विकास एवं उन्नयन हेतु सरकार सदैव प्रयासरत है। बैठक को संबोधित करते हुए दिव्यांग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग का उत्तरोत्तर विकास हो रहा है, सरकार ने दिव्यांग जनों को भिक्षावृत्ति से हटाकर समाज की मुख्य धारा में लाने का कार्य किया है तथा दिव्यांगो के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रही है । बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री रविंद्र कौशल, डा राधेश्याम शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, गजेंद्र नाथ त्रिपाठी, गिरजा शंकर शुक्ल, शमीम अंसारी, करन त्रिपाठी, अमित दुबे, मणिशंकर, अशोक पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# जनसंपर्क कर मतदान की अपील की

**उन्नाव।** पूर्व सांसद एवं सपा की लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती अन्नू टंडन ने आज विधानसभा मोहान के ब्लाक हसनगंज के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क कर मतदान की अपील की तथा फर्जी आंकड़े बाजी और झूंठे विकास के सपने दिखा रही भाजपा सरकार से सतर्क और सावधान रहने की चेतावनी दी है। ब्लाक हसनगंज के ग्राम चुनौटी, बबुरी, जरारी, नेवलगंज, तथा मोहन में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए श्रीमती अन्नू टंडन ने कहा कि बेरोजगारी मंहगाई और ग़रीबी उन्मूलन में पूरी तरह असफल भाजपा सरकार अब विकास के झूंठे सपने दिखा देश के भोले-भाले मतदाताओं को बरगला रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो महीनों में कम से कम 45 लाख करोड़ के विकास की फर्जी घोषणाएं की है जबकि लोक सभा में वर्ष 2024-25 का सम्पूर्ण वजट 11.11 लाख करोड़ का सालाना वजट पारित हुआ है, जिसमें तीन चौथाई योजना गत ब्यय है फिर घोषित विकास धरातल पर कहां और किस धन से साकार रूप लेंगे यह, भाजपाई ही बता सकते हैं, भाजपा सरकार में सबसे बड़ा खिलवाड़ देश की युवा पीढ़ी के साथ हुआ है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनमोल है मताधिकार : डॉ. बहल



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में वोट फॉर श्योर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को सोनबरसा, बालापार और सिकटौर (मानीराम) क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं को लोकतंत्र के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर इन महिलाओं ने निर्भीक होकर मतदान करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल के निदेशक कर्नल डॉ. राजेश बहल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार अनमोल है। लोकतंत्र का प्रथम संस्कार वोट का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति लोकतंत्र में अपनी भूमिका को भी बखूबी समझती है और अपने वोट की ताकत का इस्तेमाल देश को मजबूत बनाने में करेगी। फार्मेसी विभाग के प्रमुख प्रो. एसके सिंह ने कहा कि सभी लोगों को जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा, संप्रदाय की भावना छोड़कर राष्ट्र सेवा में समर्पित जनप्रतिनिधि को अपना मत देना चाहिए। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल स्वीप अधिकारी डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पाण्डेय, डॉ. विकास यादव की सक्रिय सहभागिता रही।

# अस्थाई गोशाला में सुविधाओं का अभाव



**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के टिकरी गांव में बनी अस्थाई गोशाला में गोवंश के सरंक्षण के दावे फेल हो रहे हैं। बजट की कमी के चलते गोवंशों की अनदेखी की जा रही है। गोवंशों को खाने के लिए पर्याप्त सूखा भूसा भी नहीं दिया जा रहा है। गोशालाओं की हालत दयनीय है। भरपेट चारा नहीं मिलने से पशु असमय दम तोड़ जाते हैं। गोशाला में करीब 150 गोवंशों को भरपेट चारा नहीं मिल रहा। विकास खण्ड भेंटुआ के टिकरी गांव की गोशाला में सुविधाओं का अभाव है। कड़ी धूप में गोवंश तड़प रहे हैं। गोवंश के लिए गोशाला में छाया की पर्याप्त सुविधा नहीं है। भरपेट भोजन के अभाव में पशु दम तोड़ देते हैं। वही इस संबंध में खंड विकास अधिकारी विनय वर्मा ने बताया कि बीमार गोवंश के इलाज के लिए व्यवस्था की जा रही है। गोवंश के लिए भूसा व चारे की कोई कमी नहीं है। आहार की व्यवस्था शासन द्वारा दी जा रही राशि से विकास खंड स्तर से की जा रही है।

# निबंध और पेंटिग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को निबंध पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन डॉ आराधना राज उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र के निर्देशन में बाबा नरपति शिक्षण संस्थान इण्टर कॉलेज मुंशीगंज में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजनीश झा प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। कहा की जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष हो गई है वह सभी अपने मत का प्रयोग करें और मतदान देना न भूलें। इंजी लालमणि कश्यप ने कहा की आप अपने गांव में सभी लोगों को मतदान देने के लिए प्रेरित करें। इसकी सुरुवात अपने घर से करें। घर में सभी लोगों को मतदान के दिन मतदान बूथ तक लेकर जाए। बुजुर्गो को भी बूथ तक पहुंचाने में मदद करें जिससे वे सभी वोट देने से वंचित न रह जाएं। पेंटिग प्रतियोगिता में आकांक्षा सोनी प्रथम साधना प्रजापति द्वितीय सोनिया तृतीय और निबंध प्रतियोगिता आकांक्षा सोनी प्रथम काजल कश्यप द्वितीय प्रतिज्ञा ने तृतीय स्थान अर्जित किया। स्थान पाने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। अंत में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रतिमा रामपाल उमा शंकर श्रीवास्तव महेंद्र नाथ शुक्ल कृष्ण कुमार प्रजापति लव कुश मीनाक्षी झा रेखा जायसवाल उपस्थित रहे।

# जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए बुधवार को आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के सभागार में जोनल सेक्टर व पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दिए जाने के अतिरिक्त उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नियुक्त मजिस्ट्रेटों को मतदान से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर बिजली पानी शौचालय रैंप फर्नीचर मतदाता सूची संचार आदि बुनियादी सुविधाओं की पूरी जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जाए मतदेय स्थलों पर मोबाइल नेटवर्किंग सुविधा पहुंच मार्ग एवं सुगम रास्तों का निरीक्षण किया जाए उन्होंने आपसी समन्वय से मतदेय स्थलों का अच्छी तरह से निरीक्षण कर मतदेय स्थलों के निकट स्वास्थ्य एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि वह अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी प्रकार की घटना पर पूर्ण निगरानी रखें और तत्काल इसकी सूचना दें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने नियुक्त सभी मजिस्ट्रेटों को अपने क्षेत्र में मतदान से पहले मतदान के दिन और मतदान के बाद मजिस्ट्रेट के कर्तव्य एवं दायित्व की जानकारी देते हुए अपने क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित कराने की जानकारी दी।



# खेती में निवेश बना फायदे का सौदा, कमलेश ने पॉलीहाउस से लिखी कामयाबी की इबारत

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** सदर ब्लॉक के तिलई बेलवां निवासी कमलेश कुमार मिश्र ने लगभग दो साल पहले खेती में निवेश करने की ठानी तो लोगों ने विरोध किया और उन्हें कहीं और पैसा खर्च करने की सलाह दी। खेती-किसानी में निवेश को घाटे का सौदा मानने वाले अधिकांश ग्रामीणों का मानना था कि खेत में किये जाने वाले निवेश से लागत निकलना ही मुश्किल होता है, लाभ दूर की कौड़ी है। लेकिन, मजबूत इरादों के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले कमलेश ने लगभग 40 लाख रुपये की लागत से अपने एक एकड़ खेत में पॉलीहाउस की स्थापना कि और रंग-बिरंगे शिमला मिर्च तथा बीजरहित खीरे की खेती शेडनेट में प्रारंभ की। सरकारी योजनाओं से उन्हें लागत का पचास प्रतिशत अनुदान भी मिला। पॉलीहाउस स्थापना के पहले ही वर्ष उन्होंने लगभग 30 लाख रुपये के मूल्य के लाल, पीला तथा हरे रंग के शिमला मिर्च तथा बीज रहित खीरे का विक्रय किया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बुधवार को उनके पॉलीहाउस का निरीक्षण किया। कॉमर्स ग्रेजुएट कमलेश ने जिलाधिकारी को बताया कि उन्होंने विभिन्न संचार माध्यमों से सुना था कि पॉलीहाउस के माध्यम से बेमौसमी सब्जियों का उत्पादन कर मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने पॉलीहाउस के विषय में जानकारी हासिल करने की ठानी और राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई गांवों का दौरा किया और इसकी क्रियाविधि को बारीकी से समझा। इसके बाद उन्होंने भुजौली कॉलोनी स्थित उद्यान विभाग के कार्यालय में संपर्क किया जहां उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने उद्यान विभाग से सूचीबद्ध कंपनी सफल ग्रीन हाउस के माध्यम से पॉलीहाउस की स्थापना कराई। उन्होंने बताया कि उनका पॉलीहाउस ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर एवं फॉगर की सुविधा से युक्त है। खीरे का उत्पादन मल्च तकनीकी से कर रहे हैं, जिसमें जमीन पर अल्ट्रावायलेट प्रोटेक्टेड सीट बिछाया जाता है और निश्चित दूरी पर खीरे की बुआई की जाती है। इस विधि में निराई-गुड़ाई की जरूरत नहीं होती है।



# जनहित में लगातार कीर्तिमान बना रही है मोदी योगी की सरकारें: अनुपमा

**अन्नपूर्णा भवन निर्माण में प्रदेश में अव्वल बना बहराइच**

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड चित्तौरा अंर्तगत ग्राम सभा अहिरौरा अमीनपुर नगरौर बेगमपुर और अलिया बुलबुल में आज फूड ग्रेन स्टोरेज योजना अंतर्गत अन्न पूर्णा भवन मॉडल शाप उचित दर विक्रेता का लोकार्पण विषयक कार्यक्रम सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल द्वारा फीता काट कर किया गया।कार्यक्रम का संचालन उपायुक्त श्रम रोजगार के. डी. गोस्वामी ने किया इस अवसर पर जनपद और ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम सभा अहिरौरा और अमीनपुर में मॉडल शाप के उद्धाटन के मौके पर मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल ने कहा देश की मोदी और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार लगातार जनहित के विकास पर कार्य कर रही है उन्होंने कहा की लगातार मन की बात में और जनप्रतिनिधियों को शिकायत मिलती थी की सरकार द्वारा दिए जा रहे राशन को बिचौलिए पूरा नहीं पहुंचने दे रहे हैं गरीब की बात को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने अब ऐसी व्यवस्था बना दी है जिससे किसी के दरवाजे पर जाने की व्यवस्था को खत्म करके माडल शाप बनवाकर बिचौलियों का काम खत्म करने का कार्य किया है।इस अवसर पर जिला पूर्ति निरीक्षक नरेंद्र तिवारी, डी. सी. मनरेगा केडी गोस्वामी खंड विकास अधिकारी सौरभ कुमार पाण्डेय खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार वर्मा पूर्ति निरीक्षक चित्तौरा हरिश्चन्द्र दूबे पुरूषोत्तम जायसवाल अजय सिंह विशेश्वर सिंह प्रधान श्याम चौधरी आजाद अहमद ओम प्रकाश यादव सहित अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्मार्ट क्लास से बच्चो का और बेहतर होगा शिक्षा का स्तर: अनुपमा

**बेहतर इच्छा शक्ति से कोई भी काम असंभव नहीं: गोस्वामी**



**बहराइच।** जनपद के विकास खंड चित्तौरा के ग्राम अहरौरा में माडल शाप के उद्धाटन के अवसर पर पहुंची सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल ने ग्राम प्रधान और शिक्षको के प्रयास से जूनियर हाईस्कूल में निर्मित स्मार्ट क्लास को देखकर काफी प्रसन्न दिखाई पड़ी उन्होंने बताया की सरकारी स्कूलों में भी कान्वेंट से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण अब बच्चो के पढ़ाई का स्तर और भी बेहतर होगा।मुखमंती द्वारा ग्राम प्रधान को मिले पुरुस्कार से स्मार्ट क्लास का निर्माण कराए जाने पर ग्राम प्रधान श्याम चौधरी की विधायिका ने जमकर सराहना की जिसपर उपायुक्त श्रम रोजगार केडी गोस्वामी ने कहा कि अगर इच्छा शक्ति मजबूत हो तो कोई भी काम असंभव नही होता। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने विधायिका अनुपमा जायसवाल का बुके देकर सम्मान किया।

# दो संदिग्ध व्यक्तियों को किया पुलिस के हवाले



अवधनामा संवाददाता

**जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण**

**बहराइच।** गत दिवस मतदान केन्द्र कन्छर के निरीक्षण के दौरान वृद्ध महिलाओं द्वारा वृद्धावस्था पेंशन रूक जाने के सम्बन्ध में की गई शिकायत तथा जनतादर्शन वृद्धावस्था पेंशन के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने गेंद घर परिसर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों का रख-रखाव, कार्यालय भवन व परिसर की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में घूम रहे 02 व्यक्तियों की गतिविधि संदिग्ध पायी गई। पूछताछ के दौरान दोनो संदिग्ध व्यक्तियों के पास कुछ अभिलेख भी पाये गये।

## संक्षिप्त समाचार

### राजधानी में ओ पी राजभर का राजतिलक



**सुल्तानपुर।** राजधानी में ओपी राजभर का राजतिलक होंने के बाद सुल्तानपुर में जश्न का माहौल है। पहले तो कैबिनेट में हिस्सेदारी, फिर कैबिनेट मंत्री बनने के बाद विभाग मिलने में हो रही देरी पर विराम लगने के बाद सुभासपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मुदित है। मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष को पंचायतीराज व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय मिलने पर बुधवार को प्रदेश सचिव मध्यांचल संजय दुबे की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यर्पण किया। ढोल नगाड़े की धुन पर जश्न मनाया। इस मौके पर सुल्तानपुर जिलाध्यक्ष अनिल राजभर,अमेठी जिलाध्यक्ष सतीश मिश्र,जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह,लाल साहब समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सरकारी वाहन से एसडीएम कर रहे अतिक्रमण हटाने का आवाहन

**सुल्तानपुर।** शहर में अतिक्रमण अभियान का नेतृत्व करने एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद निकल पड़े। नगर पालिका के सामने पालिका कर्मियों के साथ अतिक्रमण हटवाया। कलेक्ट्रेट गेट के इर्द-गिर्द दुकानों को हटाने का एसडीएम ने अल्टीमेटम दिया है। सरकारी वाहन से एसडीएम सदर ने अतिक्रमण हटाने का अनाउंस किया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर कोतवाली पुलिस नदारद रही। एसडीएम बोले, दुकानदार अपनी दुकान की सीमा में रहे। एक नाली से दूसरी नाली के बीच कतई अतिक्रमण न करें।

### हृदय राम तिवारी को मिली तहसीलदार सदर की जिम्मेदारी

**सुल्तानपुर।** जनपद से तहसीलदारों के हुए स्थानांतरण के बाद गैर जनपद से आए हृदय राम तिवारी को तहसीलदार सदर की जिम्मेदारी मिली है।इसके साथ ही वे तहसील सदर में न्यायिक तहसीलदार का अतिरिक्त कार्य भी देखेंगे।बल्दीराय के तहसीलदार को जयसिंहपुर के तहसीलदार के पद पर भेजा गया है।तहसील सदर में न्यायिक तहसीलदार के पद पर कार्यरत अरविंद तिवारी तहसीलदार बल्दीराय के पद पर भेजे गए हैं। उक्त आशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

### वकीलों के हड़ताल के चलते राहुल मामले में सुनवाई टली

**सुल्तानपुर।** मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमित शाह पर दिए गए आपत्ति जनक टिप्पणी के मामले की सुनवाई वकीलों के हड़ताल के चलते टल गई। बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी पर दर्ज परिवार वाद किया है। जिले के अखंडनगर व कादीपुर दो थाने के मुकदमों की सुनवाई कादीपुर सिविल कोर्ट में होने के विरोध में जिले के अधिवक्ता है।। बीजेपी नेता विजय मिश्रा के वकील संतोष पांडेय बोले-हडताल के चलते एमपी एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी मामले की सुनवाई नही हो सकी। माननीय न्यायालय ने 22मार्च को अग्रिम तिथि निर्धारित की है। जमानत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं।

### 21 मार्च को आयोजित होगा अप्रेन्टिस रोजगार मेला

**बहराइच।** प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच के परिसर में 21 मार्च, 2024 को आईटीआई, सेवायोजन एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय एवं दूरस्थ के कई अधिष्ठानों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सदर सुमन कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा का प्रचार और प्रसार तेजी से हो रहा है। महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से जो छात्राएं प्रशिक्षण ले रही हैं वह आगे जाकर सशक्त समाज का निर्माण करेंगी। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं आर्थिक संपन्नता की ओर तेजी से बढ़ रही है लेकिन सामाजिक समानता उन्हें शिक्षा से ही प्राप्त हो सकती है। राष्ट्रीय सेवा योजना उनके लिए सामाजिक सशक्तता में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। आज की छात्राएं कल की मजबूत महिलाएं बनेगी। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि हमारी छात्राएं जितनी मजबूत होगी, उतने ही मजबूत और शिक्षित परिवार हमारे होंगे। एक महिला की मजबूती पूरे परिवार को मजबूत करती है महिलाओं को सभी क्षेत्र में बराबर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

### बेरोजगार युवक, युवतियां प्राप्त कर सकते है प्रशिक्षण

**बहराइच।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच अन्तर्गत संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक वर्षीय पाठ्यक्रम के द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक, युवतियों की सेवायोजकता में वृद्धि हेतु कम्प्यूटर संचालन, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि, सचिवीय पद्धति, बहीखाता, सा0 गणित, हिन्दी, सा0ज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था शासन द्वारा की गयी है। प्रशिक्षण सत्र अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 तक संचालित होगा।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण हेतु प्रवेश के लिए हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण युवक, युवतियों जिनकी आयु 01 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवक, युवतियां अपना आवेदन 30 मार्च 2024 तक कार्यालय में उपलब्ध करा दें। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए 01 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे साक्षात्कार होगा।

# यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ दूबेपुर ने किया नवागत बीईओ का स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**दूबेपुर, सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दूबेपुर के ब्लॉक अध्यक्ष एवम मांडलिक मंत्री अयोध्या तथा जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी संघ के पदाधिकारियों समस्त दसों एनपीआरसी के नोडल शिक्षक संकुल ने मिलकर आज नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी राम तीर्थ वर्मा का बुकें देकर स्वागत किया। स्वागत करते हुए अध्यक्ष दूबेपुर ने कहा कि ब्लॉक के कार्यों एवम गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए सभी नोडल शिक्षक संकुल प्रधानाध्यापक एवम समस्त स्टाफ मिलकर पूरा सहयोग करेगें। जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी एवम लेखाकार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने दसों एनपीआरसी के नोडल शिक्षक संकुल एआरपी बीआरसी स्टाफ का परिचय कराया। नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन के मंशानुरूप विभागीय नियमों निर्देशों के क्रम में हम सबको मिलकर शैक्षिक स्त्रोन्नयन हेतु कार्य करना है। उन्होने बीआरसी पर चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण की गुणवत्ता भी परखी।सभी ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व बीआरसी बजरंग यादव जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम फिरोज मनीष सिंह नोडल आरिफ प्रदीप श्रीवास्तव राजनाथ केडी सिंह मो खालिद सतेंद्र सिंह अमित अवधेश एआरपी गरिमा आरपी सिंह सर्वेश सचिन राजेश कार्यालय सहायक बीना पाण्डेय गौरव श्रीवास्तव योगेंद्र विजय सिंह पूर्व अध्यक्ष उदय राज वर्मा राकेश वर्मा अनूप साहू इरफान अरुण सुनील उमाकांत मनेश प्रेम आदि उपस्थित रहे।

# बीईओ तालबेहट का महिला शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**शिष्टाचार मुलाकात कर रखी महिला शिक्षकों की समस्यायें**



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और महिला शिक्षकों के हितार्थ कार्य कर रहे महिला शिक्षक संघ ने बुधवार को ब्लाक कार्यालय में नवांगतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी तालबेहट कुमारी शैलजा व्यास से शिष्टाचार मुलाकात की। महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष आरती सिंह कुशवाहा के कुशल नेतृत्व व ब्लाक अध्यक्ष करूणा शर्मा के साथ नवांगतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी से भेंट करते हुये महिला शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा और समस्याओं के जल्द निस्तारण की अपेक्षा की। इस दौरान महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष आरती सिंह कुशवाहा ने कहा कि नवांगतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी का तालबेहट ब्लाक में सभी महिला शिक्षिकायें स्वागत व अभिनन्दन करतीं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में महिला शिक्षकों द्वारा नवाचार के कई कार्यों का सम्पादन किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी हमारा संगठन तत्पर है। ब्लाक अध्यक्ष तालबेहट करूणा शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुये खण्ड शिक्षा अधिकारी महिला शिक्षिकाओं की समस्याओं को समझते हुये उनका शीघ्र निस्तारण करने की दिशा में कार्य करें, ऐसी संगठन अपेक्षा करता है। इस दौरान महामंत्री सीता सूर्यवंशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निधि गुप्ता, उपाध्यक्ष इंद्रा कुशवाहा, उपाध्यक्ष सपना दीक्षित, मंत्री अंजली सोनी, संयुक्त मंत्री रश्मि देवी, कोषाध्यक्ष गरिमा सिंह, संगठन मंत्री किरण मिश्रा, संगठन मंत्री मोहिनी गुप्ता और मीडिया प्रभारी वर्तिका खरे उपस्थित रही।

### मूर्तरुप लेने जा रही है जिलाधिकारी पहल

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड में व्याप्त जल संकट से आज हर कोई रुबरु है, पहले जहां अन्य प्रदेशों के लोग बुन्देलखण्ड को एक सूखे क्षेत्र के रुप में पहचानते थे, वहीं आज सरकार व जिला प्रशासन के अथक प्रयासों का नतीजा है जो सूखे की मार झेल रहे बुन्देलखण्ड में मृतप्राय हो चुकी नदियों के पुनरोद्धार की संकल्पना को मूर्तरुप मिलने जा रहा है। इसी का एक उदाहरण आज जनपद ललितपुर में देखने का मिल रहा है, यहां आज सभी विकास खण्डों में 8 नदियों को पुनर्जीवन मिलने जा रहा है, जिसके पुनरोद्धार कार्य का एक साथ उद्धाटन किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की इस पहल से जहां जनपद के किसानों को सिंचाई हेतु भरपूर पानी की उपलब्धता होगी, वहीं श्रमिकों को उनके ही क्षेत्र में रोजगार मिलने से जनपद से पलायन की स्थिति भी समाप्त होगी। इन नदियों व नालों के पुनरोद्धान के लिए पूर्व से ही मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया था, विधायक व सीडीओ द्वारा खेडर नदी फुटेरा घाट से भदभदा चैक डैम तक व ग्राम पंचायत नत्थी खेड़ा में बरुआ नदी का पुनरोद्धार, सदर विधायक व उपायुक्त श्रम-रोजगार द्वारा बड़ा नाला ग्राम पंचायत देवरान के जीर्णोद्वार, ब्लॉक प्रमुख बिरधा, जिला विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत मादौन में शहजाद नदी का जीर्णोद्धार कार्य का विधि विधान से पूजन कर उद्घाटन किया गया।

# तम्बाकू के सेवन से होता जीवन का सर्वनाश: सीएमओ



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद के निर्देशन एवं एसीएमओ डा.आशीष अग्निहोत्री की अध्यक्षता में नो स्मोकिंग-डे के अवसर धूम्रपान से होने वाली वाली गम्भीर बीमारियों/ हानियों के बारे में जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु कार्यालय सभागार में जिले के समस्त स्वयं सेवी संस्था एवं आंगनवाडी कार्यकत्रियों व कार्यालय स्टाफ के मध्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसीएमओ/ नोडल अधिकारी डा.आशीष अग्निहोत्री द्वारा बताया गया कि धूम्रपान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हानिकारक है। सलाहकार डा.रूद्रप्रताप सिंह बुन्देला ने पॉवर प्रजेन्टशन के द्वारा उपस्थित सभी को तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों एवं उसकी हानियों के बारे में बताया गया। नोडल अधिकारी एन.एच.एम. डा.अमित तिवारी ने सभी को बताया कि तम्बाकू धीमा जहर है यह हमारे शरीर को धीरे-धीरे खोखला करता है और हमारे शरीर में कई प्रकार की बीमारियों को जन्म देता है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय त्रिपाठी ने कोटपा 2003 में वर्णित प्राविधानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर जुर्माना किये जाने के बारे में सभी को जानकारी देते हुये बताया किया तम्बाकू का सेवन करने से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होती है। साईकोलॉजिस्ट मंजूलता यादव द्वारा उपस्थित सभी को बताया गया कि तम्बाकू का सेवन बन्द करना ज्यादा कठिन नहीं है जो भी व्यक्ति तम्बाकू का सेवन छोडना चाहता है वह जिला चिकित्सालय ललितपुर के एन.सी.डी. क्लीनिक के कमरा नं0 4 में सम्पर्क करें, जहां पर उचित परामर्श लेकर तम्बाकू का सेवन छोड सकते है। नोडल अधिकारी डा.आशीष अग्निहोत्री द्वारा तम्बाकू का सेवन न करने के सम्बन्ध में शपथ दिलायी गयी तत्पश्चात हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 12:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 12:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 12:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 14207-SLR-F2-PBH-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 22417-SLR-R1-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.03.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2024 at 13:40 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

793/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, जनपद -अयोध्या

पत्रांक : 587/न0प0गो0/2023-24 दिनांक : 13-03-2024

### सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा नगर पंचायत गोशाईगंज के निवासियों/अध्यासियों/जलकल उपभोक्ताओं एवं अन्य व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि शासन के पत्र संख्या 2399/नो-9-94-204 (जनरल)/90 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 2 अक्टूबर 1994 व कार्यालय पत्रांक 46/ न0पं0 गोशाईगंज वर्ष 2006-07 दिनांक 04-11-16 के पालन में नगर पंचायत गोशाईगंज में अपनी बोर्ड की बैठक दिनांक 19.07.2023 के प्रस्ताव सं0-10 द्वारा विभिन्न प्रकार के मदों का वर्तमान वसूली के दरों में संसोधन किये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। तत्पश्चात दिनांक 09.09.2023 को विज्ञापन जारी हुआ। जिसमें लाइसेन्सी शुल्क लागू होने पर आपत्ति/सुझाव मांगा गया। प्राप्त आपत्तियों को निस्तारण दिनांक 14.10.2023 को बोर्ड के समक्ष किया गया। जो वित्तीय वर्ष 2024-25 अर्थात 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी माना जायेगा। मदों का विवरण निम्न है-

| क्र. सं. | लाईसेन्स शुल्क/कर का विवरण | वर्तमान दर। रू. में | संसोधित दर। रू. में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छोटा टैंकर व बडा टैंकर | 300.00 एवं 500.00 | नगर के बाहर जाने पर 1000.00 प्रति टैंकर अगले दिन से 500.00 प्रतिदिन । 20.00 प्रति किमी0 ट्रैक्टर चार्ज। | |
| 2. | सेपिटंक टैक | - | 3500.00 5 किमी0 के अन्दर | |
| 3. | सुभाषालय कार्यकम/सेमिनार हेतु | - | 1100.00 (04 घन्टे के लिए) | |
| 4. | सुभाषालय शादी के लिए। | | 2100.00 | |
| 5. | वरासत, नामान्तरण, दाखिल खारिज | 2500.00 | 3000.00 | |
| 6 | हिबानामा | 2500.00 | 3000.00 | |
| 7 | वसीयत नामान्तरण | 2500.00 | 3000.00 | |
| 8 | भवन रेखा मानचित्र स्वीकृति शुल्क | गली में 500.00 एवं मेनरोड पर 1000.00 प्रति तल | गली में 1000.00 एवं मेनरोड पर 1500.00 प्रति पल | |
| 9 | रिक्शा तीन पहिया का शुल्क | 5.00 | 100.00 वार्षिक | |
| 10 | ठेला, चाय, चाट, नाश्ता आदि | 205.00 | 600.00 वार्षिक | |
| 11 | ठेला चार पहिया सब्जी, कपडा, फल आदि का शुल्क | 155.00 | 250.00 वार्षिक | |
| 12 | चाय की दुकान का शुल्क | 155.00 | 300.00 वार्षिक | |
| 13 | बेकरी की दुकान का शुल्क | --- | 100.00 प्रति माह एवं 300 पंजीयन शुल्क | |
| 14 | मिष्ठान की दुकान का शुल्क | 305.00 | 100.00 प्रति माह | |
| 15 | भोजनालय/रेस्टोरेन्ट की दुकान का लाइसेन्स शुल्क | 305.00 | 100.00 प्रति माह एवं 300 पंजीयन शुल्क | |
| 16 | पंजीकृत ठेकेदार का पंजीयन शुल्क | 1500.00 | 5000.00 प्रतिवर्ष | |
| 17 | पलम्बर पंजीयन शुल्क, नये कनेक्शन तथा गढढा खोदने हेतु आदि। | --- | 1000.00 प्रति कनेक्शन | |
| 18 | ई-रिक्शा पंजीयन शुल्क | --- | 1000.00 प्रति वर्ष | |
| 19 | मैरिज लान | --- | 3000.00 वार्षिक | |
| 20 | विज्ञापन कर हेतु प्रति फ्लैक्श शुल्क | --- | 20.00 प्रति बोर्ड मासिक (15 Sq.ft) तत्पश्चात इसके ऊपर 50 प्रति बोर्ड मासिक | |
| 21 | जलमूल्य/जलकर | 25.00 प्रति टोटी, 04.00रू प्रति अतिरिक्त टोटी/जलकर 3.00 मासिक | 25.00 प्रति टोटी, 05.00रू प्रति अतिरिक्त टोटी/जलकर 5.00 मासिक | |
| 22 | अस्पताल, नर्सिंग होम/क्लीनिक | | 100.00मासिक | |
| 23 | वेन्डर पंजीयन शुल्क | --- | 100.00 मासिक | |
| 24 | मकान नकल हेतु शुल्क | 40.00 प्रति नकल | 50.00 प्रति नकल | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोशाईगंज
अयोध्या

अध्यक्ष
नगर पंचायत गोशाईगंज
अयोध्या

# जल संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए वरदान: शैलेश

अवधनामा संवाददाता

- हिण्डालको, रेनूसागर में जल संरक्षण पखवारे की हुई भव्य शुरुआत



सोनभद्र/अनपरा। हिण्डालको, रेनूसागर पावर डिवीजन रेणुसागर में यूनिट हेड आर पी सिंह के दिशा निर्देशन में जल संरक्षण पखवारे की भव्य शुरुआत कारखाना परिसर स्थित केमिकल विभाग के लॉन में हुई। समारोह के मुख्य अतिथि हिण्डालको,रेनूसागर पावर डिवीजन के एच आर प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह व सञ्चालन प्रमुख गुलसन तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर ध्वज फहराने के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया, तत्पश्चात सभी अधिकारियों ने एक दूसरे को बैज लगाया।

तत्पचात मुख्य अतिथि एच आर प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल के संकट को देखते हुए आज समुद्र के खारे जल को पीने योग्य बनाया जा रहा है। जंगल कटने पर वाष्पीकरण न होने से वर्षा नहीं हो पाती है इसलिए वृक्षारोपण जल संग्रहण में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ब्रश करते समय, शेविंग करते समय नल खुला न छोड़ें। नहाने के लिए शॉवर चुनने की बजाय पानी बचाने के लिए बाल्टी में पानी का उपयोग करें। जल संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चूंकि पानी लाखों जलीय जानवरों और पौधों का घर है, इसलिए जलीय जीवन को बचाने के लिए हमें इसे बचाने की जरूरत है। अंत में उन्होंने जल संरक्षण को आज कि जरुरत बताया तथा कहा कि हम अपने लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण करे। इसी क्रम में सञ्चालन प्रमुख गुलसन तिवारी ने उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम हम सभी को पानी के उपयोग में और अधिक किफायती बनना होगा। इसका मतलब है कि हमें दैनिक कार्यों को करते समय इसका उपयोग कैसे और कितनी मात्रा में करना चाहिए, इसे नियंत्रित करना चाहिए। उदाहरण के लिए, हम कम प्रवाह वाले शॉवर हेड और शौचालय, स्वचालित नल और इसी तरह के स्मार्ट उपकरणों का ही विकल्प चुने जिसका उद्देश्य पानी का संरक्षण करना है। इसी तरह, हम ब्रश करते समय पानी न बहाकर अपना योगदान दे सकते हैं। पानी की बर्बादी रोकने के लिए हम सभी को लीकेज या लीक होने वाले नलों को भी ठीक कराना चाहिए। यह हम सभी कि जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का सफल सञ्चालन करते हुए पर्यावरण विभाग के प्रमुख व कार्यक्रम के संयोजक के के मौर्या ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए सर्वप्रथम सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई व पखवारे भर चलने वाले जल संरक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम समापन के पूर्व जल संरक्षण जागरुकता हेतु रथ को मुख्य अतिथि द्वय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किय।, जो कालोनी व आस पास के लोगो में जल संरक्षण का सन्देश देगा। समारोह में मुख्य रुप से मनु अरोरा,राशिद शेख, प्रणव सोनी, मृदुल भरद्वाज ,संदीप यावले, डॉक्टर भीमेन्द्र त्रिपाठी, कॅप्टन रोहित देव फराशी, सतनाम सिंह,मुकेश श्रीवास्तव ,संतोष कुञ्जीरमन,अजय मिश्रा,सोभित कुमार सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष के अलावा मान्यताप्राप्त श्रमिक संगठनो के पदाधिकारी सहित तमाम श्रमिक गण मौजूद रहे।

# खाटू श्याम की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

अवधनामा संवाददाता

- खाटू श्याम मंदिर स्थापना दिवस के मौके पर हुआ आयोजन
- जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ किया गया शोभायात्रा का स्वागत
- भंडारे के साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी हुआ

बांदा। खाटू श्याम मंदिर स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को खाटू श्याम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ने विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालु डीजे की धुन पर थिरकते हुए नजर आए। साथ ही जगह-जगह पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया।

तिंदवारी रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने हाथों में खाटू श्याम का रंग बिरंगे झंडा लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु डीजे पर बज रहे हारे के सहारा खाटू श्याम हमारा, खाटू नरेश की जयकारे व श्याम बाबा के भजनों पर झूमते हुए व रंग-गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। इससे पूरा शहर, गांव श्याम की भक्ति के रंग में डूब गया।

शोभायात्रा महेश्वरी मंदिर प्रांगण गूलरनाका अलीगंज चैकी, हनुमान मंदिर कालूकुआं से चुन्ना का पुरवा होते हुए भ्रमण कर मंदिर परिसर पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ प्रारंभ किया गया। शोभा यात्रा बैंड बाजे के साथ झांकी भी निकाली गई।

# निरीक्षण में पैरासीटामाल एवं आयरन सीरप नहीं मिला, फटकार

अवधनामा ब्यूरो



सोनभद्र। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी कुमार द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित। सीएमओ डॉक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि सोनभद्र अधोहस्ताक्षरी द्वारा वीएसएबएनडी सत्रों का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम प्रातः 10:37 बजे बिठगांव प्रा0 विद्यालय, ब्लाक ककराही का निरीक्षण किया गया। सत्र में ए0एन0एम0 रीता सिंह, प्रातः 9:00 से सत्र में लाग-इन कर चुकी थीं। आशा कार्यकत्री रंजीता देवी उपस्थित थी, आगंनबाड़ी कार्यकत्री प्रशिक्षण हेतु गयी थी। कुल 14 बच्चों एवं 06 गर्भवतियों का टीकाकरण ड्यू था। मेरे निरीक्षण अवधि तक कोई टीकाकरण नहीं हुआ था। सत्र स्थल पर पैरासीटामाल एवं आयरन सीरप नहीं पाया गया। जिसके लिए एएनएम को कड़ी चेतावनी दी गयी और भविष्य के लिए सचेत किया गया। इसके पश्चात् प्रातः 11:00 बजे, प्राथमिक विद्यालय पाली, में चल रहे सत्र का निरीक्षण किया गया। वहां ए0एन0एम0 अंजलीश चतुर्वेदी, उपस्थित थी। आशा कार्यकत्री शीला पटेल अनुपस्थित पायी गयी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री जनाकी देवी प्रशिक्षण में गयी थी। यहां के सत्र में भी पैरासीटामाल एवं आयरन सीरप नहीं पाया गयी। जिसके लिए सम्बंधित ए0एन0एम0 को कड़ी चेतावनी दी गयी और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो. इसके लिए सचेत किया गया।

ड्यू लिस्ट में 07 बच्चे एवं 03 गर्भवती महिलाओं के संख्या दर्ज थी परन्तु तब तक कोई लाभार्थी टीकारण के लिए नहीं पहुंचा था। तत्पश्चात् 11:20 बजे वीएसएचएनडी सत्र जो कि प्रा0 विद्यालय सहिजन खुर्द में आयोजित था, का निरीक्षण किया गया। वहां ए0एन0एम0 श्रेया कुमारी, टीकाकरण का कार्य कर रहीं थी। कुल 27 बच्चे एवं 05 गर्भवतियों की ड्यू लिस्ट मौजूद थी जिनके से 04 बच्चों एवं 05 गर्भवती महिलाओं का टीकारण हो चुका था। सत्र पर समस्त लाजिस्टक जैसे बी0पी0 मशीन, वेइंग मशीन आदि उपलब्ध थे और निर्धारित औषधियां मी उपलब्ध थीं। आशा विद्या लाभार्थियों को लाने के लिए क्षेत्र में गयी थी।

छाया सिंह, सी0एच0ओ0 द्वारा वहां सीकिल सेल एनीमिया के स्कीनिंग का कार्य किया जा रहा था। यह 07 बच्चों की स्क्रीनिंग कर चुकी थी और सभी निगेटिव पाये गये। अंत में, 11:40 बजे आंगनबाड़ी केन्द्र, चुर्क रेलवेरोड, में चल रहे सत्र का अवलोकन किया गया। सत्र में ए0एन0एम0 गीता, आशा कार्यकत्री सुशीला एवं आगंनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी मौजूद थीं। समस्त लाजिस्टक एवं दवायें उपलब्ध थीं। 15 बच्चों एवं 07 गर्भवतियों का टीकाकरण ड्यू था जिसमें से 03 बच्चों को टीका लग चुका था। किसी गर्भवती को टीका अभी तक नहीं लगा था।

# ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी ने विभिन्न वार्डों में किए कई कार्यों का उद्घाटन

- 18 बड़ी हाई मास्क एवम 200 से अधिक नए लाइट पोल: नगर में रोशनी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए
- हनुमान मंदिर से कान्वेंट स्कूल और जैन मंदिर से सुभाष तिराहा तक डिग्री कॉलेज से दादा उन चौराहे तक डेकोरेटिव लाइट और पोल: नगर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए
- राज्य वित्त से विभिन्न वार्डों में नाली, इंटरलॉकिंग और सीसी रोड: नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए



अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ओबरा। सोनभद्र जिले के ओबरा नगर पंचायत की अध्यक्ष चांदनी एवम सभासदगणों ने नगर के विभिन्न वार्डों में कई नए कार्यों का नारियल फोड़ उद्घाटन किया। इन कार्यों में 18 बड़ी हाई मास्क लाइट एवम 200 से अधिक नए स्ट्रीट लाइट पोल, हनुमान मंदिर से कान्वेंट स्कूल, जैन मंदिर से सुभाष तिराहा ,डिग्री कॉलेज से दादा उन चौराहे तक डेकोरेटिव लाइट और पोल,और राज्य वित्त से विभिन्न वार्डों में नाली, इंटरलॉकिंग और सीसी रोड शामिल हैं। अध्यक्ष चांदनी ने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों में 18 बड़ी हाई मास्क लाइट वह 200 से अधिक नए लाइट पोल लगाए जाएंगे, जिससे नगर में रोशनी की व्यवस्था बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि नगर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए हनुमान मंदिर से कान्वेंट स्कूल और डिग्री कॉलेज से दादा उन चौराहे तक डेकोरेटिव लाइट और पोल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा, राज्य वित्त से नगर के विभिन्न वार्डों में नाली, इंटरलॉकिंग और सीसी रोड का भी निर्माण कार्य किया जाएगा। अध्यक्ष चांदनी ने बताया कि ÷ओबरा नगर को एक स्वच्छ, सुंदर और विकसित नगर बनाने का मेरा सपना है। मैं इस सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हूं। मुझे विश्वास है कि नगरवासियों के सहयोग से हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति श्रवण कुमार नगर पंचायत के समान्नित सभासदगण,और नगर की सम्मानित जनता मौके पर मौजूद रही।

## तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



बांदा। चोरी और लूट की योजना बनाते समय तीन अभियुक्तों को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी के दो मोबाइल, अवैध तमंचा, कारतूस, बेल्चा व छेनी बरामद किया गया है।

कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी व लूट की योजना बनाते समय तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि बुधवार को जरिए मुखबिर पुलिस को सूचना मिली कि होमगार्ड आफिस के पास तीन लोग कई प्रकार के औजार लेकर चोरी व लूट की योजना बना रहे हैं और उनके द्वारा कई चोरी की घटनाओं को भी अंजाम दिया गया था। सूचना पर पुलिस द्वारा मौके से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल, अवैध तमंचा, कारतूस, बेल्चा, व छेनी बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम नीरज खंगार पुत्र जगरूप निवासी भूरागढ़ थाना मटौंध, एहतिशाम पुत्र वकील निवासी मर्दननाका नगर कोतवाली और रिषभ धुरिया पुत्र विमल धुरिया निवासी कालूकुआं बताया है। पुलिस टीम में नगर कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे, चैकी प्रभारी सिविल लाइन परवेज अहमद, चैकी बलखंडीनाका प्रभारी विवेक त्रिपाठी, कांस्टेबल शैलेंद्र तिवारी, रूपेंद्र और अखिलेश शामिल रहे।

# राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया सजीव प्रसारण

अवधनामा ब्यूरो



सोनभद्र। सामाजिक न्याय और अधिकारित विभाग,भारत सरकार आर्थिक सशक्तीकरण योजनाओं के तहत लक्षित समूहों के लाभार्थियों के साथ हाईब्रिड मोड में एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लाभार्थियों से संवाद व उद्बोधन का सजीव सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, इस अवसर ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत, सांसद प्रतिनिधि राकेश हेमन्त, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, परियोजना निदेशक डूडा राजेश उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गिरजा शंकर सरोज, जिला समाज कल्याण (विकास) अधिकारी मीना श्रीवास्तव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने पी.एम. सूरज पोर्टल का शुभारंभ भी किये, लाभार्थियों के खाते में धनराशि भी स्थानान्तरित की गयी, जिसका सजीव प्रसारण किया गया, कार्यक्रम में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम एनबीसीएफडीसी, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम एनएसएसडीसी और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम एनएसएसडीसी के माध्यम से लाभार्थियों को रियायती ऋृण वितरण का स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया एवं प्रधानमंत्री श्रम सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को टूल किट, आयुष्मान कार्ड, नगरीय निकाय में संचालित ''नमस्ते'' स्कीम के तहत सीवर एवं सेप्टिक टैंक के क्लीनर एवं कार्मिकों/पी.एम. दक्ष, पी.पी.ई. किट का वितरण ब्लाक प्रमुख सदर श्री अजीत रावत, जिला विकास अधिकारी श्री शेषनाथ चैहान के द्वारा लाभार्थियों को वितरण किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सदर ने उपस्थित लाभार्थियों को सम्बोधिता करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सराहनीय पहल पर अब लाभार्थियों के खाते में सीधे धनराशि हस्तान्तरित की जा रही है, जिससे कि समाज के वंचित पिछड़े लोग केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला प्रोबेशन के साधना मिश्रा ने किया। इस मौके पर ए.सी.एम.ओ. डॉ. आर.जी. यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विजय कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग, उद्यम एवं प्रोत्साहन केन्द्र श्री आर.पी. गौतम सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओं को खेल सामग्री का किया गया वितरण

अवधनामा संवाददाता



सोनभद्र/विंध्याचल। एनटीपीसी-विंध्याचल के सीएसआर अनुभाग द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु विगत कई वर्षो से अनेक तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में दिनांक 12.03.2024 को मुख्य अतिथि महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्री प्रबीर कुमार बिस्वास, एनटीपीसी-विंध्याचल के कर कमलों से वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल, ग्रामः बुधेला, तहसील एवं जिला सिंगरौली (म.प्र.) के छात्र/छात्राओं को खेल सामग्री (फुटबॉल, कैरम बोर्ड , बैडमिंटन, क्रिकेट किट आदि) का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने स्कूल की शिक्षा, कला एवं कौशल से काफी प्रभावित हुए। यह विद्यालय परियोजना परिसर से लगभग 25 किलोमीटर दूर पर स्थित है जहां पर गरीब एवं किसान के बच्चे अध्ययन करते हैं। इस विद्यालय मे देखा गया की यहाँ के बच्चे एक समय मे दोनों हाथों से एक साथ लिखते हैं जो एक अद्भुत कला है। बच्चों को व्यायाम एवं योग की भी शिक्षा दी जाती है जो शाररिक एवं मानसिक विकास के लिए अति आवश्यक है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार बिस्वास, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन) राकेश अरोरा एवं सीएसआर टीम से कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल, मन्नू लाल बंजारे एवं वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक तथा स्कूल के शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। स्कूल के छात्र/छात्राएं खेल सामग्री पाकर काफी उत्साहित दिखी। इस तरह के कार्य बच्चों को स्कूल में उपस्थिती हेतु प्रेरित करते हैं तथा इस कल्याणकारी कार्य को वहां पर उपस्थित लोगों ने सराहना की।

# एनसीएल कृष्णशिला में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत हुआ कवि सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता



सोनभद्र/सिंगरौली। मंगलवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की कृष्णशिला परियोजना में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कृष्णशिला खेल मैदान मे आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (कृष्णशिला) सुमन सौरभ उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के कवि डा. विष्णु सक्सेना, डा. अनिल चौबे, डा. विभा सिंह, अभय निर्भीक, विकास बौखल, श्री लक्ष्मीकांत निर्भीक एवं एनसीएल के पाणि पंकज पाण्डेय ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत की। इस दौरान कवियित्री डा. विभा सिंह ने मनमोहक स्वर में सरस्वती वंदना का पाठ कर सबके मन को मोह लिया। साथ ही कवि श्री पाणि पंकज पाण्डेय द्वारा राम केवट संवाद स्वरूपी कविता सुबह हुई तो श्री राघव जी गंगा तट पे आएका वाचन किया गया।

कार्यक्रम में वीर रस के कवि श्री अभय निर्भीक ने सीमा प्रहरियों एवं पुलिस को समर्पित अपनी रचनाएँ सीना ताने सीमा पर रहते हैपेश की। श्रृंगार रस की कवियित्री डा. विभा सिंह ने निभाना प्यार सीखो गुलाब फूलों से, जो टूट कर भी दो दिलो को जोड़ देते हैं से उपस्थित युवाओं की तालियाँ बटोरी। इस अवसर पर हास्य रस से सराबोर करते हुए कवि डा. अनिल चौबे द्वारा भोज में हो पुड़िया, जलेबी, पनीर, खीर तो शत्रु भी बुलाये तो जाना चाहिए व अन्य रचना एवं चुटकुलों ने श्रोताओं को हंसी से लोट- पोट कर दिया। शौर्य रस कवि श्री लक्ष्मीकांत निर्भीक ने अपनी कविताओं से चीन, पाकिस्तान ओर देश के गद्दारों को आढ़े हाथों लिया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कवि डा. विष्णु सक्सेना ने अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज से प्रेम रचनाओं एवं गीतों की प्रस्तुति दी। उनकी रचना मानता हूँ की दौलत खरीद नहीं पाया पर तुम्हारे हर गम को खरीद सकता हूँको श्रोताओं का बेहद प्यार मिला।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस नें पकड़ा 7 कुन्टल गांजा, एक तस्कर गिरफ्तार





मौदहा हमीरपुर। मौदहा कस्बा सहित क्षेत्र में लम्बे समय से गांजे का कारोबार चरम पर है। बताया जा रहा है कि गांजा उड़ीसा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के रास्ते कस्बे सहित क्षेत्र में लाया जाता है। इस गोरख धंधे में स्त्री-पुरुषो के अलावा युवा भी शामिल हैं।कल पुलिस को उस वक्त बड़ी कामयाबी मिली जब मौदहा कोतवाली क्षेत्र में कानपुर-सागर हाईवे पर स्थित गांव छिरका के एक निजी नलकूप में भारी मात्रा में झांसी की नारकोटिक्स टीम व स्थानीय पुलिस ने गांजा बरामद किया है। छापे के दौरान एक व्यक्ति पुलिस के हत्थे चढ़ा है जिस का नाम हरिनारायण मिश्रा है जो छिरका गांव का ही रहने वाला है जबकि शेष आरोपी भाग निकले। मौजूदा समय में पुलिस पकड़े गए गांजे की तौल करा रही है। खबर लिखे जानें तक गांजे की तौल जारी थी मौदहा कोतवाली प्रभारी नें बताया लगभग गांजा करीब 6-7 क्विंटल तक होने का अनुमान है।झांसी की नारकोटिक्स टीम के साथ क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी व कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## अभासा परिषद ने मेधावियों को किया सम्मानित



भरुआ सुमेरपुर। अभासा परिषद की जिला इकाई के तत्वावधान में क्रांति धरा के बलिदानियों को नमन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कस्बे के लालू सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कला (आकृति) प्रतियोगिता में छात्र अंश जोशी ने प्रथम, दौड़ प्रतियोगिता में छात्र अंकित तथा कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र नैतिक को प्रथम स्थान मिला। इन प्रतिभागियों को क्रान्तितीर्थ की शर्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। परिषद के जिला मंत्री कैलाश प्रसाद सोनी ने जनपद के क्रांतिकारियों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मन्नीलाल गुरुदेव के प्रपौत्र अभिषेक द्विवेदी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित वर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर यादव को क्रांतितीर्थ का कलमदान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक हरीराम गुप्त, डा. गणेश सिंह विद्यार्थी, शिक्षक अजीत, कंचन सिंह, वंदना, अभिलाषा, संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

## पत्नी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या



भरुआ सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के अतरैया ग्राम पंचायत के मजरा गौरी में एक नवविवाहिता ने घर के अंदर पति से झगड़ने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतका के पिता ने दहेज हत्या करने का आरोप लगाया है। अतरैया ग्राम पंचायत के मजरा गौरी निवासी मंगल सविता कस्बे में बाल काटने की दुकान खोल रखी है और रोजाना गांव से आता जाता है। दो वर्ष पूर्व उसकी शादी मटौंध थाना क्षेत्र के बसहरी गांव निवासी कमला से हुई थी। शादी के कुछ दिनों के वह अपनी पत्नी कमला 22 वर्ष के साथ परिवार से अलग रहने लगा था। मंगलवार की रात वह शराब पीकर घर पहुंचा था और किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। जब पति शराब के नशे में सो गया तो पत्नी ने उसी कमरे में पंखे के लिए लगे पाइप में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नींद खुलने पर पत्नी को फंदे से लटकता देखकर परिजनों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी।सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के पिता चंद्रभान सविता ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है।

## दो माह से कस्बे के शौचालय बंद




भरुआ सुमेरपुर। करीब दो माह पूर्व मरम्मत के लिए बंद किए गए कस्बे के तेरह सुलभ शौचालय अभी भी चालू नहीं हुए है। नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी पर भुगतान न करने का आरोप लगाकर ठेकेदार हैंडओवर नहीं कर रहे हैं। जिससे लोगों को मजबूर होकर खुले में शौच जाना पड़ रहा है और स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लग रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कस्बे में तेरह सुलभ शौचालयों का निर्माण करीब सात वर्ष पूर्व अलग-अलग वार्डों में कराया गया था। जनवरी में इनकी मरम्मत के लिए करीब 20 लाख की धनराशि आवंटित करके मरम्मत के टेंडर निकाल गए थे। ठेकेदारों ने बताया कि उन्होंने सभी की मरम्मत भी कर दी है। लेकिन भुगतान नहीं होने के कारण हैंडओवर नहीं किए गए है। शौचालय न खुलने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा निवासी कृष्णपाल, चंद्रपाल, भूरी, कमला, सियादुलारी, ममता, रामप्यारी, रेखा, अनिल कुमार, रमेश कुमार, संतोष वर्मा, सीताराम, रामनरेश आदि ने बताया कि दो माह से शौचालय बंद होने से खुले में शौच जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। नगर पंचायत के ईओ कुलकमल सिंह ने बताया कि ठेकेदारों ने मरम्मत में कुछ खामियां छोड़ रखी है। उनको दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। ठीक होते ही इन्हें शुरू कराया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव के लिए खाली होने लगी गल्ला मंडी



हमीरपुर। नवीन गल्ला मंडी सुमेरपुर की ओर से नोटिस प्राप्त होते ही गल्ला मंडी के व्यापारी लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित की गई दुकानों, गोदामों, टीनशेडो को खाली कराने के लिए जुट गए हैं। वही मंडी में साफ सफाई का कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है। लोकसभा चुनाव की समस्त प्रक्रिया सुमेरपुर कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में संपन्न कराई जाती है। पिछले सप्ताह अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार एवं एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक ने नवीन गल्ला मंडी का निरीक्षण करके दुकाने, गोदाम, टीनशेड खाली कराने के निर्देश मंडी सचिव को दिए थे। ताकि समय रहते तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सके। अधिकारियों के निर्देश पर मंडी सचिव ने व्यापारियों को नोटिस थमाकर एक सप्ताह के अंदर दुकानें, गोदाम, टीनशेडो को खाली करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस मिलते ही व्यापारियों ने दुकानों, गोदामों, टीनशेडो को खाली करने का कार्य शुरू कर दिया है। उधर मंडी में साफ सफाई का कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है। मंडी सचिव नितिन कुमार गौतम ने बताया कि अधिकारियों के आदेशों का अनुपालन कराया जा रहा है।

## खो-खो को बढ़ावा देने के लिए किया गया सम्मानित

बांदा। तथागत ज्ञानस्थली विद्यालय परिसर में ऑल इंडिया वूमेन खो-खो लीग का सफल आयोजन करा कर इतिहास रचने और खेलो इंडिया कार्यक्रम में उल्लेखनीय सहयोग के लिए बांदा खो-खो संघ के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा की जमकर सराहना हुई। भारतीय खो-खो संघ के मानद सचिव एमएस त्यागी ने सफल आयोजन के लिए प्रशंसा पत्र भेंटकर सम्मानित किया। कहा कि श्री मिश्र की अगुवाई में बांदा जनपद समेत समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र में खो-खो और अन्य भारतीय खेलों को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि खो-खो के प्रचार प्रसार में श्री मिश्र की महत्वपूर्ण भूमिका उल्लेखनीय है। उन्होंने श्री मिश्र की सराहना करते हुए उनसे भविष्य में और बेहतर प्रयासों की अपेक्षा की है।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजना स्वीकृत के प्रमाण पत्र वितरित किए**

# हमारी नीतियों पर कोई सवाल नहीं कर सकता: राजनाथ

**यह सरकार गरीबों और पिछड़ों के प्रति पूरी तरह से समर्पित: राजनाथ**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वंचित वर्गों के आउटरीच कार्यक्रम के तहत ऋण सहायता के लिए पीएम सुरज पोर्टल का वर्चुअल रूप से लॉन्च किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, ऋण योजनाओं में स्वीकृत के तहत चेक वितरण सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजना स्वीकृत के प्रमाण पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि जिन लोगों को आज सुविधा प्राप्त हुई है जिनको सर्टिफिकेट दिया गया है उन सबको मैं अपनी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

मै याद दिलाना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री मोदी जी जब 2014 में प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान से गरीबी समाप्त होनी चाहिए, गरीब गरीब होता है चाहे वह किसी जात पात का हो।

पिछडापन भी इस देश का समाप्त होना चाहिए और यह कहते हुए उन्होंने एक वाक्य कहा था कि हमारे सरकार जो बनी है यह सरकार इस हिंदुस्तान के गरीबों और पिछड़ों के प्रति पूरी तरह से समर्पित है 10 वर्षों के अंदर आपने देखा होगा कि गरीबों के लिए पिछड़ों के लिए किसानों के लिए जवानों के लिए इसके साथ-साथ महिलाओं के सम्मान की चिंता की। आज शायद ही कोई ऐसा घर मिले जहां लोग झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, सबके पास पक्के आवास बनते जा रहे हैं और मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि जिनके पास आज तक आवास नहीं है और पूरी तरह से आश्वस्त रहे कि जिनके पास अभी नहीं है उनके पक्के आवास भी आगामी 5 वर्षों में बन कर रहेंगे। दुनिया की कोई ताकत ऐसा होने से रोक नहीं सकती। हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि देश के गरीबों को भी देश की मुख्य धारा में लाकर खड़ा करना है। जैसे समाज के सभी वर्गों के लोग भारत का मस्तक ऊंचा करने के लिए अपना अपना योगदान दे रहे हैं। जिनको गरीब कहा जाता है जिनको वंचित कहा जाता है वह भी प्रभावी तरीके से अपना योगदान दे सकें। इसके लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

जो लोग गरीब नेता के नीचे रहते थे उसमें 25 करोड लोग गरीबी रेखा के बाहर हो चुके हैं यह हमारे सरकार के काम करने के तरीके से संभव हुआ है। पिछली सरकारों ने भी प्रयास किया लेकिन प्रश्न सिर्फ नियत का है। पहले गरीब परिवारों के लोग आते थे कि अस्पताल में टेलीफोन कर दीजिए कि हमारा इलाज हो सके आज भारत के गरीबों को मोदी जी की सरकार में आयुष्मान भारत कार्ड बना दिया जिसमें 5 लाख तक का इलाज हो रहा है ऐसी कल्पना नहीं की गई थी। इससे उत्तम योजना विश्व में किसी देश के पास नहीं है। कांग्रेस का शासन काल भी आप लोगों ने देखा। जिसमें अधिकांश लोग जिनको उसका लाभ मिलना चाहिए था नहीं मिल पाता था, जितना मिलना चाहिए था उसका एक चौथाई लाभ ही मिल पाता था। हमारे भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चिंतन करते हुए कहा था कि मैं दिल्ली से 100 पैसा भेजता हूं लेकिन लोगों तक पहुंचते पहुंचते वह 15 पैसे हो जाता है, 85 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट हो जाता था।



# एलडीए गरीबों को देगा मुफ्त आवास

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिरकरण अकबरनगर के गरीबों को मुफ्त में प्रधानमंत्री आवास देगा। 1.50 लाख रुपये प्रतिवर्ष की आय या अंत्योदय कार्डधारकों को योजना का लाभ मिलेगा। इससे अधिक आय वालों को आवास की कीमत चुकाना होगी। बुधवार को लविप्रा ने बाई सर्कुलेशन के जरिए इस संबंध में प्रस्ताव पास किया।

कुकरैल नदी व बंधे के किनारे बसे अकबरनगर प्रथम व अकबरनगर द्वितीय के गरीब विस्थापितों को लविप्रा मुफ्त में प्रधानमंत्री आवास देगा। अकबरनगर में लविप्रा ने कुल 1100 से अधिक आवासीय मकान चिन्हित किये हैं। इनमें कुछ लोग बेहद गरीब और झुग्गी-झोपड़ी वाले तो कुछ कच्चे मकान वाले भी हैं। उच्च न्यायालय ने मकान का पैसा न दे पाने वाले गरीबों को मुख्यमंत्री राहत कोष से व्यवस्था का आदेश दिया था, जिसके बाद प्राधिकरण गरीबों को मुफ्त मकान देने की योजना पर काम कर रहा है। इस योजना के तहत केवल उन्हीं गरीबों को निशुल्क आवास दिया जाएगा, जिनकी सालाना आय डेढ़ लाख रुपये से कम है या जिनके पास अंत्योदय कार्ड है। निशुल्क आवास के लिए वह लोग पात्र होंगे जो झुग्गी-कच्चे, टिनशेड, खपरैल, टट्टर, पन्नी आदि श्रेणी के आवास में वर्तमान में निवास कर रहे हैं।

## कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत 'आबादी' ने खाई एल्बेन्डाजॉल

**लखनऊ।** यूपी में इस बार के कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत लक्षित आबादी ने पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खाई है। जबकि पिछले अभियान में 79 प्रतिशत बच्चों, किशोर और किशोरियों ने ही एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया था। इस दवा के सेवन से जहां स्वास्थ्य व पोषण में सुधार होता है वहीं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एनीमिया नियंत्रण रहता है। साथ ही बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ती है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में दवा सेवन करवाने में इस वर्ष जो उपलब्धि मिली, उसके पीछे स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अथक प्रयास के साथ जनमानस की जागरूकता का बड़ा सहयोग है। हम स्वास्थ व पोषित समाज निर्माण की ओर लगातार अग्रसर हैं। आशा है कि प्रदेश की नई पौध अन्य के मुकाबले ज्यादा स्वस्थ होगी।

## मजदूर सभा, समाजवादी पार्टी द्वारा एक दिवसीय भूख हड़ताल

**सरकार बिल्कुल भी जनता की बातें नहीं सुन रही**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राहुल निगम वारसी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा के नेतृत्व में बेहताशा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा सरकारी संस्थानों में निगमीकरण एवं निजीकरण के खिलाफ एक दिवसीय भूख हड़ताल का कार्यक्रम रखा गया।

समाजवादी मजदूर सभा द्वारा इस भूख-हड़ताल में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे उनका यही कहना था कि सरकार बिल्कुल भी जनता की बातें नहीं सुन रही है और जनता के ऊपर हर तरीके से जुल्म किया जा रहा है। बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिल रही है महंगाई चरम सीमा पर बढ़ती चली जा रही है। हर तरफ लूट मची है। जनता के लिए जो मूलभूत सुविधाएं हैं उसको प्रदान करने में सरकार पूरी तरीके से विफल रही है। संविधान के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में फरजान हैदर राष्ट्रीय महा सचिव मजदूर सभा समाजवादी पार्टी, आसिफ़ इकबाल ज़ैदी राष्ट्रीय कार्यकरिणी सदस्य अल्पसंख्यक सभा, संतोष यादव प्रमुख महासचिव प्रतापगढ़, यजुवेंद्र प्रताप सिंह शिवराम वाल्मीकि, अंजू यादव इटावा , विनोद चौधरी नोएडा, राकेश निषाद सभासद, गोलू वाल्मीकि, राफे ख़ान इत्यादि उपस्थित थे।



## स्मार्ट फोन वितरण से छात्राये होंगी आत्मनिर्भर: दानिश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बुधवार को आयोजित स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि स्मार्ट फोन वितरण योगी सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिससे छात्राओं को डिजिटल शिक्षा और आधुनिक तकनीकी साधनों के साथ जोड़ कर शिक्षण सामग्री, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और शैक्षिक ऐप तक पहुंच होगी। श्री अंसारी ने कहा कि सरकार के इस कदम से छात्राओं को आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम और बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्य सहित शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित थे।

# पूरे देश ने तय कर लिया है कि अबकी बार 400 पार: अमित शाह

**12 से अधिक सीटों पर कमल खिलाने का काम तेलंगाना की जनता करेगी**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को तेलंगाना में 'सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट' और 'विजय संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करने के दौरान अपील किया कि, 'राज्य को देश भर में जारी विकास यात्रा का भागीदार बनाने के लिए लोक सभा चुनाव में 12 से अधिक सीटों पर कमल खिलाने का काम तेलंगाना की जनता करेगी। बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों को देखते हुए पूरे देश ने तय कर लिया है कि अबकी बार 400 पार, एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी सरकार।'

सभी जानते हैं कि बीआरएस और कांग्रेस मजलिस के प्रभाव से चलती हैं। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में तेलंगाना की जनता ने मजलिस के प्रभाव को कम करने के लिए कांग्रेस पर अपना विश्वास जताया। लेकिन तेलंगाना विधानसभा की शुरुआत होते ही, कांग्रेस ने मजलिस के नेता को प्रोटेम स्पीकर बनाने का काम किया। वोट बैंक के लालच के कारण कांग्रेस और बीआरएस दोनों न तो हैदराबाद स्थापना दिवस मनाते हैं और न ही सरदार वल्लभभाई पटेल जी का सम्मान करते हैं। तेलंगाना सहित देश की जनता ने यह देखा है कि बीआरएस, कांग्रेस और मजलिस का लक्ष्य अपने परिवार को सत्ता पर बैठाना है। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस में जवाहरलाल नेहरू के बाद इंदिरा गांधी, उसके बाद राजीव गांधी, उसके बाद सोनिया गांधी और अब राहुल गांधी। इसी तरह केसीआर के बाद केटीआर। ओवैसी की पार्टी मजलिस भी परिवारवादी पार्टी है। इन सभी पार्टियों का लक्ष्य अपने बेटे और बेटियों का कल्याण करना है। जो पार्टियाँ केवल अपने परिवार का भला सोचते हैं वे कभी तेलंगाना या देश के युवाओं, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, किसानों और दलितों का भला नहीं कर सकते। आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस ने तीन तलाक को ओवैसी और वोट बैंक के डर से नहीं हटाया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन तलाक को खत्म करके मुस्लिम महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। कांग्रेस 4 पीढ़ियों से सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा ही दे रही है, जबकि मोदी सरकार में गरीबों का उत्थान हुआ है। वादा चाहे धारा 370 को हटाने का हो, प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण का हो, देश भर में सीएए लागू करने का हो -बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार ने अपना किया हर वादा निभाया है। जैसे-जैसे 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियों का चुनाव प्रचार भी बढ़ गया है। ऐसे में कमल का पताका फहराने और 2024 में एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह ने कमर कस ली है।



# शुक्रवार की शाम, डाक्टर के नाम' में जांचिए अपनी सेहत

**हर शुक्रवार को एक विशेषज्ञ करेंगे एक बीमारी पर चर्चा**

**डॉ भुवन चंद्र तिवारी करेंगे शो की शुरुआत**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेशवासियों को उनकी सेहत के प्रति अपडेट रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग नई पहल करने जा रहा है। 'शुक्रवार की शाम, डाक्टर के नाम' से एक सजीव कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है। यूटयूब पर आने वाले इस कार्यक्रम में हर शुक्रवार को एक विशेषज्ञ मौजूद होंगे जो एक बीमारी के बारे में जानकारी व प्रबंधन के तरीके के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग के समन्वय से राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान द्वारा शुरू हो रहे इस कार्यक्रम में शुक्रवार को शाम 6 से 7.30 बजे तक डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान के कार्डियोलाजी विभागाध्यक्ष डॉ भुवन चंद्र तिवारी उपलब्ध रहेंगे जो 'सीने में तीव्र दर्द के मरीजों की स्थिति की पहचान एवं प्रबंधन' विषय पर बात करेंगे। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा के मुताबिक जनसमुदाय को चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। यह पहल भी उसी प्राथमिकता का हिस्सा है। उन्होंने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर उक्त कार्यक्रम का जिलों में प्रचार-प्रसार करने व जिले में कार्यरत समस्त मेडिकल-पैरामेडिकल स्टाफ की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



## लखनऊ विकास प्राधिकरण की कार्रवाई जारी

**निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिय थे**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण की कार्रवाई बुधवार को भी जारी रही। लविप्रा ने बुधवार को शहर के आशियाना, बिजनौर, सुशांत गोल्फ सिटी व नाका क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, छह मंजिला अपार्टमेण्ट, दुकानें व रो-हाउसेस भवन सहित कुल पांच अवैध निर्माण सील किये। लविप्रा प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मालती देवी पत्नी देवकी नंदन व अन्य की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के तहत मेदांता हॉस्पिटल के पास मुजफ्फरनगर घुसवल में लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल में कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं राधेश्याम ओझा व अन्य की ओर से मुख्य बिजनौर के पश्चिम क्षेत्र में लगभग 5000 वर्गफिट क्षेत्रफल में रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा मेसर्स विनय ज्वैलर्स व अन्य की ओर से आशियाना में बंगला बाजार रोड पर लगभग 1300 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर शोरूम/दुकानों का निर्माण कराया गया था। इसी तरह मेसर्स संकटा स्वीट्स एण्ड मदन समोसा व अन्य की ओर से बंगला बाजार रोड पर लगभग 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिय थे। बुधवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता ऋतुपाल ने अवैध निर्माणों की सीलिंग कराई। नाका में अवैध अपार्टमेंट सील प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि मोहम्मद शोएब व अन्य की ओर से नाका के आर्यनगर में भूखण्ड संख्या 95/44 पर लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल में छह मंजिला अपार्टमेण्ट का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिरकण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे, जिस पर बुधवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा व शिव कुंवर ने निर्माणाधीन अपार्टमेण्ट को सील कराया।




# रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में मंगलवार से रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 7007705774 और 9140427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** रोजेदार बच्ची के पेट में सख्त दर्द होने पर क्या पेन किलर इंजेक्शन लगवा सकती है?
**जवाब:** जी हां, लगवा सकती है, इससे रोजा नहीं टूटेगा।

**सवाल:** रोजे की हालत में अगर किसी के मुंह से खून आ जाए तो रोजे का क्या हुक्म है?
**जवाब:** अगर खून हलक के अंदर नहीं जाता है तो रोजे पर कोई असर नहीं होगा।

**सवाल:** रोजे की हालत में बनावटी दांत लगाए रहने से क्या रोजा मकरूह हो जाएगा?
**जवाब:** बनावटी दांत लगाने से रोजा मकरूह नहीं होता है।



**सवाल:** किसी ने रोजे की हालत में गैर शरई सफर किया और तेज धूप-लू से रोजा तोड़ दिया तो क्या हुक्म है?
**जवाब:** इस शख्स पर केवल कजा वाजिब होगी।

इसी तरह इदारए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा, हकीम व चिकित्सकों ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** पति बीमारी की वजह से रोजा नहीं रखते तो शरई हुक्म क्या है?
**जवाब:** हर रोजे के बदले गरीब को दो वक्त का खाना खिलाए या फिदया अदा करे और ठीक होने पर रोजे पूरे करे।

**सवाल:** क्या जकात के पैसों से परेशानहाल लोगों की मदद की जा सकती है?
**जवाब:** जी हां, जकात के पैसों से परेशानहाल और जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है।

**सवाल:** पुलिस की नौकरी की वजह से घर नहीं जा पा रहा तो रोजे के लिए क्या करूं?
**जवाब:** किसी वजह से रोजा रखना मुमकिन नहीं है तो फिदया दे सकते हैं बाद में कजा पूरा करें।

### आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 9839097407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**सवाल:** अगर कोई डाक्टर किसी मरीज को रोजा रखने से मना करे तो क्या हुक्म है?
**जवाब:** मरीज को प्रतिदिन के रोजे के बदले में एक मुद तआम देना होगा।

**सवाल:** जकात में गेहूं निकाला गया है तो क्या उसे मदरसे में दिया जा सकता है?
**जवाब:** जकात में निकाला गया अनाज मदरसे में दिया जा सकता है।

**सवाल:** किसी को बुखार हो और थर्मामीटर लगाए तो क्या रोजा रखना सही होगा?
**जवाब:** थर्मामीटर लगाने से रोजा नहीं टूटता है।

**सवाल:** क्या रमजान के महीने में पूरा कुरान खत्म करना जरूरी है?
**जवाब:** अगर रमजान में कुरान शुरू किया तो उसे रमजान में ही खत्म करना जरूरी नहीं है।

**सवाल:** तकलीद क्या है और इसका हुक्म क्या है?
**जवाब:** गैबते इमाम फरूए दीन में हर बालिग और आकिल (बुद्धिमान) व्यक्ति पर तकलीद अनिवार्य है।

# गाँव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**मतदान के महत्व को उजागर करने वाले नारे भी लगाए**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने कुलपति प्रो. एन.बी सिंह के मार्ग दर्शन में रहोड़ा पुरवा गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली गई ताकि युवाओं और गांव के लोगों चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस रैली में भाग लेने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अपने हाथों में बैनर ले रखे थे जिन पर लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और मतदान के महत्व और आवश्यकता पर संदेश लिखे हुए थे। इस रैली में मतदान के महत्व को उजागर करने वाले नारे भी लगाए और मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए सड़कों पर खड़े लोगों और दुकानदारों को पर्चे बांटे। इस रैली से पहले एनएसएस इकाई पांच के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप समन्वयक डॉ ज़फरुन नकी ने स्वयंसेवकों को शपथ दिलायी और उन्हें सामाजिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों से मुलाकात करके कोई भी मतदाता पीछे नहीं रहेगा के तहत मतदान और मतदाता सूची पंजीकरण और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के महत्व और उपयोगिता से अवगत कराया और उनसे यह भी बताया कि आपको अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस मतदाता जागरूकता रैली के अवसर पर निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) की नोडल अधिकारी एवं एनएसएस समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने एनएसएस स्वयंसेवकों एवं गांव के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम गांव के सभी मतदाताओं और युवाओं से अनुरोध है कि चुनावी प्रक्रिया में भाग लें, पंजीकरण करें और मतदान करें क्योंकि आपका मतदान लोकतांत्रिक परंपरा को बहुत मजबूत और स्थिर बनाता है। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी को मतदाता के रूप में पंजीकृत होना चाहिए। मतदाता को अपने मत का उपयोग करने का अधिकार है। उन्होंने विशेष रूप से गांव के अठारह वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि उन्हें अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए और इसके लिए उन्हें अपनी पहचान पत्र बनवाना होगा।




### नेहरू लियाकत समझौता पड़ोसी मुल्क के मुकर जाने से सफल नही हो सका था

**लखनऊ।** 1950 में हुआ नेहरू लियाकत समझौते का आधार भी वही था जो वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा लागू सीएए कानून का है। गैर मुल्कों में बसे धार्मिक अल्पसंख्यको के हितों की रक्षा करना। नेहरू लियाकत समझौता पड़ोसी मुल्क के मुकर जाने से सफल नही हो सका पर वर्तमान सरकार में वही कानून सफलता से लागू हो गया। इस कानून से देश के अल्पसंख्यको को रत्ती भर डरने या घबराने की जरूरत नही है। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने नेहरू लियाकत समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि 1950 के नेहरू-लियाकत समझौते की विफलता ने सौम्य और संकीर्ण रूप से तैयार किए गए कानून की शुरुआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका उद्देश्य हमारे पास में गैर-धर्मनिरपेक्ष देशों में अल्पसंख्यकों की रक्षा करना था।

# भाषा विश्वविद्यालय ने लाइव स्क्रीनिंग कार्यक्रम की मेजबानी की

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ ने छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच तकनीकी जागरूकता और सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत करते हुए एक महत्वपूर्ण लाइव स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भागीदारी हुई, जिसमें 100 छात्र और सभी संकाय सदस्य सक्रिय रूप से भारत की टेकेड पहल के संबंध में चर्चा और अंतर्दृष्टि में शामिल हुए। प्रौद्योगिकी और नवाचार में देश की प्रगति के अनुरूप, लाइव स्क्रीनिंग कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को India's Techade : Chips For Viksit Bharat विषय पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। भारत की सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई यह पहल तकनीकी आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। इस कार्यक्रम ने पीएम मोदी द्वारा उल्लिखित महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए एक खिड़की के रूप में कार्य किया, जिन्होंने सामूहिक रूप से लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उनके दूरदर्शी संबोधन में भारत के भविष्य को आकार देने में तकनीकी प्रगति के महत्व और नवाचार और प्रगति को आगे बढ़ाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

